सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,408 |
| निफ्टी | 25,112 |
| सोना | 98,691 |
| चांदी | 1,06,775 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज: बेन डकेट

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 23 जून 2025 | 9 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 175, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत के साथ चलने से पड़ोसियों को फायदा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हर पड़ोसी को समझना चाहिए कि भारत के साथ मिलकर चलने से फायदा और दूरी बनाने से नुकसान है। हालांकि, पाकिस्तान एक अपवाद है, वहां की सेना की सोच भारत विरोधी है और वह ही वहां देश चलाती है। डीडी इंडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में हर बार सब कुछ आसान नहीं मिलेगा। हालांकि, भारत ने ऐसा माहौल बनाया है जिसमें सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है ताकि सरकारें बदलें, फिर भी रिश्ते मजबूत रहें। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम में आतंकियों को पनाह देने वाले काबू

**एजेंसी, श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया ने 15 जुलाई तक घटाई उड़ानों की संख्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपनी नैरोबॉडी नेटवर्क में अस्थायी कटौती का ऐलान किया है, जो 15 जुलाई, 2025 तक लागू रहेगी। यह कदम एयरलाइन की ऑपरेशनल स्थिरता को बेहतर बनाने और यात्रियों को आखिरी समय की परेशानी से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस कटौती के तहत एयर इंडिया ने तीन मार्गों पर अपनी सेवाएं पूरी तरह अस्थायी रूप से रोक दी हैं, जबकि 19 अन्य मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम की गई है। इन बदलावों के बावजूद एयर इंडिया अपने नैरोबॉडी विमानों से प्रतिदिन लगभग 600 उड़ानों का संचालन जारी रखेगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सीआरपीएफ जवान की विधवा से 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी -पेज 2
- शिक्षा मंत्री ने 4.87 करोड़ से बनी कुड़ी मोहली सड़क की दी सौगात -पेज 6
- डैहन वासियों को आजादी के 78 वर्ष बाद मिल रही सड़क सुविधा -पेज 10
- पंजाब से जुड़े हैं सरसों तेल फर्जीवाड़े के तार -पेज 9
- शूलिनी मेला होगा राष्ट्र स्तरीय: डॉ. शांडिल -पेज 12

# प्रदेश पुलिस कर रही अतुलनीय कार्य : बाली

## धर्मशाला में दूसरे अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड में कैबिनेट रैंक मंत्री ने नवाजे 30 से ज्यादा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी



धर्मशाला कॉलेज में आयोजित अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025 से सम्मानित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मुख्यातिथि कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली के साथ। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह, अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, डायरेक्टर हिमांशु व्यास, सीईओ विशाल धीमान और संपादक समरजीत भी मौजूद रहे।

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** समाचार पत्र प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और ये लोगों को जागरूक करने और विश्वभर की जानकारी उन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। वहीं, प्रदेश की पुलिस हम सभी के लिए अतुलनीय काम कर रही है। ये उद्गार प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं बोर्ड के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित दूसरे अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025 के समारोह में बतौर मुख्यातिथि प्रकट किए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री विशेष अतिथि रहीं। पुलिस अधीक्षक सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बलवीर सिंह विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, डायरेक्टर हिमांशु व्यास, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, प्रधानाचार्य महाविद्यालय धर्मशाला राकेश पठानिया व अनंत ज्ञान की समस्त टीम भी मौजूद रही। मुख्यातिथि के साथ-साथ समारोह में शिरकत करने आए अन्य अतिथियों का भी अनंत ज्ञान प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और टोपी आदि देकर स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री रहीं विशेष अतिथि**

इस मौके पर आरएस बाली ने अपने संबोधन में अनंत ज्ञान की ओर से पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में जगह-जगह आयोजित किए जा रहे अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड कार्यक्रम के लिए अनंत ज्ञान के प्रबंधन खासकर एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ की सोच की प्रशंसा की। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम में विशेष सेवा वाले 30 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025 से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अपने निरंतर कार्य से हटकर इस तरह के कार्यक्रम सभी को प्रेरणा देते हैं।

आरएस बाली ने कहा कि पुलिस जवान रात को भी लोगों की सेवा में कार्यरत रहते हैं, जिस कारण हम सभी चैन की नींद सो पाते हैं। इनका यह कार्य हम सभी के लिए अतुलनीय है। पुलिस प्रशासन हम सभी के जीवन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करता रहता है, इसके लिए उसके कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

### सीमा पर सेना और देश के अंदर पुलिस जवान हमारे प्रहरी

**आरएस** बाली ने कहा कि देश की सीमाओं पर भारतीय सेना के जवान पहरा देते हैं, तब हम सुरक्षित हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन की टीम देश के अंदर हम सभी को सुरक्षित रखती है, तब हम घर पर चैन की नींद सो पाते हैं। इन पुलिस जवानों की सेवाओं की बदौलत ही देश के नागरिक कहीं भी बेखौफ होकर आ-जा सकते हैं और अपना काम कर सकते हैं। पुलिस के इन कर्मचारियों को मेरा सलाम।

### छत्तीसगढ़ के रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी चेतावनी

## बारिश में भी नक्सलियों को सोने नहीं देंगे

एजेंसी, रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) कैंपस का शिलान्यास किया। उन्होंने इसके अलावा हाईटेक फॉरेंसिक लैब का भी शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान शाह ने फिर नक्सलियों को कड़ी चेतावनी दी। शाह ने कहा कि अब बारिश में भी नक्सलियों को चैन की नींद नहीं सोने देंगे। चर्चा की कोई जरूरत नहीं है, नक्सली अपने हथियार डाल दें। इसके अलावा शाह ने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी को लेकर कहा कि यहां से ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट होने का मतलब नौकरी की गारंटी पक्की। (अनंत ज्ञान)



### पड़ोसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों से की मीटिंग

**गृहमंत्री** शाह नवा रायपुर स्थित होटल रिसॉर्ट में छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के डीजीपी और एडीजीपी रैंक के अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंधित उच्च स्तरीय बैठक की। इसके बाद शाम 6.30 से 8 बजे तक नक्सल ऑपरेशन पर विशेष समीक्षा बैठक की। बैठक में नक्सल ऑपरेशनों की वर्तमान स्थिति, अंतरराज्यीय समन्वय, खुफिया तंत्र की मजबूती और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर चर्चा की गई।

### नवीन पटनायक का मुंबई में हुआ ऑपरेशन



**एजेंसी, मुंबई।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष, पूर्व सीएम और ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक की मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में सफल सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने बताया कि वह अब ठीक हैं और सभी से बातचीत कर रहे हैं। उन्हें कुछ दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा। इसके बाद जल्द ही उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। 78 वर्षीय नवीन पटनायक पिछले कुछ समय से गर्दन में दर्द से परेशान थे और डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने 22 जून को सर्जरी करवाने का निर्णय लिया था। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से तबाह किए ईरान के एटमी ठिकाने

## फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर बरसाए बंकर बस्टर बम

एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान

अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से हमला किया। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। अमेरिका ने हमले के लिए अपने प्रमुख हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें बंकर बस्टर बम और टॉमहॉक मिसाइल समेत तमाम ताकतवर हथियार शामिल थे। वहीं, ईरान ने अमेरिका को करारा जवाब देने की धमकी दी है।

ट्रंप ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स को पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

अमेरिका के हमले की रूस, चीन और पाकिस्तान सहित कई देशों ने निंदा की है। इन देशों ने कहा कि ईरान को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। वहीं, इंग्लैंड ने इस हमले को क्षेत्रीय शांति के लिए जायज करार दिया है। (अनंत ज्ञान)



**ट्रंप ने चेताया- अगर अब भी शांति कायम नहीं की तो बुरा होगा अंजाम**

### मोदी ने की तनाव कम करने की अपील



**भारत** के प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत की है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने की अपील की है।

### ईरान ने इसराइल के 14 शहरों पर दागीं मिसाइलें

**एजेंसी, तेहरान।** अमेरिका के हमले से बौखलाए ईरान ने इसराइल पर कई मिसाइलें दागीं हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उन्होंने इसराइल पर सबसे बड़ा अटैक किया है और 14 शहरों को निशाना बनाया है। वहीं, टाइम्स ऑफ इसराइल के मुताबिक, हाइफा और तेल अवीव के मिलिट्री और रिहायशी ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। इससे 86 लोग घायल हुए हैं।

# सुक्खू सरकार में हिमाचल की बेटियां बनीं आत्मनिर्भर



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से प्रशंसा पत्र प्राप्त करती हुईं आत्मनिर्भर महिलाएं।

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल की बेटियां अब सिर्फ घर नहीं, प्रदेश भी संभाल रही हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार में अब तक

**26000 लाभार्थियों को दी 90 करोड़ की वित्तीय मदद**

26000 से ज्यादा लाभार्थियों को 90 करोड़ से भी ज्यादा की वित्तीय मदद मिली है। यह आंकड़ा सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि प्रदेश की आधी आबादी के लिए आत्मविश्वास और सपनों की नई उड़ान है।

प्रदेश में 2023 में लिंगानुपात 947 था, जो कि 2024 में बढ़कर 964 हो गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान और शगुन योजना के तहत 16,000 से ज्यादा बेटियों को शादी के लिए 57 करोड़ और 239 विधवाओं को पुनर्विवाह के लिए 2.91 करोड़ की मदद मिली है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए सम्मान और सुरक्षा का माहौल बना रही है।

### जमीन में बेटियों को बेटों के बराबर हिस्सा

**सबसे** बड़ी बात तो यह है कि हिमाचल सरकार ने 1972 के कानून में बदलाव कर बेटियों को अब बेटों के बराबर जमीन में हिस्सा दिया है। यह एक ऐसा फैसला है, जो महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाता है। इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के तहत बीपीएल परिवारों की दो बेटियों के लिए 25,000 का बीमा किया जा रहा है, साथ ही माता-पिता को 2-2 लाख का जीवन बीमा कवर भी मिल रहा है।

## प्रदेश के पांच जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए प्रदेश के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 23, 25 और 26 जून को प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना है, जबकि 22, 24 और 27 जून को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के पास जाने से बचें। भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें और मौसम के अपडेट पर नजर रखें।

**अपूरणीय क्षति** मंडी के डॉ. ललित कुमार मल्होत्रा ने विज्ञान के सबसे जटिल क्षेत्रों में लहराया भारत का परचम

# हिमाचल ने खोया 'थिन फिल्म' तकनीक को साधना बनाने वाला हीरा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** जब विज्ञान मानवीय संवेदना से जुड़ता है, तभी वह राष्ट्र निर्माण की असली धुरी बनता है। डॉ. ललित कुमार मल्होत्रा का जीवन इसी विचार का सजीव प्रमाण था। आज हमारे बीच नहीं रहे डॉ. ललित कुमार मल्होत्रा ने एक सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर विज्ञान के सबसे जटिल क्षेत्रों में अपने देश का परचम लहराया। आईआईटी दिल्ली की थिन फिल्म प्रयोगशाला में डॉ. मल्होत्रा ने थिन फिल्म तकनीक पर जीवनपर्यंत शोध किया।

थिन फिल्म तकनीक का उपयोग आज मोबाइल फोन, सौर पैनल, चश्मे, स्वास्थ्य उपकरणों तथा आंकड़ा भंडारण उपकरणों तक में होता है। इस तकनीक के सामाजिक और औद्योगिक उपयोग को भारत में स्थापित करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। डॉ. ललित कुमार मल्होत्रा की प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल मंडी के प्रतिष्ठित बीजे हाई स्कूल में हुई थी।

उनके स्कूल के समय के मित्र बीपी मल्होत्रा, संतोष कपूर, वीरेंद्र नारायण, डॉ. विजय बहल, डॉ. पीसी कपूर जीवन भर उनसे जुड़े रहे और उनके साथ सतत संवाद में रहे।

### अनंत ज्ञान की होस्ट एंकर सीरीज में बताए थे अपने अनुभव




**डॉ.** मल्होत्रा ने अनंत ज्ञान की होस्ट एंकर सीरीज के स्पेशल एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में बहुत सारे शोधों को दर्शकों के सामने लाया था, जिनसे आज हर व्यक्ति अपने जीवन को सुगम बना रहा है। उनका संपूर्ण जीवन विज्ञान, समाज और साधना का संगम रहा, लेकिन आश्चर्य की बात है कि इस महान व्यक्तित्व को मंडी में भुला दिया गया है।

### प्रमुख शोध और प्रोजेक्ट्स

**डॉ.** ललित के शोधों में अमॉर्फस सिलिकॉन सौर सेल प्रोजेक्ट वर्ष 1983-1990 में, घर्षण-प्रतिरोधी सतही परतें वर्ष 1986-1992 में, चैल्कोजेनाइड कांच में प्रकाश प्रेरित प्रभाव वर्ष 1984-1988 में, सूक्ष्म-नक्काशी सामग्री वर्ष 1981-1985 में, अर्धचालकों का परिशुद्ध मापन वर्ष 1986-1991 में प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं ने सौर ऊर्जा, स्मार्ट यंत्रों, और नैनोविज्ञान में भारत की पकड़ को विश्व स्तर पर मजबूत किया।

### सम्मान और उपलब्धियां

**डॉ.** ललित मल्होत्रा को वर्ष 1995 में वस्तु एवं सामग्री अनुसंधान संस्था (एमआरएसआई) द्वारा पदक, वर्ष 2011 में हरि ओम आश्रम प्रेरित पुरस्कार और आईआईटी दिल्ली स्वर्ण जयंती सेवा सम्मान प्रदान किया गया है। वह केवल एक वैज्ञानिक नहीं थे, बल्कि विज्ञान, विचार और समाज के बीच सेतु थे। उनका योगदान न केवल प्रयोगशालाओं में जीवित रहेगा, बल्कि उन युवाओं की सोच में भी जो भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाना चाहते हैं।

### डॉ. ललित के निधन से शोक में डूबा मंडी

**डॉ.** मल्होत्रा के निधन पर मंडी शोक में डूबा है। उनके मित्रों और साथियों ने इसे 'मंडी ने एक हीरा खो दिया' बताया। डॉ. हरवंश कपूर ने उन्हें 'ज्ञान और विनम्रता की जीवंत प्रतिमूर्ति' कहा। नरेश मल्होत्रा संयोजक इंटेक मंडी चैप्टर ने कहा, 'उनका जीवन मंडी के युवाओं के लिए उदाहरण है।' अनिल शर्मा अध्यक्ष, ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन बीजे हाई स्कूल ने उन्हें विद्यालय को गौरवान्वित करने वाला व्यक्तित्व बताया। विनोद बहल मंडीपीडिया ने उन्हें मंडी की वैज्ञानिक विरासत का रक्षक बताया। हरीश शर्मा मुख्य महाप्रबंधक एसजेवीएनएल और समाजसेवी कमलकांत शर्मा ने उन्हें एक सच्चे विचारशील पथप्रदर्शक के रूप में याद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर बनाया संबंध, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** थाना बड़सर में एक युवती की शिकायत पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का मामला दर्ज किया गया है। युवती ने शिकायत में बताया है कि बडसर क्षेत्र के एक युवक ने उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए तथा अब वह शादी करने से इन्कार कर रहा है। थाना बड़सर में पंजीकृत इस अभियोग में सभी पहलुओं के आधार पर आगामी अन्वेषण जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालमण शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### किडनी ट्रांसप्लांट के लिए दी एक लाख की सहायता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल नादौन के गांव वमनेहर डाकखाना बलडूहक के निवासी अजय कुमार की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं। अजय कुमार ने किडनी की बीमारी का इलाज भी करवाया, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। अजय कुमार की माता ने अपने बेटे को किडनी देने का फैसला लिया और एक किडनी ट्रांसप्लांट करवा दी, लेकिन यह ऑपरेशन सफल नहीं रहा है। इसलिए अब अजय की पत्नी रंजना ठाकुर ने एक किडनी देने का फैसला लिया है। इनका किडनी ट्रांसप्लांट किडनी अस्पताल एंड लाइफ लाइन मेडिकल इंस्टीट्यूट जालंधर में किया जाना है। किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 8 लाख रुपए का खर्च आएगा। अजय कुमार गरीब परिवार के चलते इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थ है। अजय कुमार ने सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। सीनियर सिटीजन काउंसिल ने अजय कुमार की हालत को देखते हुए एक लाख रुपए देने का निर्णय लिया। सीनियर काउंसिल के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने एक लाख रुपए का चेक अजय कुमार को दिया है। अजय कुमार ने संस्था के पदाधिकारियों का आर्थिक मदद करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# बंद हुए वोल्वो बसों के रूट

## एसी खराब होना बनी वजह, नई बसों के आने के बाद ही अब मिलेगी सुविधा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों की हालत किसी से छिपी नहीं है। रूट पर जाते समय या फिर आते समय रास्ते में कई बार बसें खराब हो चुकी हैं। इससे बस में सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के वोल्वो के कई रूट बंद पड़े हुए हैं। प्रदेश सरकार ने इन बसों को फिर से चलाने के लिए नई बसें खरीदी हैं।

कुछ दिनों में जिन रूटों पर वोल्वो बसें बंद है, उनमें दोबारा से इन रूटों पर वोल्वो बसें दौड़ना शुरू हो जाएंगी। प्रदेश सरकार द्वारा जिन वोल्वो बसों के रूट बंद हैं, उन्हें फिर से चलाने के लिए नई बसें ली गई हैं। यह वोल्वो बसें कुछ दिनों में पहुंच जाएंगी। उसके बाद इन बसों को अलाट किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में वोल्वो बसों के एसी खराब होने की वजह से कई रूट बंद कर दिए हैं। वोल्वो बसों के एसी को ठीक करवाने की भी काफी कोशिश की गई, लेकिन फिर भी यह बसें ठीक नहीं हुई। यदि इन बसों के एसी ठीक हो भी जाते थे, लेकिन कुछ दिन बाद यह फिर से खराब हो जाते थे, इसलिए, खराब वोल्वो बसों के रूटों को बंद करना पड़ा।



बसों के एसी ठीक होने के बाद में एक-दो दिन में फिर हो जाते हैं खराब।

बताया जा रहा है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की 16 नई वोल्वो बसें एक-दो दिन में पहुंच जाएंगी। उसके बाद इन बसों को अलाट किया जाएगा, जिससे दोबारा वोल्वो बसों के रूट शुरू किए जाएंगे।

**इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार :** प्रदेश के अधिकतर बस डिपुओं में इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं, लेकिन अभी तक बसें न होने के कारण इसका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बसें आने से चार्जिंग स्टेशनों का काम भी शुरू हो जाएगा।

फिलहाल इलेक्ट्रिक बसों खरीदने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन यह बसें कब आएंगी, इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। गौर रहे कि एचआरटीसी की जिन बसों की हालत खराब हो चुकी है, उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय प्रदेश सरकार ने लिया है, इसलिए आने वाले दिनों में प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसें चलना शुरू हो जाएंगी। हालांकि प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन लगभग एक डेढ़ साल पहले बनकर तैयार हो चुके हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक बसें न होने के कारण यह अभी किसी काम नहीं आ रहे हैं।

### एक-दो दिन में मिलेंगी नई एसी बसें

इस बारे में उपमंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक ने बताया कि नई वोल्वो बसें रास्ते में ही हैं। उन्होंने बताया कि एक-दो दिन में ये बसें पहुंच जाएंगी। उन्होंने बताया कि निगम प्रबंधन ही इन बसों की अलॉटमेंट करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने में लगी है। जब बसें आ जाएंगी तो इन्हें पुरानी हो चुकी बसों के स्थान पर चलाया जाएगा।

## सुक्खू सरकार धार्मिक स्थलों के संवर्धन को लेकर संजीदा : राजीव



बाबा बालक नाथ धाम में धार्मिक कार्यक्रम में राजीव राणा का भव्य स्वागत किया गया।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** धर्म, आस्था और भक्ति के त्रिवेणी संगम का दृश्य बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में देखने को मिला। जेबीडी शाम बाडी कमेटी, जालंधर द्वारा आयोजित भव्य भक्ति संध्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की नींव रखने वाले स्व. ओंकार नाथ मेहता को इस दौरान श्रद्धांजलि दी गई। उनकी स्मृति में यह आयोजन हर वर्ष जालंधर धर्मशाला दियोट सिद्ध मे किया जाता है, जिसे अब मनोज मेहता ने पूरी श्रद्धा और समर्पण से संभाल रखा है।

मुख्य अतिथि प्रदेश चेयरमैन असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) राजीव राणा, जिनका स्वागत ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और पारंपरिक विधि से किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा बालक नाथ सिर्फ एक नाम नहीं, आस्था का वह स्तंभ हैं, जो हर टूटे दिल को सहारा देता है। कार्यक्रम में सचिन चोपड़ा, चेतन मेहता, मुदित शर्मा, अंकुश, चंद्र, नीरज, रवि, अभी सहित कई कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### राणा ने हमीरपुर वासियों की खुशहाली की मन्नत मांगी

चेयरमैन राजीव राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार की ओर से मंदिर के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं में मंदिर परिसर में विशाल यात्री निवास, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल सुविधा, मेडिकल कैंप, सुरक्षा बलों की तैनाती, बाबा बालक नाथ मंदिर को धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल करने प्रक्रिया को भी तेज किया गया। राजीव राणा ने सरकार द्वारा मंदिर में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि सुक्खू सरकार धार्मिक स्थलों के संवर्धन को लेकर संजीदा है।

## बंद पड़े स्कूल से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हमीरपुर जिले के समीरपुर पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मतलाना में अवैध शराब के भंडारण की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। यह सूचना आबकारी विभाग हमीरपुर के सहायक आयुक्त अपूर्व चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बंद पड़ी पाठशाला (जो अगस्त 2024 से निष्क्रिय है) में अवैध शराब के स्टॉक की आशंका है।

मौके पर पहुंची आबकारी टीम ने पंचायत उपप्रधान से चाबी लेकर विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालयों के दरवाजे बाहर से बंद पाए गए तथा रोशनदान से झांकने पर बीच वाले शौचालय में शराब की पेटियों जैसी वस्तुएं देखी गईं, तत्पश्चात मौके पर पुलिस चौकी अवाहदेवी की टीम को बुलाया गया। इस दौरान अंग्रेजी शराब की 49 बोतलें गोल्फर शॉट व्हिस्की 20 बोतलें, ऑल सीजन व्हिस्की 13 बोतलें तथा काउंटर व्हिस्की 16 बरामद की गई हैं। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2005 की धारा 39(1)(।) के अंतर्गत अवैध शराब का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बस्सी-तताहर सड़क में गड्ढों ने बढ़ाई दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से तताहर तक निर्माणाधीन सड़क आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। भरेड़ी चौक, चंदरुहि, सासन और आसपास के कई स्थानों पर सड़क की हालत बदतर हो गई है। एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खुदाई के बाद उसे इस हालत में छोड़ दिया गया है। हल्की बारिश होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है और सड़क तालाब का रूप ले लेती है। इससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांववासियों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग, बुजुर्ग और मरीज आते-जाते हैं। सड़क की हालत इतनी खराब है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई स्थानों पर गड्ढों में गिरकर दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं।



एक साल से अधूरा पड़ा है एफडीआर तकनीक से बनने वाला मार्ग।

**भरेड़ी चौक, चंदरुहि सहित कई जगहों पर जलभराव**

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और बरसात से पहले गड्ढों को अस्थायी रूप से भरा जाए ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लग सके।

### अधिकारियों ने दिया मार्ग सुधारने का आश्वासन

भरेड़ी सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य एफडीआर तकनीक से किया जा रहा है और जिन स्थानों पर सड़क धंस गई है, उन्हें चिन्हित कर ऊंचा किया जाएगा, साथ ही नाली और फुटपाथ की मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि पेयजल पाइपों को और अधिक गहराई में दबाया जाएगा ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

## सीआरपीएफ जवान की विधवा से 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**ननद ने फर्जी दस्तावेजों और जाली हस्ताक्षरों से किया फर्जीवाड़ा**

उपमंडल भोरंज के भोरंज थाना अंतर्गत एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिवंगत जवान की विधवा पूनम से उनकी ननद द्वारा फर्जीवाड़ा कर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पूनम, निवासी गांव लठवांण, डाकखाना लदरौर, तहसील भोरंज ने भोरंज थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनके पति अजय कुमार, जो कि सीआरपीएफ में कार्यरत थे, उनका निधन वर्ष 2023 में हो गया था।

पति की अंतिम सैलरी और अन्य लाभों के रूप में 15,00,000 रुपए की राशि उनके बैंक खाते में जमा हुई थी। पूनम ने बताया कि उनकी ननद ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और जाली हस्ताक्षरों का प्रयोग करते हुए उनके बैंक खाते से जुड़ा रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलवा लिया। इसके बाद नेट बैंकिंग के माध्यम से खाते से संपूर्ण राशि निकाल ली गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 420, 465, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपों की पुष्टि के लिए डिजिटल साक्ष्य एवं बैंक रिकॉर्ड की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शवपुरी धाम समताना में साधना शिविर का किया जा रहा आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोटा।** शिवपुरी धाम समताना में दो दिवसीय साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है । यह शिविर 22 जून से 23 जून तक चलेगा। इस शिविर में 51 साधक भगवान शिव व माता चामुंडा की साधना करेंगे। इस साधना शिविर में जाप, सामूहिक हवन, योगाभ्यास व अध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस आध्यात्मिक साधना शिविर का संचालन शिवपुरी धाम समताना के आध्यात्मिक गुरु एवं मुख्य संरक्षक शेखर सुमन कर रहे हैं ।

## जमलीधाम गोशाला में 28 जून को लगेगा स्वदेशी मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमलीधाम की मासिक बैठक प्रधान रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वदेशी मेला 28 जून को आयोजित किया जाएगा। इस मेले में स्थानीय महिलों द्वारा स्वदेशी गीत संगीत, कुर्सी रेस, बोरी रेस, मटका फोड़ो प्रतियोगिता, महिला मंडलों के उत्पाद आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 25 महिला मंडलों को आमंत्रित किया गया है। इस दिन सभी स्थानीय गांववासी अपनी नई फसल को ओरूए के रूप में कुल देवी को चढ़ाते हैं।

## हेमराज मेमोरियल ओपन बास्केटबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हेमराज मेमोरियल बास्केटबाल एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय नेशनल ओपन बास्केटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी भाजपा नेता विजय बहल ने किया, उनके साथ बीएसएफ में कार्यरत डीएसपी सुरजीत सिंह भी शामिल रहे। इस टूर्नामेंट में हिमाचल पंजाब आर्मी व विभिन्न अकादमी की 20 टीमें भाग ले रही हैं। बता दें कि 25 साल पहले मशहूर खिलाड़ी स्वर्गीय हेमराज जो कि बास्केटबाल के महान खिलाड़ी रहे, की स्मृति में इस प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ था और पहली बार इतनी ज्यादा टीमें इसमें भाग ले रही है।

आज प्री क्वार्टर फाइनल में बंगा कलां ने सिरसा को 53-49, अमृतसर ने सीनियर टीम टौणी देवी को 43-21, डेरा पारोल ने 7 मैक को 78-70 और संधोट ने 17 डोगरा को 76-62 से हराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बहल ने कहा कि टौणी देवी स्कूल बास्केटबॉल कि नर्सरी कही जाती है क्योंकि इस स्कूल से निकले खिलाडियों ने राष्ट्रीय स्तर तक नाम कमाया है।



प्रतियोगिता में 20 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

**भाजपा नेता विजय बहल ने किया शुभारंभ**

उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों को अपने जीवन में अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी खेल हो वो हमें अनुशासन सिखाता है और अनुशासित युवा ही जीवन में सफल हो सकता है। उन्होंने बास्केटबॉल के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी अपनी तरफ से सहयोग राशि भी प्रदान की।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल बलबीर सिंह, कृष्ण चंद, संजीव चौहान, एसडी शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेंदर कुमार, प्रीतम चंद, रविंदर ठाकुर, हंसराज, सुरेश कुमार, जगदीश चंद, भूप चंद आदि उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में कड़े प्रबंधों के बीच आयोजित हुई जोओए परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**सभी 11 परीक्षा केंद्रों में किए थे पर्याप्त प्रबंध : गर्ग**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की जेओए (आईटी) की लिखित परीक्षा रविवार को हमीरपुर के सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर कड़े प्रबंधों के साथ सुचारु ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा के जिला समन्वयक एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि हमीरपुर जिले में इस परीक्षा के 3300 उम्मीदवारों के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय डिग्री कॉलेज हमीरपुर, शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मैमोरियल ब्वॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल हमीरपुर, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर, बहुतकनीकी कालेज बड़ू, न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर, द मैगनेट पब्लिक स्कूल घनाल खुर्द, सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापनगर, डीएवी पब्लिक स्कूल सलासी और हमीरपुर पब्लिक स्कूल रामनगर में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

अभिषेक गर्ग ने बताया कि यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पूरी जांच के बाद ही सभी उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उम्मीदवारों की सुविधा हेतु दूर के परीक्षा केंद्रों के लिए विशेष बसों का प्रावधान भी किया गया।

परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण के लिए जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सांख्यान, तहसीलदार हमीरपुर सुभाष कुमार और नायब तहसीलदार हमीरपुर जगदीश चंद को निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया था। अभिषेक गर्ग ने बताया कि हमीरपुर में कुल 3300 उम्मीदवारों को विभिन्न परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे। इनमें से सुबह के सत्र में पेपर-1 के लिए लगभग 1373 उम्मीदवार ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि शाम के सत्र में लगभग 1360 उम्मीदवारों ने पेपर-2 दिया।

## पत्थरों को टकराने से मनचाही मन्नत होती है पूरी

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** चौहान वंश की कुल देवी मां टौणी देवी के मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी आषाढ़ मास के 10 प्रविष्टे 24 जून को मेले का आयोजन किया जाएगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार कहा जाता है कि आज से लगभग 350 वर्ष पूर्व जब दिल्ली पर मुगलों का अधिपत्य हो गया तो उन्होंने राजपूतों की मां-बहनों पर अत्याचार व व्यविचार करना प्रारंभ कर दिया और राजपूतों को जनेउ उतार कर धर्म परिवर्तन करवाने लगे तो चौहान वंश के बारह भाइयों ने अपने स्वाभिमान के लिए राजस्थान से प्लायन कर इस पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र मे शरण ली थी ताकि अपने धर्म व परिजनों की रक्षा कर सकें।

उनके साथ उनकी बहन जिसे सुनाई नहीं देता था, भी साथ आई थी। परिवार के मुखिया ने बाकर कुनाह व पुंग खड्ड के केंद्र पर भवन की योजना बनाई, मगर जिस स्थान पर आधारशिला रखी गई, वहां पर खून की धारा निकलने पर सब अचंभित हो गए, जिस पर कुल पुरोहित से मशवारा लिया गया और उन्होंने इसके लिए घर की कुवारीं कन्या को दोषी बताया।



चौहान वंश की कुलदेवी मां टौणी देवी।

**माता टौणी देवी में कल लगेगा मेला**

घर की महिलाओं ने माता टौणी देवी पर आरोप लगाए, जिस पर क्षुब्ध माता ने इस स्थान पर घोर तपस्या की और आषाढ़ मास के 10 प्रविष्टे को अंतर्ध्यान हो गई। उसी की याद में उसके भाइयों ने यहां छोटे से मंदिर की स्थापना की जो कि आज भव्य रूप धारण कर चुका है। माता की याद में यहां हर वर्ष मेले का आयोजन होता है। माता टौणी देवी को सुनाई नहीं देता था, इसलिए जब भी कोई मन्नत मांगता है तो मंदिर में रखे पत्थरों को आपस में टकराता है और उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

माता के दरबार में पंजाब , हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों से भी चौहान वंश के लोग दर्शन करने आते है। मंदिर कमेटी ने अपने प्रयासों से राजस्थानी शैली में गुम्बद का निर्माण करवाया है जो इसकी शोभा में चार चांद लगाते हैं।

### मंदिर कमेटी प्रधान के बोल

मंदिर कमेटी के प्रधान सरवन चौहान ने बताया कि मेले के दौरान पेयजल, बिजली, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए प्रशासन को कहा गया है। उन्होंने बताया कि एनएच निर्माण में मंदिर के लिए जाने वाला रास्ता टूट गया है जिसे मंदिर कमेटी को खुद बनाना पड़ रहा है।

## विधायक ने मेधावी किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र भोरंज के सरकारी स्कूलों के मेधावियों को दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विधायक सुरेश कुमार ने सम्मानित किया।

## भोरंज में आईटी फैकल्टी के साक्षात्कार 26 जून को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (एसआईवीटी) घुमारवीं में सीनियर आईटी फैकल्टी और जूनियर आईटी फैकल्टी के 2-2 पदों तथा टैली फैकल्टी के एक पद को भरने के लिए 26 जून को सुबह साढ़े 10 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी एमसीए, एमएससी-आईटी, एमएससी-सीएस, बीसीए, बीएससी-आईटी, पीजीडीसीए और बीकॉम विद टैली में से कोई भी डिग्री या डिप्लोमा धारक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 32 वर्ष के बीच हो। चयनित उम्मीदवार को 13,500 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

**सहायता** गरीब सुमना पर विपदा पड़ी तो कामगार कल्याण बोर्ड ने दिया सहारा

# पति की मृत्यु पर मिली 2.20 लाख की मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एक तो गरीबी और ऊपर से पति की असामयिक मृत्यु और उस पर तीन-तीन बच्चों एवं वृद्ध सास-ससुर की देखभाल की जिम्मेदारी। किसी महिला पर इस तरह की विपदा आन पड़े तो ऐसे में, वह उस विपदा से कैसे निपटे, वह किससे मदद मांगे, लेकिन किसी श्रमिक परिवार की कोई भी महिला या अन्य श्रमिक ऐसी विपरीत परिस्थितियों से घिर जाए और वह हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हो तो उसे बोर्ड की ओर से काफी मदद मिल सकती है। कुछ ऐसी ही परिस्थितियों से घिरी हमीरपुर जिले के भरेड़ी क्षेत्र के गांव घुरालड़ा की सुमना देवी को कामगार कल्याण बोर्ड ने बहुत बड़ा सहारा प्रदान किया है।



बोर्ड की अगर कल्याणकारी योजनाएं न होतीं तो आज शायद सुमना देवी, उसके बच्चों और सास-ससुर को न जाने कितनी मुसीबतें झेलनी पड़तीं। सुमना देवी और उसके पति प्रवीण कुमार दिहाड़ी-मजदूरी और खेतीबाड़ी करके अपनी गुजर-बसर कर रहे थे।



गरीब सुमना का खराब होता मकान, जिसका ज्यादा समय तक उपयोग नहीं हो सकता है।

**मकान बनाने और बच्चों की पढ़ाई के लिए भी मदद के लिए किया आवेदन**

इन्होंने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में भी अपना पंजीकरण करवा रखा था। कुछ वर्ष पूर्व प्रवीण कुमार को बीमारी ने घेर लिया और लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। इससे सुमना देवी, उसके तीन बच्चों और वृद्ध सास-ससुर पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। बच्चों की पढ़ाई तो दूर, परिवार के दैनिक खर्चे चलाना भी मुश्किल हो गया। पूरी तरह से आस छोड़ चुकी सुमना देवी के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाएं बहुत बड़ी उम्मीदें लेकर आईं।

सुमना देवी और उनके पति बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक थे। इसलिए, वे इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र थे। पति की असामयिक मृत्यु पर सुमना देवी को बोर्ड ने 2.20 लाख रुपए की आर्थिक मदद जारी की। इससे पूरे परिवार को बहुत बड़ा सहारा मिला। अब बीएससी नर्सिंग का कोर्स कर रही बड़ी बेटी, ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ रहे बेटे और छोटी बेटी की फीस के लिए भी सुमना देवी ने बोर्ड में आवेदन कर दिया है। इससे सुमना देवी को घर-परिवार को चलाने के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई की चिंता करने की आवश्यकता भी नहीं है। यही नहीं, अब उसने जर्जर हो चुके अपने पुराने मकान की जगह नया मकान बनाने के लिए भी कामगार कल्याण बोर्ड से 3 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है।

भविष्य में बच्चों की शादी के लिए भी उसे बोर्ड की ओर से आर्थिक मदद मिल सकती है। इस प्रकार, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की 14 कल्याणकारी योजनाएं सुमना देवी जैसी गरीब श्रमिकों के परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

## लदरौर स्कूल के दो छात्रों ने पेंचक सिलाट खेल में जीता स्वर्ण

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर के दो बच्चों ने पेंचक सिलोट जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की है। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर इन दोनों बच्चों का प्रदेश प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है।



ट्रॉफी के साथ स्कूल के विद्यार्थी।

बिलासपुर किसान भवन में ब्रिज मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा पेंचक सिलाट की प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें आदित्य और आयुष ने भाग लिया जिसमें अनेक श्रेणी जैसे टिन प्रीटीन, जूनियर, सब जूनियर तथा सीनियर कैटेगरी थी जिसमें आदित्य का वजन 69 तथा आयुष का वजन 57 किलो था। इन दोनों बच्चों ने जूनियर कैटेगरी में खेला तथा यह दोनों छात्र कक्षा बारहवीं के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर से हैं। इन दोनों बच्चों ने छठी जिला पेंचक सिलाट में स्वर्ण पद हासिल किया। इन दोनों बच्चों का चयन स्टेट के लिए हो गया है।

यह हमारे जिले के लिए गर्व की बात है। इन दोनों बच्चों ने अपने जिले, स्कूल तथा गांव का नाम रोशन किया है।

# कर्तव्यनिष्ठ जांबाजों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिला अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड












राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित दूसरे अनंत पुलिस अवार्ड-2025 के सफल आयोजन के बाद मुख्यातिथि कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली के साथ ग्रुप फोटो में अनंत ज्ञान का प्रबंधन एवं टीम के अन्य सदस्य।


















# रक्तदान करने से शरीर को नुकसान नहीं फायदा

*रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जोकि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में जाने वाले सात लोगों में लगभग एक व्यक्ति को खून की जरूरत होती है, कई बार खून की कमी से लोगों की जान तक चली जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि भारत ही नहीं अमेरिका जैसे विकसित देश में भी रक्तदान की एक बड़ी समस्या है। हमारे देश की आबादी के केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य है, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। ब्लड प्रकृति द्वारा हमें दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। काफी कम लोग यह बात जानते हैं कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि यह हमें कई तरह से फायदा पहुंचाता है। आइए जानते हैं कि अगर हम ब्लड डोनेट करते हैं तो हमें क्या-क्या लाभ मिलते हैं।*




## देश में हर वर्ष 5 करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत पर उपलब्धता आधी ही

### 5 करोड़ यूनिट रक्त की देश में हर वर्ष जरूरत

**मेडिकल** साइंस के मुताबिक हमारे शरीर के वजन का लगभग 7 हिस्सा खून होता है। भारत में हर साल लगभग 5 करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत होती है, लेकिन इसकी उपलब्धता सिर्फ आधी है। हर साल कैंसर, सिकल सेल और सड़क हादसे के मामलों में करीब 3 करोड़ ब्लड कंपोनेंट्स मरीजों को चढ़ाए जाते हैं। रक्तदान के लिए पुरुष हर 3 महीने (12 हफ्ते) में और महिलाएं हर 4 महीने (16 हफ्ते) में पात्र होती हैं। हालांकि जिन लोगों का बॉडी मास इंडेक्स 18.5 से कम है, वे रक्तदान नहीं कर सकते। ब्लड डोनेशन के बाद खून को रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स जैसे 3 भागों में बांटा जाता है। यानी एक बार डोनेट हुआ ब्लड 3 जिंदगियां बचा सकता है। एक आदर्श परिस्थितियों में रक्तदान से हार्ट अटैक का खतरा 88 तक कम होता है। कार्डियोवस्कुलर बीमारियां होने की संभावना भी 33 कम होती है। एक बार रक्तदान से शरीर से 225-250 एमजी आयरन निकलता है। इससे ज्यादा आयरन की वजह से होने वाले हृदय रोग का खतरा कम होता है।

### रक्तदान महादान

**डॉ. गुप्ता** के मुताबिक अक्सर लोग रक्तदान करने से डरते हैं, लेकिन अगर आप रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। दुर्घटना या सर्जरी जैसे स्थिति में व्यक्ति की जान बचाने के लिए ब्लड की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों को ब्लड डोनेट करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 'वर्ल्ड ब्लड डोनेट डे' मनाया जाता है। हालांकि ब्लड डोनेशन को लेकर आज भी लोगों के मन कई तरह के भ्रम होते हैं। ऐसे में आज हम आपको ब्लड डोनेशन से होने वाले कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे, जिन सुन आप भी चौंक जाएंगे।

**हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाता है**

**नियमित** रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। रक्तदान करने से आपके रक्त की चिपचिपाहट कम हो जाती है, जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है।

**कैंसर का खतरा कम करें**

**शरीर** में आयरन का उच्च स्तर कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। जब आप रक्तदान करते हैं, तो यह हेल्दी आयरन लेवल को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे कैंसर के विकास का खतरा कम हो जाता है। बार-बार रक्तदान करने से कुछ प्रकार के कैंसर जैसे कि लीवर, पेट, फेफड़े, कोलन और गले के कैंसर का खतरा कम हो जाता है।

**नई ब्लड सेल्स को बनाने में बढ़ावा देता है**

**जब** आप रक्तदान करते हैं, तो आपका शरीर खून की कमी को पूरा करने के लिए काम करता है। यह प्रक्रिया नई रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करती है, जिससे आपकी ब्लड सेल्स स्वस्थ और क्रियाशील रहती हैं। यह पुनर्जनन आपके शरीर की नई कोशिकाओं का उत्पादन करने की क्षमता को बढ़ा सकता है, जिससे आपके शरीर की आवश्यक कार्यों को कुशलतापूर्वक करने की क्षमता बनी रहती है।


डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

**निःशुल्क स्वास्थ्य जांच**

**रक्तदान** करने से पहले डोनर को एक स्वास्थ्य जांच से गुजरना पड़ता है जिसमें आपकी पल्स, ब्लड प्रेशर, शरीर का तापमान और हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच शामिल होती है। ऐसे में ये आपको आपके शरीर की स्थिति के बारे सही जानकारी दे सकता है, जिससे आपको अगर को परेशानी है तो आप समय से इसका इलाज कर सकते हैं।

**वजन घटाने में मदद**

**रक्तदान** वजन घटाने और फिटनेस को इंप्रूव कर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एक पिंट यानी 450 मिलीलीटर रक्त दान करने से आपके शरीर से लगभग 650 कैलोरी बर्न होती है। हालांकि सिर्फ वजन घटाने के चक्कर में ऐसा न करें। इसके लिए नियमित व्यायाम करें और अपने दैनिक आहार में पौष्टिक आहार शामिल करें ला बने प्लेन से जिंदा निकलकर आ गए।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।

*तेजपत्ता, जिसे संस्कृत में तमालपत्र कहा जाता है, भारतीय रसोई में एक महत्वपूर्ण मसाले के रूप में जाना जाता है। इसका उपयोग न केवल भोजन में स्वाद और सुगंध बढ़ाने के लिए होता है, बल्कि यह एक प्रभावशाली औषधीय पौधा भी है। आयुर्वेद में तेजपत्ते का उपयोग प्राचीन काल से विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता रहा है। इसकी तासीर गर्म मानी जाती है और यह वात व कफ दोष को संतुलित करने में सहायक होता है।*

# तेजपत्ता : आयुर्वेदिक उपयोग व प्रभाव





डॉ. रंजना कपूर
जोगिंद्रनगर, मंडी।


**तेजपत्ते** में एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, तेजपत्ता पाचन शक्ति को बढ़ाता है और गैस, अफारा, अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में लाभकारी होता है। इसके सेवन से भूख बढ़ती है और लीवर की कार्यक्षमता सुधरती है।

सर्दियों में तेजपत्ते की चाय या काढ़ा सर्दी-जुकाम, खांसी और बलगम को दूर करने में मदद करता है। तेजपत्ता रक्तचाप को नियंत्रित करने और ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखने में भी उपयोगी माना गया है। इसके पत्तों से बना तेल जोड़ों के दर्द और सूजन में मालिश करने पर राहत देता है।

त्वचा रोगों में भी तेजपत्ता उपयोगी होता है। इसके पत्तों को पीसकर लेप करने से फोड़े-फुंसियों, एलर्जी और खुजली जैसी समस्याओं में लाभ मिलता है। इसके अलावा तेजपत्ते का धुआं कीटाणुनाशक के रूप में काम करता है और वातावरण को शुद्ध करता है।

हालाँकि, तेजपत्ते का उपयोग सीमित मात्रा में करना चाहिए, क्योंकि अधिक मात्रा में इसका सेवन पेट की जलन या एलर्जी का कारण बन सकता है। गर्भवती महिलाओं को तेजपत्ते का सेवन करने से पहले चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।इस प्रकार तेजपत्ता न केवल भोजन में स्वाद बढ़ाने वाला एक मसाला है, बल्कि यह आयुर्वेद में औषधीय गुणों से भरपूर एक शक्तिशाली वनस्पति भी है। यदि इसे सही मात्रा और विधि से प्रयोग में लाया जाए, तो यह अनेक रोगों में प्राकृतिक उपचार के रूप में लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

**पीसीओएस एक ऐसी स्थिति है जो हार्मोनल असंतुलन होता है, है, जिसमें रक्त में टेस्टोस्टेरोन और इंसुलिन के बड़े हुए स्तर और एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता शामिल है। इसमें अंडाणु के सामान्य विकास और अंडाशय से अंडा का निकलना प्रभावित होता है।**




# पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम)

## भारत में लगभग 23% महिलाओं को प्रभावित करती हैं

### लक्षण

- अनियमित या हल्की अवधि
- शरीर पर अत्यधिक बाल (छाती, गर्दन, चेहरे, पीठ के क्षेत्र में)
- बांझपन
- मुंहासे या तैलीय त्वचा
- वजन बढ़ना, खासकर पेट के आसपास
- बालों का झड़ना
- तनाव, चिंता, और अवसाद प्रभावित होना।

### कारण

**वंशानुगतः** आपको पीसीओएस होने या न होने में जीन भूमिका निभा सकते हैं। यदि यह स्थिति आपके परिवार में है तो संभव है कि आप भी इससे प्रभावित हो सकते हैं।

**इंसुलिन प्रतिरोधः** इंसुलिन एक हार्मोन है जो रक्त शर्करा को आपकी कोशिकाओं में प्रवेश करने की अनुमति देता है। ऐसी स्थितियां होती हैं जिनमें कोशिका इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाती है, जिससे रक्त शर्करा स्तर बढ़ जाता है और शरीर अधिक इंसुलिन का उत्पादन करने के लिए मजबूर हो जाता है। पुरानी निम्न श्रेणी की सुजनः शरीर में बढ़ जाती है। पीसीओएस से पीड़ित कई लोग, पुरानी सूजन से पीड़ित होते हैं। जीवनशैली, आहार, अधिक वजनः अधिक तला, पी, अस्वस्थ आहार, मोटापा, भी पीसीओएस को बढ़ावा देता है।

### सामान्य परीक्षण

- डीएचईए, टेस्टोस्टेरोन रक्त परीक्षण।
- थायरॉइड परीक्षण लिपिड पैनल टेस्ट, ग्लूकोज टोलरेंस टेस्ट होते हैं।

**ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन, फॉलिकल स्टिम्युलेटिंग हार्मोन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन के स्तर :**


डॉ. ललित एम. नेगी
(गाइनकालजिस्ट)
पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा

- लक्षणों की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड करवाना अनिवार्य है।
- अपने आहार में अधिक फाइबर शामिल करें, हरी सब्जियां, फल।
- सूजन को कम करने में मदद करने वाले खाद्य पदार्थ भी सहायक हो सकते हैं: सैलमन, सार्डिन, जैतून का तेल, टमाटर आदि।
- रिफाइंड का सेवन सीमित करें क्योंकि वे सूजन बढ़ा सकते हैं।
- मैदे से बने या चीनी युक्त पदार्थों से बने भोजन का सेवन कम करने का प्रयास करें।

***संतुलित आहार खाना, स्वस्थ वजन बनाए रखना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, धूम्रपान, शराब का सेवन नहीं करना कुछ महिलाओं में मात्र स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने से लक्षणों में सुधार नहीं होगा। उन्हें विभिन्न लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए दवा की भी आवश्यकता हो सकती है।***

### निदान

*अत्यधिक बाल, अनियमित मासिक धर्म के लिए संयुक्त मौखिक गर्भनिरोधक गोली दी जा सकती है।*

# दाद (Ringworm/Dermatophytosis/Tinea)

*दाद एक फंगल संक्रमण है जो त्वचा, खोपड़ी या नाखूनों को प्रभावित करता है। इसके नाम से भ्रम हो सकता है, लेकिन यह किसी कीड़े से नहीं, बल्कि डर्मेटोफाइट नामक फफूंद से होता है। इसका नाम उस छल्लेदार लाल चकत्ते (रिंग के आकार) की वजह से पड़ा है, जो यह त्वचा पर बनाता है।*

### कारण

***दाद डर्मेटोफाइट फंगल संक्रमण और उसके फैलाव के कारण होता है:***

**दाद के फैलने के कारण**

**1. संक्रमित व्यक्ति से सीधा संपर्क**
दाद आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में त्वचा-से-त्वचा संपर्क के ज़रिए फैल सकता है, खासकर जिम, स्कूल, या लॉकर रूम जैसे स्थानों में।

**2. संक्रमित जानवरों से संपर्क**
कुत्ते, बिल्ली, गाय-बकरी जैसे पालतू या पशु दाद फैला सकते हैं। इन जानवरों को सहलाने या उनकी देखभाल करते समय संक्रमण हो सकता है।

**3. संक्रमित वस्तुओं से संपर्क**
ऐसे कपड़े, तौलिया, बिस्तर की चादर या फर्श जिनमें फंगस हो, उन्हें छूने से दाद हो सकता है, खासकर लॉकर रूम या जिम के फर्श पर नंगे पैर चलने से।

**4. गर्म और नम वातावरण**
फंगस गर्म और नमी वाले वातावरण में तेजी से फैलता है। जो लोग ज़्यादा पसीना करते हैं या गर्म-नम जलवायु में रहते हैं, उनमें दाद होने की संभावना अधिक होती है।

**5. खराब स्वच्छता**
नियमित रूप से हाथ न धोना, शरीर को साफ और सूखा न रखना, तंग और गंदे कपड़े पहनना - ये सभी आदतें संक्रमण को बढ़ावा देती हैं।

**6. कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली**
यदि आपकी इम्यूनिटी कमजोर है तो आप फंगस से जल्दी संक्रमित हो सकते हैं।

**7. तंग या चुभने वाले कपड़े पहनना**
तंग कपड़े शरीर के कुछ हिस्सों में घर्षण और पसीना बढ़ाते हैं, जिससे फंगस को पनपने का मौका मिलता है।

**8. मधुमेह और मोटापा**
इन स्थितियों में त्वचा की गुहाएं और नमी बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण का जोखिम अधिक होता है।

### लक्षण

- यह त्वचा, बाल और नाखूनों को प्रभावित करता है।
- लाल, खुजलीदार, पपड़ीदार और गोल चकत्ता (रिंग के आकार का दानेदार घेरा)
- त्वचा पर सूजन या जलन महसूस होना भी हो सकता है
- त्वचा पर सूखापन, दरारें या पपड़ी यदि खोपड़ी पर हो, तो बाल झड़ना
- नाखूनों में संक्रमण होने पर मोटे, टूटने वाले और बदरंग नाखून

### बचाव के उपाय

संक्रमित जगह को साफ और सूखा रखें । तौलिए, कपड़े, बिस्तर साझा न करें। अच्छी स्वच्छता बनाए रखें। त्वचा को खासकर नमी वाली जगहों पर सूखा रखें। व्यक्तिगत वस्तुएं साझा न करें। सार्वजनिक स्नानागार या जिम में चप्पल पहनें।
- पालतू जानवरों को छूने के बाद हाथ धोएं।

***होमियोपेथिक चिकित्सा में शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने पर ध्यान दिया जाता है ताकि दाद का बार-बार होना भी रोक सकते हैं। नीचे दी गई कुछ दवाइयां दाद में काम आ सकती हैं।***

**Sepia**
**त्वचा** पर गोल, अलग-थलग, छल्लेदार (रिंग के आकार की) चकत्तियां। खुजली, जलन और पसीना अधिक आना। लक्षण वसंत ऋतु (Spring season) में अधिक उभरते हैं।

**Graphites**
**दाद** के साथ रिसाव या पपड़ी होने पर उपयोगी। जहां पर ज्वाइंट्स हो या चमड़ी का फोल्ड हो वहां पर दाद हो तो यह दवा असरकारक है।

**Tellurium**
कई रिंग के आकार की घाव एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। घाव उभरे हुए होते हैं और आपस में मिलकर जाल-जैसे पैटर्न बनाते हैं। कुछ जगहों पर छोटे फफोले (vesicles) बन सकते हैं। त्वचा पर गरमाहट और जलन की अनुभूति होती है।


डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

**Sulphur**
असहनीय खुजली - विशेषकर रात को बिस्तर में गर्म होने पर। खरोंचने पर जलन होती है। त्वचा सूखी और फटी-फटी महसूस होती है। पुराने या बार-बार होने वाले फंगल संक्रमण में कारगर।

**नोट :** किसी भी होम्योपैथिक दवा का सेवन करने से पहले प्रशिक्षित होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है, क्योंकि उपचार व्यक्ति की पूरी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर आधारित होता है।



# लसोड़ा स्वाद, स्वास्थ्य और स्वरोजगार का मौसमी फल



भारतीय उपमहाद्वीप की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों और ग्रामीण खानपान में कई जंगली व देशज पौधों का विशेष स्थान रहा है। इन्हीं में से एक है लसोड़ा जिसे वैज्ञानिक जगत में कौर्डिया डाईकोटोमा (*Cordia dichotoma*) के नाम से जाना जाता है। यह वृक्ष उत्तर भारत, खासकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश व बिहार के ग्रामीण इलाकों में पाया जाता है।

जहां इसे स्थानीय भाषाओं में लसूड़ा, भोकड़ा, निसोर, निसूड़ा आदि नामों से जाना जाता है। इसका फल न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी विद्यमान हैं, हालांकि यह औषधीय पौधे से ज्यादा खाद्य पौधे के रूप में अधिक प्रसिद्ध हैं। लसोड़े की सबसे रोचक और विशिष्ट विशेषता है कि इसके अधिकांश बीजों के भीतर प्राकृतिक रूप से कीट या लार्वा पाए जाते हैं। यह जैविक घटना इसे बाकी फलों से बिल्कुल अलग बनाती है।

पारंपरिक दृष्टि से ग्रामीण इसे सामान्य मानते हैं और अचार या सब्जी बनाते समय इन बीजों को हटा दिया जाता है, लेकिन यह विशेषता एक चुनौती भी प्रस्तुत करती है। बीजों के भीतर कीड़ों की उपस्थिति के कारण बीजों का अंकुरण सही से नहीं हो पाता, जिससे पौधे का प्राकृतिक पुनरुत्पादन बहुत सीमित रहता है औरआधुनिकता तथा शहरीकरण के चलते ये और भी कम हो गया है। यही कारण है कि लसोड़ा आज भी मुख्यतः जंगलों या प्राकृतिक आवासों से ही प्राप्त होता है हालांकि ग्राफ्टिंग के तहत बागवानी विभाग के अंतर्गत इसके व्यावसायिक बागवानी की कोशिशें की जा रही हैं।

### पौधे की पहचान

**लसोड़ा** एक मध्यम आकार का पर्णपाती वृक्ष है जिसकी ऊंचाई 10-15 मीटर तक हो सकती है। इसके पत्ते अंडाकार और खुरदुरे होते हैं जबकि फूल सफेद रंग के होते हैं। गर्मी के मौसम में इसके फल हरे से पीले होते हैं जो पकने पर चिपचिपे हो जाते हैं।

### औषधीय उपयोग

**आयुर्वेद** और लोकचिकित्सा में लसोड़ा एक बहुगुणी औषधि के रूप में जाना जाता है। फेफड़ों के विकारों में लसोड़े का खास महत्व माना जाता है। आज जब वायु प्रदूषण, धूल, धुएं और बदलती जीवनशैली के कारण फेफड़ों से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं, ऐसे में लसोड़ा एक सुलभ, सस्ता और सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर कर सामने आता है। यह न केवल श्वसन तंत्र को सुदृढ़ करता है बल्कि ग्रामीण आजीविका और पारंपरिक ज्ञान को भी जीवित रखने में सहायक है।

### खांसी, सूजन और गले की खराश


डॉ. तारा देवी सेन
विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।

**इसके** फलों की गूदा गाढ़ा, चिकना और शीतल गुणों वाला होता है। यह फेफड़ों में जमे हुए बलगम को ढीला करता है और उसे बाहर निकालने में मददगार होता है। यह गले को शीतलता प्रदान करता है और खांसी, कफ व गले की सूजन में राहत देता है। इसे शहद के साथ लेने से विशेष लाभ होता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और पुरानी खांसी जैसे श्वसन रोगों में राहत पहुंचाता है।

### पाचन क्रिया में सहायक

लसोड़ा हल्का रेचक होता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। इसका चूर्ण या काढ़ा अपच, गैस व अम्लपित्त में लाभदायक होता है।

### त्वचा रोग

इसके पत्तों या छाल का लेप चर्म रोगों में लाभ देता है। घावों पर लगाने से सूजन व दर्द में कमी आती है।

### मूत्र रोगों में उपयोगी

लसोड़े का सेवन मूत्र विकारों में लाभप्रद माना जाता है। यह मूत्र प्रवाह को सहज करता है।

### ज्वर व सूजन में उपयोग

इसकी छाल और पत्तियों से बना काढ़ा बुखार, बदन दर्द और आंतरिक सूजन में उपयोगी माना गया है।

### सावधानी

लसोड़ा आमतौर पर सुरक्षित होता है, लेकिन बहुत अधिक मात्रा में सेवन से दस्त या अपच हो सकता है।





- **प्रयोग विधि** → लसोड़े का गूदा + शहद 1-2 पके हुए लसोड़े का गूदा निकालकर 1 चम्मच शहद के साथ दिन में दो बार लेने से खांसी और बलगम में राहत मिलती है।
- **सूखे फल का चूर्ण :** सूखे लसोड़े को पीसकर उसका चूर्ण बनाकर गर्म पानी या शहद के साथ लिया जा सकता है।
- **काढ़ा :** लसोड़े की छाल या पत्तियों का काढ़ा बनाकर पीने से श्वसन प्रणाली की सफाई होती है।

**खाद्य उपयोग** → कच्चे फलों का उपयोग सब्जी या आचार के रूप में किया जाता है। लसोड़े की सब्जी एक सीजनल डेलिकेसी मानी जाती है। इसके लिए फलों से गुठली अलग कर ली जाती है। हालांकि फल चिपचिपे होते हैं जिस के कारण इन्हें संभालना थोड़ा असुविधाजनक होता है। इस समस्या से बचने के लिए, हाथों पर तेल लगा लिया जाता है और जब सब्ज़ी बनाई जाती है तो इसमें अनारदाना या अमचूर का उपयोग किया जाता है जिससे यह स्वाद में हल्की खट्टी और बेहद लाजवाब होती है जो सबको पसंद आती है। बहुत से लोग इन फलों का अचार बना कर साल भर उपयोग करते हैं। यह अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और पाचन में भी सहायक होता है। लसोड़े की नई कोमल पत्तियों को भी खाने में उपयोग किया जाता है। आमतौर पर इन पत्तों से बेसन या मक्की के आटे और मसालों के साथ 'पतरोडु' नामक पारम्परिक व्यंजन तैयार किया जाता है जो नाश्ते के रूप में चाय के साथ खाया जाता है। पत्तियों के औषधीय लाभ लेने के लिए इनको औमलेट, चिल्ला, पकोड़े या फिर ग्रीन जूस में भी उपयोग किया जा सकता है। कुछ लोग लसोड़े को उबालकर धूप में सुखा लेते है जिससे यह वर्षभर उपयोग में लाया जा सके। सूखे लसोड़े का उपयोग खासकर पर्वों या विशेष व्यंजनों में किया जाता है।

# लसोड़ा से मिले सेहत और आमदनी दोनों

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अहम योगदान

**लसोड़ा** उन गिने-चुने फलों में से एक है, जिसकी उपज और उपलब्धता सिर्फ20 से 30 दिनों तक सीमित होती है। मई के मध्य से जून के पहले सप्ताह तक इसके फल पकते हैं और ग्रामीणों द्वारा जंगलों या खेतों से इकट्ठा किए जाते हैं। इस छोटे से समय में ताजा लसोड़ा 80 से 100 रुपए प्रति किलो की दर से बिकता है, जबकि इसका अचार 300 से 600 रुपए प्रति किलो तक बाजार में बिकता है। विशेष रूप से शहरी ग्राहकों में इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। लसोड़े का फल ग्रामीण क्षेत्रों में एक मौसमी आमदनी का साधन भी बन रहा है। कई क्षेत्रों में महिलाएं और किसान इसे जंगलों या निजी खेतों से एकत्र कर बाजार में बेचते हैं। कुछ स्वयं सहायता समूह और छोटे उद्यमी इसे बड़े पैमाने पर तैयार कर ऑनलाइन या स्थानीय मेलों में भी बेच रहे हैं।

लसोड़ा केवल एक फल नहीं, बल्कि भारतीय पारंपरिक ज्ञान, जैव विविधता और ग्रामीण स्वरोजगार का प्रतीक है। इसकी सीमित उपलब्धता, औषधीय महत्व, ग्रामीण स्वरोजगार में योगदान और बाजार में बढ़ती मांग इसे विशेष बनाते हैं। आवश्यक है कि इसके प्रसार हेतु अनुसंधान हो, कलम/गूटी जैसे विकल्पों पर बड़े स्तर पर काम किया जाए और ग्रामीण स्तर पर इसके संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए, इसके प्रसंस्करण को बढ़ावा दें और इसे स्थानीय बाज़ारों के साथ-साथ बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचाएं। यदि इसे सही योजना और प्रशिक्षण के साथ बढ़ावा दिया जाए, तो यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक सशक्त 'स्वाद और स्वरोजगार' मॉडल बन सकता है।

**पोषण मूल्य** → लसोड़ा का गूदा पोषण से भरपूर होता है, जो इसे केवल स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी बनाता है। इसमें प्रति 100 ग्राम गूदे में लगभग 50 से 70 किलो कैलोरी ऊर्जा, 12 से 15 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 1 से 1.5 ग्राम प्रोटीन, 3 से 5 ग्राम फाइबर और न्यून मात्रा में वसा पाई जाती है। इसमें खनिज जैसे कैल्शियम (50-80 मि.ग्रा), फॉस्फोरस (40-60 मि.ग्रा) और लौह (1-2 मि.ग्रा) मौजूद होते हैं तथा विटामिन (20-40 मि.ग्रा) होता है। कम वसा और कैलोरी इसे वजन नियंत्रित रखने वालों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। पोषक तत्वों के साथ-साथ इसमें म्यूसीलेज, टैनिन और एंटीऑक्सिडेंट यौगिक भी होते हैं, जो इसे एक संपूर्ण मौसमी औषधीय फल बना देते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शीघ्र जारी हो शिक्षा विभाग में पदोन्नति सूचियां

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में होने जा रही विभिन्न श्रेणियों में पदोन्नतियों की सूचियों को सरकार शीघ्र अति शीघ्र जारी करने की कृपा करें, जिसमें प्रवक्ता तथा हेडमास्टर कैडर से प्रधानाचार्य, टीजीटी से तथा प्रवक्ता से हेडमास्टर, टीजीटी से प्रवक्ता तथा सीएंडवी व जेबीटी से टीजीटी पदोन्नतियां शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक सघं जिला कांगड़ा के प्रधान सचिन जसवाल महासचिव सुमन चौधरी, पालमपुर खंड के प्रधान ओंकार चंद नगरोटा बगवां खंड प्रधान तेजपाल, भवारना खंड के प्रधान अमृतपाल, थूरल खंड प्रधान विनोद राणा, राज्य प्रेस सचिव सजंय चौधरी तथा सभी खंडों के प्रधानों ने एक सयुंक्त वक्तव्य में सरकार से मांग की है कि पिछले दो वर्षों से विभाग में पदोन्नति नहीं हो पाई है जिस परिणामस्वरूप शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने यह मांग की है कि उच्च विधालयों में मुख्य अध्यापकों के कम से कम 550 पद पदोन्नति से भरे जाए क्योंकि मुख्य अध्यापकों से प्रधानाचारयों की पदोन्नति होने के बाद उच्च विधालयों में मुख्य अध्यापकों के लगभग 550 से अधिक पद खाली हो जाएंगे। सघं ने साथ में यह मांग भी की है कि टीजीटी से गणित विषय में भी पदोन्नति की जाए। सघं ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि प्रवक्ताओं के युक्तिकरण में 25/1 का अनुपात किया जाए।

### अंद्रेटा संगीत विद्यापीठ में मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** वंदनीय तपोभूमि, अंद्रेटा आगोजर स्थित परम पूज्य परमहंस श्री स्वामी हनुमंतानंद सरस्वती जी महाराज की आध्यात्मिक स्थली पर योग एवं संगीत दिवस का आयोजन अत्यंत उल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी प्रेमानंद सरस्वती महाराज एवं संगीताचार्य रमेश सोनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न शास्त्रीय रागों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। हिमाचल शास्त्रीय संगीत परिषद के अध्यक्ष अजय शर्मा ने सभी संगीत विद्वानों एवं अतिथियों को सम्मानित किया।

### तीन गाड़ियां आपस में टकराईं, बाल-बाल बचे लोग

**अनंत ज्ञान, देहरा।** मुबारकपुर-रानीताल पर धूलियारा और नाहन पोखर के बीच तीन गाड़ियां आपस में टकराने से दुर्घटना हो गई। आपको बता दें कि एक बस सवारी उतारने के लिए रुकी थी और पीछे कार खड़ी थी, लेकिन एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी और वह आगे बस से जा टकराई। दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं आपसी समझौते के चलते मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री के धर्मशाला आगमन को लेकर बनी योजना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के प्रस्तावित धर्मशाला प्रवास की तैयारीयों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा ने की। बैठक में कांगड़ा विधानसभा के विधायक पवन काजल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ में हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शाश्वत कपूर, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनय चौधरी, जिला कांगड़ा भाजपा सचिव मुनिश सूद मौजूद रहे। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के स्वागत व पार्टी द्वारा धर्मशाला में प्रस्तावित कार्यकमों को लेकर योजना बनाई गई।

### कार से गाय को टक्कर मारने पर मामला दर्ज

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत 22 जून को मुकाम गढ़ जमूला सड़क पर कार चालक एचपी-56, 6635 उत्तम चंद निवासी गांव गढ़ खास डाकघर मलकेहड़ ने सरिता देवी निवासी गावं व डाकघर गढ़ जमूला तहसील पालमपुर की गाय को टक्कर मार दी। इस संदर्भ में पुलिस ने अरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला परिषद सदस्य व ठेकेदार पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

शिबम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर। परागपुर बाजार में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान उस समय सनसनी फैल गई जब सरकारी ठेकेदार एवं जिला परिषद ढलियारा के सदस्य ईशान शर्मा पर एक स्कॉर्पियो वाहन चालक द्वारा जानबूझकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। यह पूरी घटना वहां लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है और पीड़ित ने इसकी शिकायत देहरा थाना में दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, इन दिनों परागपुर बाजार में सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसी दौरान सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी को ईशान शर्मा द्वारा रोका गया ताकि पहले दूसरी ओर की गाड़ियां निकल सकें। गाड़ी रुक भी गई, लेकिन अचानक चालक ने तेजी से वाहन आगे बढ़ाने की कोशिश की और ठेकेदार ईशान शर्मा सहित अकु पटियाल पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। अकु पटियाल वही व्यक्ति है जिनकी भूमि से सड़क चौड़ी की जा रही है।

### केवल पठानिया ने लेफ्टिनेंट साहिल को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के ग्राम भैरू, पंचायत नेरटी निवासी ने सीडीएस की परीक्षा पास करने के उपरांत लेफ्टिनेंट साहिल चौधरी, सुपुत्र ओम राज चौधरी ट्रेनिंग पूरी करके घर पहुंचने पर उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने घर जाकर साहिल चौधरी सहित माता पिता को दी बधाई और शाल टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

### भारत विकास परिषद् की कार्यशाला धर्मशाला में संपन्न

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारत विकास परिषद् हिमाचल प्रदेश पश्चिम की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को धर्मशाला में किया गया, जिसमें उत्तर भारत क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र कौल ने की। क्षेत्रीय प्रमुख सुशील शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद् का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान एवं विकास के लिए समाज के संपन्न एवं प्रबुद्ध लोगों को संगठित करके उनकी सेवाएं लेना और एक संगठित संवेदनशील समाज बनाना है। कार्यशाला में भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ पपरोला के शाखा सचिव अनुज आचार्य, संजय सोनी, वीरेंद्र कौल, मुल्ख राज शर्मा, अरुण शर्मा और डीआर ठाकुर ने भाग लिया।

### डरोह स्कूल के विद्यार्थियों ने की योग क्रियाएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय डरोह में विश्व योग दिवस पर स्कूल में अध्यापकों और छात्रों ने जमकर योग क्रियाएं कीं। स्कूल में विशेष रूप से बुलाए गए योग प्रशिक्षक देशराज चंबियाल ने छात्रों और अध्यापकों को योग आसन करवाए तथा सभी आसनों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी विद्या है जो तन मन और आत्मा को संतुलन में रखती है।

### लोगों ने किया योगासन का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** योग दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग के पालमपुर चैप्टर ने डिग्री कॉलेज पालमपुर, साईं युनिवर्सिटी, सीएसआईआर पालमपुर आईटीआई गढ़ जमूला आईटीआई सलियाना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह व राजकीय उच्च विद्यालय उसतेहड़ बैजनाथ शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन किया। इस अवसर पर आयूस विभाग द्वारा जारी कामन प्रोटोकॉल के तहत लोगों को योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही लोगों को योगासन प्राणायाम और ध्यान का निरंतर अभ्यास करने से किस प्रकार तनाव मुक्त, रोग मुक्त व आनंद पूर्वक जीवन को एक उत्सव की तरह जी सकते हैं यह बताया गया।

### एनसीसी कैडेट्स ने की भागसू वाटरफॉल की ट्रैकिंग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नौवीं हिमाचल प्रदेश बटालियन, डलहौजी द्वारा आयोजित किए जा रहे ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन हिमट्रेक में हिस्सा ले रही एनसीसी कैडेट्स ने रविवार को धर्मशाला के गलू माता मंदिर के साथ ही भागसूनाग मंदिर और वाटरफॉल की ट्रैकिंग की। बैच एक की कैडेट्स को सुबह धर्मकोट और प्रसिद्ध गलू देवी मंदिर की ट्रेकिंग के लिए रवाना किया गया। इस दौरान इन कैडेट्स ने हरे-भरे जंगलों और ऊंचे पहाड़ों से होकर गुजरते हुए ना केवल शारीरिक क्षमता का परिचय दिया बल्कि प्रकृति के साथ तालमेल का भी अभ्यास किया। वहीं बैच दो की कैडेट्स ने भागसूनाग मंदिर और इसके सुंदर जलप्रपात क्षेत्र की ट्रेकिंग की। इस ट्रेक ने उन्हें स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। छावनी परिसर में आयोजित सांस्कृतिक अभ्यास सत्र में सभी बटालियनों की कैडेट्स ने हिस्सा लिया। नृत्य, गीत और नाट्य के माध्यम से न केवल प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, बल्कि यह अभ्यास सत्र विभिन्न राज्यों की कैडेट्स के बीच गहरी मित्रता का पुल भी बना।

---

देहरा के दौरे के तहत गुलेर की दस पंचायतों को विधायक कमलेश ठाकुर ने दिया ऑफर

# देहरा के साथ आओगे तो होगी बल्ले-बल्ले

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**




विधायक कमलेश ठाकुर को सम्मानित करते हुए स्थानिय लोग।

**देहरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी व देहरा विधायक कमलेश ठाकुर ने रविवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के तहत ग्राम पंचायत बंगोली और भटोली फकोरिया में जनसभाएं कीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई घोषणाएं कीं। सबसे अहम बात यह रही कि उन्होंने गुलेर क्षेत्र की 10 पंचायतों को लेकर चल रहे विवाद पर स्थिति स्पष्ट की और कहा कि 'अगर देहरा के साथ आओगे, तो बल्ले-बल्ले होगी।' विधायक कमलेश ठाकुर ने स्पष्ट किया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र की 10 पंचायतों को लेकर जो विरोध सामने आया है, वह केवल एक गलतफहमी है।

उन्होंने कहा कि चूंकि ये पंचायतें देहरा विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं, इसलिए प्रशासनिक रूप से इन्हें देहरा ब्लॉक में ही रखा जाना चाहिए। हालांकि, जनता की सुविधा को देखते हुए उन्होंने एक समाधान भी पेश किया। उन्होंने कहा कि हरिपुर में सप्ताह में एक दिन एसडीएम बैठेंगे। दो दिन में

- **कमलेश का ऑफर- हरिपुर में सप्ताह में एक दिन एसडीएम, दो दिन होगी बीडीओ की तैनाती**
- **आदर्श अस्पताल में एक्स-रे अल्ट्रासाउंड की होगी सुविधा**

बीडीओ की तैनाती हरिपुर में होगी। लोगों को कामों के लिए देहरा नहीं जाना पड़ेगा। हरिपुर अस्पताल को आदर्श अस्पताल बनाया जाएगा। अल्ट्रासाउंड और एक्सरे जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। वहीं डॉक्टरों के लिए आवासीय क्वार्टर के निर्माण को लेकर सरकार ने राशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 11 महीनों में 360 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं।

विधायक बनने के बाद क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर काम करवाए गए हैं, जिनमें सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व पेयजल आपूर्ति से जुड़ी योजनाएं प्रमुख हैं।

#### विरोध केवल राजनीति से प्रेरित

**विधायक** ने कहा कि विरोध करने वाले केवल राजनीति कर रहे हैं। देहरा में सभी विभागों के सर्कल हैं, एसडीएम और एसपी की नियमित मौजूदगी है। क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से देहरा के साथ जुड़ना लोगों के हित में है। इस जनसभा में सभी विभागों के अधिकारी, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी डॉ. सुरेश वालिया, पंचायत प्रधान गुरदयाल चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार, कांग्रेस नेता हरिओम शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, आशीष ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

#### विस्थापितों ने विधायक का जताया आभार

**इस** मौके पर पौंग बांध विस्थापितों ने विधायक का आभार जताया। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्हें 89 जमीन पट्टों के मालिकाना हक मिले हैं। यह निर्णय मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा हरिपुर दौरे के दौरान लिया गया था। विस्थापितों ने कहा कि वे 55 वर्षों से अनिश्चितता और डर के माहौल में रह रहे थे, लेकिन अब उन्हें स्थायित्व मिला है।

---

## ठेकेदार की मनमानी से चामुंडा मंदिर परिसर में चल रहा निर्माण कार्य लटका

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर परिसर में चल रहा निर्माण कार्य ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के चलते अधर में लटका हुआ है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग की ढिलाई के कारण उक्त ठेकेदार की मनमानी और भी बढ़ गई है। उधर ठेकेदार के इस रवैये के बाद उपायुक्त कांगड़ा के निर्देश पर एसडीएम धर्मशाला ने कार्य बंद करने के आदेश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार ने काम तेज कर दिया है, जिससे मंदिर ट्रस्ट और श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी है। ट्रस्टियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।

जानकारी के अनुसार, मां चामुंडा मंदिर में चल रहा निर्माण कार्य एक ठेकेदार को सौंपा गया था, जिसे निर्धारित समय पर पूरा करना था लेकिन संबंधित कंपनी समय सीमा के भीतर काम पूरा करने में विफल रही। इस बजह से रेत, बजरी और पत्थरों के ढेर के कारण मंदिर परिसर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कई दिनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते उपायुक्त कांगड़ा के निर्देश पर एसडीएम धर्मशाला ने लोक निर्माण विभाग को कार्य बंद करने के निर्देश दिए थे।

#### मंदिर ट्रस्ट ने उठाए सवाल, कार्रवाई की मांग

**मंदिर** ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इस मनमानी पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब ठेकेदार को समय दिया गया था, तब उसने काम पूरा नहीं किया। अब जब दानदाता अपनी निजी धनराशि से मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य करवाना चाहते हैं, तो ठेकेदार जानबूझकर लीपापोती कर रहा है। ट्रस्ट ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं, आरोप लगाया है कि ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है।

#### एसडीएम धर्मशाला ने दिए जांच के आदेश

**इस** संबंध में जब एसडीएम धर्मशाला मोहित रतन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को इस कार्य को बंद करने के लिए नोटिस भेजा गया था। उन्होंने कहा कि विभाग इस मामले में निर्णय क्यों नहीं कर पा रहा है, इसे गंभीरता से देखा जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

---

# परौर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



जसदीप सिंह गिल और गुरिंद्र सिंह ढिल्लों की फाइल फोटो।

- **परौर में 4 लाख से ज्यादा भक्तों ने सुना सत्संग**
- **सत्संग खत्म होने के बाद कई किमी तक लगा जाम**
- **जाम खुलवाने में बारिश में भी डटे रहे पुलिसकर्मी और सेवादार**

**डरोह।** राधा स्वामी सत्संग भवन परौर में दूसरे और अंतिम दिन रविवार को हुए समागम में करीब 4 लाख से ज्यादा भक्तों ने गुरु गुरिंद्र सिंह ढिल्लों और हुजूर जसदीप सिंह गिल के दर्शन किए ।

भारी बारिश के बावजूद अपने गुरुओं के दीदार में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि नेशनत हाईवे पर जाम लग गया। दोपहर बाद जैसे ही सत्संग खत्म हुआ तो लोग अपने घरों की ओर रवाना होने लगे। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लगने शुरू हो गई।

ऐसे में सेवादारों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के बारिश में पसीने छूट गए। वहीं फरेढ़ से लेकर मलां तक जाम लगा रहा। जाम इतना ज्यादा था कि चार-पांच किमी तक गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हुई थी।



सत्संग के बाद लगा हुआ जाम और घरों को वापस जाते हुए लोग।

---

## रेलवे का चक्की पुल अगस्त के तक शुरू होने का मिला आश्वासन

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** क्षेत्रीय रेलवे परामर्श समिति के सदस्य दीपक भारद्वाज ने जसूर में प्रेस वार्ता की। दीपक भारद्वाज ने कहा कि जिस तरीके से छतरोली विकास मंच के एक प्रतिमंडल ने नूरपुर रेस्ट हाउस में मुलाकात की और उन्होंने नूरपुर के हाईवे से लगते गांव के रास्ते की मांग रखी, जिसमें 15-16 हजार लोग हैं।

इन प्रतिमंडल द्वारा जो हमें मांग पत्र दिया गया था वह हमने नॉर्थन रेलवे जीएम को इस परेशानी के बारे में बताया। इसके साथ ही हमने इसको अपनी जो जेड जोनल मीटिंग होती है उसमें भी उठाया और हमें आश्वासन मिला है कि यहां जल्द से जल्द दौरा किया जाएगा। दीपक ने कहा की में धन्यवाद करता हूं कि आप के सहयोग से वह दौरा हो पाया है और हमने जो मुद्दे रखें थे उनमें दोपहिया वाहनों के लिए ब्रिज जल्द बना दिया जाएगा, पर हमारी मांग थी कि यहां यहां ब्रिज बनाया जाए जिसपर स्कूल बस व एंबुलेंस इत्यादि जा सके। उन्होंने कहा कि इसको लेकर ओर उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी और इसके साथ ही हमारा दूसरा मुद्दा यहां चलने वाली ट्रेनों में सुधार किया जाए। उसको लेकर जल्द ही यह सुधार हो जाएगा। इसके साथ पंजाब से हिमाचल को जोड़ने वाला पुल का है जो टूट गया था उसको अगस्त एंड तक शुरू करने का आश्वासन दिया।

---

## हैप्पी बर्थडे



भड़वाल के युवान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

---

## सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बना रहीं सुदृढ़ : गोमा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**




पौधरोपण करने के दौरान यादविंद्र गोमा व साथ हैं अन्य।

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य पर पंचरुखी में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सेमिनार का विषय 'सहकारिता में मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण' रहा ।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सहकारी सभाओं को मानव संसाधन के विकास व क्षमताओं के निर्माण के लिए सहकारी आंदोलन की रीढ़ बताया और युवाओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। आयुष मंत्री ने कहा कि सहकारिता से समाज चलता है और किसी इलाके में स्वरोजगार से आर्थिकी को सुदृढ करने के लिए सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि पालमपुर वृत के अंतर्गत दी अप्पर लाहला कृषि सेवा सहकारी सभा जन औषधि केंद्र संचालित है जिसके माध्यम से सस्ती जैनेरिक औषधियां आम जन मानस को उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत गांव में बसता है और 70 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि, पशुपालन, बागवानी, डेयरी, मत्स्य इत्यादि से जुड़ी है।

अधिकारियों को सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए ताकि सहकारिता आंदोलन को ओर अधिक मजबूत बनाया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। वहीं लोगों को इस अभियान ने जुड़ने का आह्वान किया।

---

## कोलंबिया में गुरुदेव रविशंकर के साथ हजारों लोगों ने किया योग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कोलंबिया की राजधानी बोगोटा स्थित प्रतिष्ठित प्लाजा ला सांता मारिया में हजारों लोग एकत्र हुए, जहां गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के साथ योग दिवस का उत्सव मनाया गया। इस वर्ष का उत्सव विशेष महत्व रखता था। यह कोलंबिया में एक दशक की शांति का प्रतीक था। दस वर्ष पूर्व, एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, कोलंबियाई सरकार और एफएआरसी गुरिल्ला समूह के बीच एक शांति समझौता हुआ था, जिससे दशकों पुराने सशस्त्र संघर्ष का अंत हुआ। इस शांति प्रक्रिया में गुरुदेव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज बोगोटा में योग दिवस का नेतृत्व करते हुए गुरुदेव ने कहा कि 'हमें योग को केवल एक शारीरिक व्यायाम मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। यह हमारे मन की एक अवस्था है।

बोगोटा की संस्कृति सचिवालय के ऑब्जर्वेटरी ऑफ कल्चर एंड कल्चरल नॉलेज मैनेजमेंट के निदेशक भी उपस्थित थे। वहीं फिल्म निर्माता और फोटोग्राफर लिका गेविश, जो 2016 में नई दिल्ली में द आर्ट ऑफ लिविंग के वल्ड कल्चर फेस्टिवल में शामिल हुई थीं, ने भी अपनी यादों को ताजा किया।

---

## आठवें दिन भी ट्रैकर नितिन का कोई सुराग नहीं, खराब मौसम बन रहा बाधा

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**योल।** जिया से हिमानी चामुंडा के रास्ते तेलंग पास तक ट्रैकिंग पर निकले लापता ट्रैकर नितिन का आठवें दिन भी कोई सुराग नहीं मिला है। खराब मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण राहत व खोज कार्यों में लगातार बाधा आ रही है। नितिन के एक दर्जन परिजन अपने स्तर पर पिछले छह दिनों से धर्मशाला में डटे हुए हैं। वे हर दिन अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं पर अब तक कोई सुराग नहीं मिला।

शनिवार को माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट के इंचार्ज जितेंद्र के नेतृत्व में निकली टीम भी रास्ते में ही फंसी हुई है। जिला प्रशासन का कहना है कि मौसम में सुधार होते ही खोज तेज की कर दी जाएगी।

## भोडा स्कूल में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में योग दिवस योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम के अनुसार मनाया गया। फिजिकल ट्रेनर प्रवक्ता राकेश अंगारिया ने छात्रों को योग के महत्व और विभिन्न आसनों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल व वाइस प्रिंसिपल संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार से परिचित करवाया। स्वास्थ्य विभाग की भवारना ब्लॉक टीम द्वारा बच्चों का चेकअप किया।

## शिव पूजन नुआले में खूब झूमे भक्त

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



**धर्मशाला।** गद्दी समुदाय के ईष्ट देव शिव शंकर के विशेष पारंपरिक शिव पूजन नुआले का भव्य आयोजन शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक श्री चामुंडा तक किया गया। इसमें हिमाचल के प्रसिद्ध लोकगायक बहादुर भारद्वाज ने नुआले में शिव भजनों की स्तुति करते हुए श्री चामुंडा मंदिर के भरे हुए समस्त लंगर भवन को झूमा दिया। उन्होंने नुआले का आगाज शिव आरती से किया, इसके बाद एक से बढ़कर एक शिव ऐंचड़ी जिसमें ना वो थिई धरती आकाश, महादेवा हो महादेवा, ले वो शामी तेरा वो नुआला सहित दर्जनों स्तुतियों से खूब गुणगान कर सभी भक्तों को झूमा दिया।

देवभूमि के प्राचीन गद्दी समुदाय के तहत आने वाले गद्दी धौगरी व लौहार सेवा दल हिमाचल प्रदेश की ओर से द्वितीय वार्षिक भव्य नुआले का आयोजन इस बार देवभूमि हिमाचल की शक्तिपीठों की धरती कांगड़ा के श्री चांमुडा मंदिर परिसर के लंगर भवन में शनिवार से रविवार सुबह तक किया गया।

---

**अनदेखी** जयसिंहपुर-पालमपुर मार्ग पर पुलिया पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त

# सड़क पर क्षतिग्रस्त पुलिया बनी संकट का कारण

**मनीष कुमार, अनंत ज्ञान**



**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर-पालमपुर वाया हरोट मुख्य मार्ग पर उम्बर गांव के पास स्थित पुलिया पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी बरसात में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नवम्बर माह में पुलिया में बड़ा गड्ढा पड़ गया था, जिस पर अब तक स्थायी मरम्मत नहीं की गई है।

यातायात को सुचारू रूप से चलाए रखने हेतु लोक निर्माण विभाग ने अस्थायी समाधान के तहत साथ लगते नाले में मिट्टी डालकर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया था। यह रास्ता फिलहाल वाहनों की आवाजाही के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, लेकिन अब जब प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है और अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है, तो स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है।

जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव महाराज नगर और उम्बर के लोगों के लिए यह मार्ग न केवल मुख्य संपर्क मार्ग है, बल्कि पालमपुर-पंचरुखी पहुंचने का भी सबसे छोटा, सुगम और एकमात्र रास्ता है। यदि भारी बारिश में नाले का जलस्तर बढ़ता है और वैकल्पिक मार्ग बह जाता है, तो इन गांवों का संपर्क मिनी सचिवालय जयसिंहपुर से कट सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के विद्यार्थी 12वीं तक की विज्ञान एवं कॉमर्स की पढ़ाई के लिए जयसिंहपुर स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाते हैं, वहीं कॉलेज की पढ़ाई के लिए भी उन्हें प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर जयसिंहपुर जाना पड़ता है।

कॉलेज विद्यार्थी आर्यन भाटिया बताते हैं कि इस पुलिया के अतिरिक्त एताहिसिक राजमहल महाराज नगर के पास निर्मित पुलिया में नेदी नाले का पानी पुलिया के नीचे से जाने के बजाए सड़क के ऊपर से ही बहता है यदि इस बार भी ऐसा ही होता है तो दोनों पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र का संपर्क जयसिंहपुर से पूर्णता कट जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पुलिया की शीघ्र मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आपात स्थिति से बचा जा सके।

> इस पुलिया का टेंडर लग चुका है। जल्द ही चरणबद्ध तरीके से इस पुलिया का पुनर्निर्माण करवा दिया जाएगा। बरसात में उपलब्ध साधन-संसाधनों में विभाग क्षेत्र की कनेक्टिविटी जारी रखने के लिए प्रयासरत रहेगा।
>
> -विजय कुमार वर्मा, ईई जयसिंहपुर।

---

## वेब सीरीज में चंद्रभूषण मिश्रा के कुशल अभिनय की हो रही सराहना

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



**कांगड़ा।** अमेजिंग मोशन पिक्चर्स के बैनर तले पर्यावरण संरक्षण पर बनीं वेब-सीरीज 'रिश्ते दिल से' एपिसोड -6 में अवैध लकड़ी कटान एवं तस्करी पर शिकंजा कसने वाले वन रक्षक के किरदार में खूब वाह-वाही लूट रहे हिमाचली पहाड़ी फीचर फिल्मों के मेगा स्टार टी सीरीज कंपनी के बैनर तले निर्मित 'पहाड़िया मामा' फेम टेलर हमीद मियां कॉमेडियन और मस्तु कंडक्टर फेम, मेन विलेन इंजीनियर चंद्रभूषण मिश्रा के कुशल अभिनय, बॉडी लेंग्वेज और दमदार सटीक डायलॉग्स डीलीवरी को खूब सराहा जा रहा है। जुलाई सन् 1989 से जालंधर दूरदर्शन में प्रसारित हिमाचली कार्यक्रम हिम कलश में दोष कुसदा नाटक से अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले इंजीनियर चंद्रभूषण मिश्रा ने देवभूमि फिल्म्स प्रॉडक्शन हाउस व अब्बा फिल्म्स प्रॉडक्शन हाउस के बैनर तले दर्जनों पहाड़ी फीचर फिल्मों, असंख्य एल्बम्स, टीवी शो, स्वच्छता अभियान, बेटी है अनमोल आदि में तहलका मचाया है।

# शिक्षा मंत्री ने 4.87 करोड़ से बनी कुड़ी–मोहली सड़क की दी सौगात

## ग्रावग, चेवर, कुड़ी, मोहली और चौपाल के किसानों व बागवानों को मिलेगा सीधा लाभ

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई के ग्रावग पंचायत में 4 करोड़ 87 लाख की लागत से बनी कुड़ी–मोहली संपर्क सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क ग्रावग, चेवर, कुड़ी, मोहली और चौपाल तहसील के मडावग क्षेत्र के किसानों व बागवानों को सीधा लाभ पहुंचाएगी।

मंत्री ने इस अवसर पर बताया कि ग्रावग पंचायत से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है और इसके चहुंमुखी विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने घोषणा की कि बड़वी, शाऊं, शोषण, और पड़शोली गांवों की कच्ची सड़कों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण–4 के तहत जल्द ही पक्का किया जाएगा।

रोहित ठाकुर ने बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 400 करोड़ से 136 नई सड़कों का निर्माण और मौजूदा सड़कों का सुधार चल रहा है। इसके साथ ही 15 करोड़ से निर्मित मिनी सचिवालय भवन का भी लोकार्पण किया गया है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई अब एक आदर्श संस्थान बन चुका है, जहाँ विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जल्द ही एक बड़ा ट्रॉमा सेंटर भी बनाया जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि पब्बर नदी से 38 करोड़ की पेयजल योजना सितंबर तक पूरी हो जाएगी, जिससे 20 से अधिक पंचायतें लाभान्वित होंगी।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जनसभा को संबोधित करते हुए।

### पर्यटन व रोजगार के नए अवसर

**रोहित** ठाकुर ने क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि गिरी गंगा से कुपड़ के मध्य रोप-वे के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हाटी समुदाय की राह खुली, एनएच को मिलेगी मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** प्रदेश हाटी विकास मंच का लंबे समय से चल रहा संघर्ष अब रंग ला रहा है। मंच द्वारा 2 जून को सौंपे गए ज्ञापन के बाद, भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हिमाचल की 69 सड़कों को 'सैद्धांतिक रूप से' राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया है। इसमें हाटी जनजातीय क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली सनौरा–राजगढ़–नोहराधार–हरिपुरधार–रोनहाट–जामली सड़क भी शामिल है।

सिरमौर ज़िले का गिरिपार क्षेत्र, जहां हाटी समुदाय रहता है, भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण और पिछड़ा हुआ है। यह सड़क इस क्षेत्र को राजधानी शिमला, ज़िला मुख्यालय नाहन और उत्तराखंड से जोड़ती है। वर्तमान में, यह सड़क बेहद खराब हालत में है, इसकी चौड़ाई सीमित है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। हाटी विकास मंच हिमाचल प्रदेश इस सड़क के मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और 2–लेन उन्नयन के लिए लगातार आवाज़ उठा रहा है।

# जखलना गांव में शराब ठेका खोलने का विरोध

## नालदेहरा पंचायत ने बंद करने को लेकर डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**नालदेहरा** पंचायत के जखलना गांव में हाल ही में खोली गई एक शराब की दुकान को लेकर स्थानीय निवासियों और ग्राम पंचायत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ग्राम पंचायत नालदेहरा ने डिप्टी कमिश्नर और आबकारी विभाग को एक शिकायत पत्र सौंपकर दुकान को तत्काल बंद करने की मांग की है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब 20 जून, 2025 को गांव जखलना में एक शराब की दुकान खोली गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह दुकान उनके गांव के माहौल के लिए ठीक नहीं है। ग्राम पंचायत नालदेहरा के सदस्य, स्थानीय निवासी और नव युवक मंडल इस फैसले का पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा 31 जून, 2025 को डिप्टी कमिश्नर और आबकारी विभाग को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह दुकान गांव में महिलाओं और युवाओं के लिए प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 'ग्राम पंचायत नालदेहरा की समस्त ग्राम, पंचायत, महिला मंडल की सदस्य और नव युवक मंडल नालदेहरा में खुले इस शराब के ठेके को बंद करने की मांग करते हैं।



शराब के ठेके के विरोध में प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

### शराब दुकान को तत्काल बंद करने की मांग

**ग्रामीणों** ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है ताकि इस दुकान को बंद किया जा सके और गांव में शांति और व्यवस्था बनी रहे। ग्राम पंचायत का मानना है कि इस दुकान से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रोकने के लिए इसे बंद करना आवश्यक है।

# सौ छात्रों पर एक शिक्षक का प्रस्ताव तर्कहीन

## नई शिक्षा नीति के विपरीत है सरकार का निर्णय, पदों में कटौती का खतरा: नेगी

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सौ विद्यार्थियों पर एक प्रवक्ता नियुक्त करने के निर्देशों का हिमाचल स्कूल प्रवक्ता संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी, राज्य महासचिव इंद्र सिंह, वित्त सचिव सुरजीत सिसौदिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना, मुख्य प्रेस सचिव जय राम शर्मा सहित जिला अध्यक्ष बिलासपुर से नरेश ठाकुर, कुल्लू से राजपाल ठाकुर, मंडी से देवेंद्र शर्मा, सोलन से जिया लाल, सिरमौर से ईश्वर दास राही, कांगडा से सिकंदर मिन्हास, हमीरपुर से गौतम सिंह और ऊना जिला अध्यक्ष शशि सैनी ने संयुक्त रुप से इस प्रस्ताव को शिक्षकों व शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ बताया है।

संघ के अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि सरकार एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सौ विद्यार्थियों पर एक शिक्षक तैनात करने जैसे तर्कहीन फैसले ले रही है। क्या एक शिक्षक सौ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकता है?

यह प्रस्ताव किसी भी दृष्टिकोण से व्यावहारिक या तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि एक प्रवक्ता की कक्षा में सौ विद्यार्थी होंगे तो वह कैसे प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दे पाएगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। जिसमें शिक्षक–शिष्य अनुपात 30:1 निर्धारित किया गया है। ऐसे में 100:1 का अनुपात तय करना नई शिक्षा नीति की भावना के विरुद्ध है और यह प्रवक्ताओं के सैकड़ों पदों को समाप्त करने की ओर एक खतरनाक कदम है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय केवल कागजी आंकड़ों पर आधारित है व व्यवहारिक धरातल पर इसके गंभीर परिणाम होंगे।

अजय नेगी ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में नई शिक्षा नीति को लागू करना चाहती है, तो उसमें की गई सिफारिशों को भी ईमानदारी से लागू करें। अन्यथा इसका क्रियान्वयन महज एक दिखावा बनकर रह जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि स्कूल प्रवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही शिक्षा मंत्री से मिलकर इस अधिसूचना को रद्द करने और शिक्षक–शिष्य अनुपात को नई शिक्षा नीति के अनुसार 30:1 रखने की मांग करेगा।

**स्कूल प्रवक्ता संघ ने जताया कड़ा विरोध**

### ऑकलैंड हाउस स्कूल फॉर गर्ल्स में दिखा खेल भावना का जोश

# एरोबिक्स व जिम्नास्टिक प्रदर्शन से मोहा मन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**ऑकलैंड** हाउस स्कूल फॉर गर्ल्स (जूनियर सेक्शन) में वार्षिक खेल दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेंट मैरीज स्कूल की प्राचार्या दीपिका चौहान मुख्य अतिथि रहीं। छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा और जोश का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं के शानदार एरोबिक्स और जिम्नास्टिक प्रदर्शन से हुई, जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन भर फ्लैग रेस, पिनव्हील रेस, पोम–पोम रेस, कैटरपिलर रेस, बास्केटबॉल मैच, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर जैसी कई रोचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त,'पैक योर बैग', 'ड्रेसिंग अप', 'लेमन एंड स्पून रेस' और 'मैजिक टच' जैसी रचनात्मक का उम्दा प्रदर्शन। नर्सरी से लेकर फॉर्म तीन तक की छात्राओं ने हर प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी फुर्ती, समन्वय और अनुशासन का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि चौहान ने विद्यालय के प्रयासों और छात्राओं की खेल भावना की सराहना की। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर टीचर और अभिभावक

# सरकार ने 'आप' के दबाव में की महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**कहा-महिलाओं की रक्षा करने वाले पद को भरने के लिए लगा दिए ढाई साल**

आम आदमी पार्टी (आप) ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। आप का दावा है कि हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर विद्या नेगी की हालिया नियुक्ति उनकी चार दिन पहले की गई मांग के दबाव का नतीजा है। आप ने सवाल उठाया है कि महिलाओं के हितों की रक्षा करने वाले इस महत्वपूर्ण पद को भरने में सरकार को लगभग ढाई साल (30 महीने) क्यों लग गए, और उनकी आवाज उठाने के बाद ही यह कदम क्यों उठाया गया।

आप का आरोप है कि हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, जिसका गठन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए हुआ था, इतने लंबे समय से अध्यक्ष विहीन था, जो कांग्रेस सरकार की महिलाओं के प्रति 'घोर उदासीनता' को दर्शाता है। पार्टी ने कहा कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न के हजारों मामले सामने आए, लेकिन सरकार सोती रही और उसने हिमाचल की आधी आबादी के 30 महीने बर्बाद कर दिए।

### सरकार से मांगा देरी का स्पष्टीकरण

**आप** नेताओं ने नियुक्ति के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सरकार ने अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी के दबाव में आकर यह कदम उठाया है। आप ने सरकार से इस देरी का स्पष्टीकरण मांगा है और भविष्य में ऐसे महत्वपूर्ण पदों को खाली न रखने की मांग की है।

# घुमारवीं के हर वार्डों में मिलेगी पार्किंग की सुविधा

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर परिषद घुमारवीं द्वारा शहर के वार्ड नंबर पांच बजोहा वार्ड में पार्किंग निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही पार्किंग समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। योजना के अंतर्गत वार्ड नंबर पांच में दो स्थानों पर पार्किंग बनाई जा रही है, जिनमें से एक स्थान पर कार्य पूरा हो चुका है जबकि दूसरे स्थान पर निर्माण कार्य जारी है।

यह संपूर्ण परियोजना नगर परिषद द्वारा हर वार्ड में पार्किंग के तहत शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में उपलब्ध स्थानों के अनुसार छोटी–छोटी पार्किंगों का निर्माण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और लोगों को सुरक्षित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे पहले नगर परिषद द्वारा उपमंडल अधिकारी कार्यालय के समीप एक करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित बहुमंजिला पार्किंग का शिलान्यास किया गया था। उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए अब परिषद ने शहर के विभिन्न वार्डों में स्थानानुसार पार्किंग निर्माण की प्रक्रिया आरंभ की है। वार्ड नंबर पांच को इस योजना में प्राथमिकता दी गई है अब आगामी चरण में वार्ड नंबर सात में निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

नगर परिषद के अनुसार इन सभी वार्डों में निर्माण कार्य के लिए कुल लगभग एक करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी गई है और विभाग को उपयुक्त स्थान भी चिन्हित करके सौंपे जा चुके हैं। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से किया जा रहा है।



शहर के एक वार्ड में चला हुआ पार्किंग बनाने का कार्य।

### पार्किंग व्यवस्था न होने से लोगों को उठानी पड़ती थी परेशानी

**बताते** चले कि शहर में पार्किंग की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। लगातार बढ़ती गाड़ियों की संख्या के बावजूद पर्याप्त पार्किंग की सुविधा न होने के कारण लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा होती है। इससे न केवल ट्रैफिक प्रभावित होता है बल्कि दुकानदारों, राहगीरों व स्थानीय निवासियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### यातायात व्यवस्था होगी बेहतर

**अब** लोगों को उम्मीद है कि वार्ड स्तर पर बन रही इन पार्किंग सुविधाओं से घुमारवीं शहर की पार्किंग समस्या में काफी हद तक सुधार आएगा। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। नगर परिषद की मानें तो आने वाले समय में नगर परिषद शहर के अन्य वार्डों में भी इसी तरह की सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

"शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए नगर परिषद ने हर वार्ड में छोटी-छोटी पार्किंग बनाने का फैसला लिया है ।जिसके तहत अभी वार्ड नंबर 5 में निर्माण कार्य शुरू किया गया है इसके बाद वार्ड नंबर 7 में भी ऐसी ही पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। बाकी वार्डों में भी जगह की तलाश की जा रही है ताकि सभी वार्डों में पार्किंग बनाई जा सके।

-रीता सहगल (अध्यक्ष ,नगर परिषद घुमारवीं)

# पहलवान वंश ठाकुर ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित अंडर–15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के लिए एक बार फिर गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। चांदपुर स्थित ठाकुर कुश्ती अकादमी के प्रतिभाशाली पहलवान वंश ठाकुर ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान के पहलवान नीरज नाथ को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

यह पदक केवल एक व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। वंश ठाकुर की यह सफलता राज्य के कुश्ती क्षेत्र में लगातार हो रही प्रगति और समर्पित प्रशिक्षण का परिणाम है। ठाकुर कुश्ती अकादमी ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक साथ दो कांस्य पदक जीतकर न केवल अपने संस्थान की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है।

अकादमी के कोच और प्रबंधन टीम ने वंश ठाकुर को बधाई दी और भविष्य में और अधिक सफलताओं की कामना की।

उन्होंने कहा कि यह पदक अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा और प्रदेश में कुश्ती के प्रति युवाओं की रूचि को और अधिक बढ़ावा देगा। इस उपलब्धि के बाद चांदपुर सहित पूरे बिलासपुर जिले में खुशी की लहर है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने वंश ठाकुर के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई है।



कोच के साथ वंश ठाकुर।

# दो गांवों से दो बाइक चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला के सीमावर्ती क्षेत्र स्वारघाट व कोट पुलिस के तहत दो गांव से दो बाइक चोरी हो गई हैं। इसको लेकर बाइक मालिकों ने पुलिस में चोरी की शिकायत दी है। जानकारी के मुताबिक मोहन लाल पुत्र गुरबक्श सिंह निवासी गांव टरवाड़ डाकघर जनाली ने बताया कि 17 जून रात को बाइक नंबर एचपी-24-बी-5214 घर से बाहर खड़ी की थी। सुबह जब देखा तो बाइक वहां नहीं थी। यक्ति की शिकायत पर पुलिस थाना स्वारघाट में केस दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में नरेंद्र कुमार निवासी गांव कनफारा श्री नयना देवी ने बताया कि अभी वार्ड नंबर दो घंडावल चौक श्री नयना देवी में रहता है। वह घर में पास दुकान करता है। गत दिनों उन्हें अपनी सफेद रंग की बाइक नंबर एचपी-55-ए-1607 रोज की तरह घर के बाहर पार्क की थी, लेकिन अगले दिन बाइक वहां नहीं थी। पुलिस थाना कोट में मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर दी जान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गसौड़ जुखाला में बीमारी से ग्रसित एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन करके जान दे दी। युवक जहरीले पदार्थ का सेवन कर खुद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्कंड पहुंच गया। जहर का असर अधिक हो जाने के चलते एम्स बिलासपुर में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान शुभम शर्मा (29) पुत्र दयाराम गांव गसौड़ डाकघर जुखाला तहसील सदर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शुभम कुछ समय से इन्फेक्शन से ग्रसित था। इसके चलते वह परेशान चल रहा था। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

# ग्राम देवता की पूजाकर किया भंडारे का आयोजन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के ग्राम कारंगोडा में सामूहिक रूप से ग्राम देवता की पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गांव के सभी बुजुर्ग, महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। इस आयोजन में प्रकाश धर्मानी , अमरनाथ, महेंद्र धर्मानी, रामचंद्र, सीता राम, कृष्णलाल, अशोक, डिम्पल, एवं राम चंद , बाबू लाल, अनिल, राजेश कुमार, डॉ. तिलक राज, रितेश, वेदप्रकाश, नीनू धर्मानी, संतोष, कमला देवी, विद्या देवी आदि उपस्थित रहे ।

# भाजपा ने झंडूता में 1200 करोड़ से करवाए थे कई विकास कार्य: रमेश

अनंत ज्ञान, झंडूता

भाजपा ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत निर्माणाधीन कुटबांगड़ पेयजल योजना को लेकर कांग्रेस की बयानबाजी पर पलटवार किया है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस नेता संभवतया अज्ञानता का शिकार हैं। ट्रांसफर माफिया के साथ ही कई तरह के अन्य गलत काम करने वाले कांग्रेस नेता को दूसरे भी अपनी तरह ही नजर आते हैं। इस योजना का लगभग 95 फीसदी काम भाजपा सरकार के समय ही पूरा हो गया था। 33 केवीए सब–स्टेशन स्थापित करने का काम बाकी था, जिसके लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस का केस भेजा गया था। नियमों के तहत उसकी प्रक्रिया जारी थी। अन्य विकास कार्यों की तरह कांग्रेस सरकार ने इस योजना में भी केवल अड़ंगे अटकाने का काम किया है।

झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल और शाहतलाई मंडल अध्यक्ष डॉ. रामप्रकाश शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार के समय झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल के प्रयासों से पिछड़ा क्षेत्र कोटधार की 14 पंचायतों के साथ ही 5 अन्य पंचायतों और शाहतलाई नगर पंचायत के लगभग 75 हजार लोगों की अगले 50–60 वर्षों की पानी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कुटबांगड़ पेयजल योजना का काम बाकायदा नियमों के अनुसार शुरू किया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 37.81 करोड़ नाबार्ड और बाकी पैसा जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हुआ था।

करीब 7 करोड़ से 33 केवीए सब–स्टेशन भी इसी योजना के लिए मंजूर करवाया गया था। योजना का करीब 95 फीसदी काम भाजपा सरकार के समय पूरा कर लिया गया था। महज 33केवीए सब–स्टेशन का काम बाकी था, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने खुद अड़ंगे अटकाए और काम नहीं होने दिया। भाजपा सरकार के कार्यकाल में उन्होंने झंडूता विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से कई विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया।

**धोखाधड़ी** साइबर क्राइम सेल ने चेताया डार्क वेब पर चल रहा क्रिप्टो करंसी का अवैध कारोबार

# क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर ठगे जा रहे लोग

अनंत ज्ञान, शिमला

डार्क वेब पर क्रिप्टो करंसी का अवैध कारोबार चल रहा है। अप्रमाणित एक्सचेंज और क्वाइन में निवेश करके हिमाचल के लोग भी लाखों, करोड़ों रुपए लुटा रहे हैं।

प्रदेश में लगातार आ रहे ऐसे मामलों को देखते हुए पुलिस के साइबर क्राइम सेल ने लोगों से क्रिप्टो करंसी में निवेश करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। वर्ष 2021 में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के लोग करीब 2,000 करोड़ रुपए की ठगी का शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद अभी भी कई गुना मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे हैं।

प्रदेश में वर्ष 2024 में साइबर क्राइम सेल के क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की 135 शिकायतें आ चुकी हैं जबकि इस साल अभी तक 35 मामले सामने आ चुके हैं। साइबर क्राइम सेल ने लोगों को इस तरह की ठगी का शिकार होने पर फौरन 1930 पर कॉल करने की हिदायत दी है। साइबर क्राइम के मुताबिक सोशल मीडिया पर कई साइबर अपराधी लोगों को क्रिप्टो करंसी के नाम पर पैसा दोगुना करने समेत कई प्रलोभनों को देकर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसको देखते हुए लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।



**क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की आ चुकी हैं 135 शिकायतें**

### मुनाफा कमाने के चक्कर में ठगी का शिकार हो रहे लोग

मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2024 में साइबर क्राइम सेल के क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की 135 शिकायतें आ चुकी हैं जबकि इस साल अभी तक 35 मामले सामने आ चुके हैं। साइबर क्राइम सेल ने लोगों को इस तरह की ठगी का शिकार होने पर फौरन 1930 पर कॉल करने की हिदायत दी है। साइबर क्राइम के मुताबिक सोशल मीडिया पर कई साइबर अपराधी लोगों को क्रिप्टो करंसी के नाम पर पैसा दोगुना करने समेत कई प्रलोभनों को देकर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसको देखते हुए लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।

### ठगी से बचने के लिए इन बातों का रखें ख्याल

क्रिप्टो करंसी में निवेश करते समय सावधानी बरतें। प्रमाणिक और लाइसेंस प्राप्त एक्सचेंज पर ही लेनदेन करें। सोशल मीडिया पर पैसा दोगुना करने, इनाम या ट्रेडिंग स्कैम से दूर रहें। क्रिप्टो करंसी के नाम पर धोखाधड़ी, अवैध लेनदेन की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दें।

### धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर करें कॉल

**साइबर** क्राइम के डीआईजी मोहित चावला ने कहा कि क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। इसको देखते हुए लोगों को एडवाइजरी जारी की गई है, जिससे वे इस तरह की धोखाधड़ी से बच सकें। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी सामने आने पर फौरन हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# नकली करंसी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नकली करंसी मामले के आरोपित एवं उदघोषित अपराधी को बिलासपुर पुलिस ने नौणी से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपित राम पाल निवासी नोआ सदर बिलासपुर के खिलाफ वर्ष 2013 में जाली करंसी तैयार करने के केस दर्ज हुआ था। न्यायालय में पेश न होने के चलते 21 जून, 2025 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बिलासपुर की अदालत ने रामपाल को उदघोषित अपराधी घोषित किया था। सदर थाना बिलासपुर की टीम ने उसे नौणी से गिरफ्तार कर लिया है। उधर डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

# नेपाली युवक 816 ग्राम चरस सहित काबू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कुल्लू से बस के माध्यम से चरस ले जा रहे एक नेपाली मूल के युवक को बिलासपुर पुलिस ने 816 ग्राम चरस समेत गिरफ्तार किया है। बरमाणा एसीसी चौक के पास वह पैदल जा रहा था, लेकिन वहां से वह बस लेने की फिराक में था। जानकारी के मुताबिक बरमाणा पुलिस टीम सुबह करीब 10 बजे गश्त कर रही थी। इस दौरान बरमाणा एसीसी गेट की तरफ से बरमाणा बस स्टॉप की तरफ पैदल आ रहे एक युवक पुलिस को देखकर हड़बड़ा गया। देखने में वह नेपाली मूल का लग रहा था। शक के आधार पर जब पुलिस ने तलाशी ली तो बैग से 819 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित की पहचान उमेश पुन्न मगर निवासी गांव कागते गांव पालिका गोमुले जिला दैलेख कर्णाली नेपाल के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान बताया कि वह कुछ समय से हाल पता मकान नंबर 1089 गली नंबर चार गांव राजोकरी डाकघर एएफ राजोकरी जिला दक्षिण पश्चिम दिल्ली में रह रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया है कि वह इस चरस को दिल्ली ले जा रहा था। जिस स्थिति में चरस बरामद हुई है, उससे स्पष्ट हो गया है कि उनके यह तोश वैली से ही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पुष्कर ने 505 अंक लेकर पास की नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सरोल चंबा के पुष्कर सिंह बिजलवान ने 505 अंक लेकर पास की नीट की परीक्षा। उन्होंने पहली ही बार में बिना किसी कोचिंग के यह सफलता हासिल की है। पुष्कर सिंह बिजलवान ने इसी वर्ष पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल चंबा से 95.4 अंक प्राप्त कर 12वीं की परीक्षा पास की है। जबकि दसवीं तक की शिक्षा राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चम्बा से ग्रहण की है। पुष्कर सिंह के पिता रमेश सिंह बिजलवान शिक्षा विभाग में प्रवक्ता हैं तथा माता डॉक्टर कविता बिजलवान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा में प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी बहन दिया बिजलवान ने भी पहले ही प्रयास में बिना किसी कोचिंग के नीट की परीक्षा 627 अंक लेकर पास की थी। वर्तमान में वह इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं।

### नियमित योग करने के लिए किया प्रेरित

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों की भागीदारी ने कार्यक्रम को खास बना दिया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक विधि है। उन्होंने इसे जीवन का आवश्यक अंग बताते हुए सभी को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिभावक के रूप में उपस्थित गरिमा कपूर ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को योगाभ्यास करवाया।

### समाज के उत्थान के लिए आएं आगे: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहयोग संस्था की तिमाही कार्यकारिणी बैठक जिला चंबा में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन त्रिलोक सिंह ने की। बैठक में आगामी तिमाही के लिए कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों पर निर्णय लिए गए। इसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान शुरू करने, युवाओं को सक्रिय रखने के लिए स्पोर्ट्स प्रोग्राम आयोजित करने, तथा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अतिरिक्त समाज हित में कई अन्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। संस्था के चेयरमैन त्रिलोक सिंह ने सभी सदस्यों और आम जनमानस से अपील की कि वे समाज के उत्थान हेतु आगे आएं और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाएं। इस बैठक में संस्था के सचिव ओमप्रकाश सहित सदस्य विपिन कुमार, राकेश कुमार, अशोक कुमार, मनोज, संदीप सिंह और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कल रामपुर प्रवास पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उद्योग, संसदीय कार्य और एलईपी मंत्री हर्षवर्धन चौहान 24 जून को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां जा रही है एक बयान में दी। उन्होंने बताया कि उद्योग मंत्री 24 जून को प्रातः 11 बजे रामपुर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### 39 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठानों में चयन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंदरनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विविध गतिविधियों के साथ एक विशेष परिसर साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्या अभियंता नवीन कुमारी व अन्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति में योग के लाभों पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात टीडीएस समूह मोहाली की ओर से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं के लिए अंतिम चरण का परिसर साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसमें फिटर, पंप परिचालक, विद्युतकार, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक कोपा, सिविल प्रारूपकार, वस्त्र निर्माण तथा एसओटी व्यवसायों के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कुल 94 अभ्यर्थियों में से 55 ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से 39 का चयन विभिन्न प्रतिष्ठानों में हुआ। साक्षात्कार में मानव संसाधन प्रबंधक अंकित जबवाल व बुद्धि राम गोस्वामी व्यवसाय विकास प्रबंधक के साथ मानव संसाधन प्रमुख अंकित जबवाल ने बताया कि चयनित छात्रों को गॉदरेज, टीआई साइकिल राजपुरा जैसी प्रतिष्ठित इकाइयों में कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# मैहला में लगा रोजगार मेला, 40 युवाओं को मौके पर ही सौंपे अपॉइंटमेंट लेटर

## विधायक डॉ. जनकराज के प्रयास लाए रंग, सैकड़ों युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**मैहला/चंबा।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला में रविवार सुबह 10 बजे से शुरू हुआ रोजगार मेला युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बनकर सामने आया। यह मेला रोजगार डॉट कॉम के सहयोग से सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मैहला में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसने क्षेत्र के युवाओं के लिए आशा की एक नई किरण जगाई है।

यह मेला रोजगार डॉट कॉम के सहयोग से आयोजित किया गया, और इसकी घोषणा व प्रचार-प्रसार पिछले कई दिनों से स्थानीय विधायक डॉ. जनकराज स्वयं कर रहे थे, ताकि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं तक यह सुनहरा अवसर पहुंच सके। जिनमें से लगभग



मैहला में लगे रोजगार मेले के दौरान विधायक डॉ. जनकराज व अन्य।

40 युवाओं को मौके पर ही अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे गए। शेष चयनित अभ्यर्थियों को आने वाले दिनों में दस्तावेज सत्यापन के बाद नौकरी प्रदान की जाएगी।

रोजगार डॉट कॉम के एचआर हेड गुप्ता ने जानकारी दी कि यह आयोजन विधायक डॉ. जनकराज के निरंतर प्रयासों और मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि पहाड़ी और दूरदराज़ क्षेत्रों के युवाओं को भी गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर उनके घर के पास ही मिलें। इस मौके पर विधायक डॉ. जनकराज ने उपस्थित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैहला में संपन्न हुए रोजगार मेले का पूरा श्रेय मैं रोजगार डॉट कॉम को देता हूं, जिन्होंने हमारे विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मैं वादा करता हूं कि भविष्य में भी इसी तरह के और रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन ने न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले, बल्कि क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल भी पैदा किया। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह देखने लायक था। कई युवाओं और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें न केवल रोजगार मिला है, बल्कि आत्मविश्वास और दिशा भी मिली है।

# हमारी सांस्कृतिक विरासत एकता और भाईचारे का प्रतीक: पठानिया



स्टार नाइट सिहुंता में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

**अनंत ज्ञान, सिहुंता**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया उपमंडल चुवाड़ी के सिहुंता कस्बे में छिंज मेला समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या-स्टार नाइट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलदीप सिंह पठानिया ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि एवं वीर भूमि हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज लोगों के सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। यहां की लोक धुनें और पारंपरिक लोक नृत्य शैलियां पीढ़ियों से जनमानस को जोड़ते आए हैं। उन्होंने मेला आयोजन समिति के कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक योगराज, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जनता ही हमारे कार्यों की प्रेरणा और आधार: ललित ठाकुर



जनसमस्याएं सुनने के दौरान एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एपीएमसी** अध्यक्ष ललित ठाकुर ने रविवार को भी जनसेवा को समर्पित किया। ललित ठाकुर ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि किसी भी दिन विश्राम नहीं करता। रविवार को भी उन्होंने अपने कार्यालय के द्वार आमजन के लिए खोले और पूरे दिन क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता ही हमारे कार्यों की प्रेरणा और आधार है। प्रदेश के सीएम सुक्खू के नेतृत्व में सरकार का प्रत्येक क्षण जनकल्याण के लिए समर्पित है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक जनप्रतिनिधि का प्रत्येक दिन जनता को समर्पित होना चाहिए। जनता की भारी उपस्थिति और सकारात्मक संवाद से यह स्पष्ट हो गया कि आमजन ठाकुर की कार्यशैली से अत्यंत संतुष्ट हैं। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जब एक जनप्रतिनिधि अवकाश के दिन भी मैदान में उतरकर हमारी समस्याएं सुनता है, तो भरोसा और भी प्रबल हो जाता है।

# व्यक्ति से 4.61 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति हन्नी दत्ता निवासी कलगांव तहसील रोहड़ू से खड़ापत्थर के पास 4.61 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जिस पर पुलिस थाना जुब्बल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक़द्दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी हन्नी दत्ता एक आदतन नशा तस्कर है, जिसके ख़िलाफ़ पूर्व में भी जिला शिमला के ढली थाना में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गतदो मुकद्दमे दर्ज हैं। जिला शिमला के पुलिस उपमंडल रोहड़ू में नशा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही से नशा तस्करों की कमर टूट रही है।

एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए आम जनता से अपील करते हुए बताया है कि समाज को नशा मुक्त, विशेषकर सिंथेटिक ड्रग्स मुक्त करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अपने आस पास हो रही अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें।

# जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का आगाज

## विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने किया शुभारंभ, विधायक और डीसी भी रहे मौजूद

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी के समीप बनीखेत कस्बे में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक डीएस ठाकुर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कुलदीप सिंह पठानिया ने एक भव्य शोभा यात्रा की अगुवाई करते हुए भूरू नाग मंदिर पधर में पूजा-अर्चना कर चार दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया। शोभा यात्रा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बनीखेत से शुरू होकर भूरू नाग मंदिर परिसर पधर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के रूप में जाना जाता है व मेले एवं उत्सव प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लोक परम्पराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ यहां आयोजित होने वाले मेले, उत्सव और त्यौहार स्थानीय देवी-देवताओं के प्रति



जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का शुभारंभ करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

लोगों की कृतज्ञता, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को इंगित करते हैं। उन्होंने कहा कि भूरू नाग मंदिर एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है और यहां के आषाढ़ नाग मेले का अपना एक विशेष महत्व है।

विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति प्रदेश सरकार गंभीर है। इस दिशा में पारंपरिक लोक- संस्कृति, स्थापत्य एवं ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि भावी पीढ़ियां भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव महसूस कर सकें। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को एसडीएम एवं अध्यक्ष मेला आयोजन समिति अनिल भारद्वाज ने शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधान नगर पंचायत अरुण राणा, महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजीव कौशल, अधिक्षण अभियंता राजेश मोगरा, राजीव ठाकुर,पुलिस उपाधीक्षक योगराज, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, तहसीलदार रमेश चौहान सहित कई उपस्थित रहे।

# खाई में गिरा ईंटों से भरा ट्रक, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**निर्माणधीन** जालंधर अटारी लेह जालंधर हमीरपुर मंडी धर्मपुर एनएच वाहन चालकों के लिए मौत का कुआं बनता जा रहा है। रविवार बाद दोपहर घुमारवीं से धर्मपुर जा रहा ईटों से भरा एक एलपी ट्रक हाईवे से गिरी चट्टान से बचाने और डंगा बैठ जाने के कारण करीब 300 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ईंटों से भरा हुआ यह एलपी ट्रक राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 पर गैस एजेंसी के आगे करीब दो सौ मीटर दूर सरकाघाट से धर्मपुर की ओर जा रहा था और थोड़ी देर बाद जब ट्रक आगे निकल रहा था तो डंगा ढह गया और ट्रक वहां से करीब तीन सौ मीटर दूर गहरी ढांक में गिर गया जहां उसके परखच्चे उड़ गए और गनीमत यह रही कि चालक किसी न किसी तरह ट्रक से बाहर निकल गया और सामने से आए लोगों ने उसे सुरक्षित सड़क पर पहुंचा दिया और उसके बाद उसे निजी वाहन में नागरिक अस्पताल सरकाघाट भेज दिया जहां उसका उपचार चल रहा है।

गौरतलब है कि इस विवादास्पद नेशनल हाईवे के निर्माण पर रोजाना उंगलियां उठ रही है इससे पहले भी



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

इसी जगह पर ऊपर से चट्टानें गिरने के कारण जोगिंदर नगर जा रही एक टेंपो ट्रेवल इसकी चपेट में आ कर पलट गई थी जिसमें बैठी 11 सवारियां नीचे गहरी ढांक में गिरने से बच गई थी और तीन लोग ज्यादा घायल हुए थे लोगों ने बरसात में इस हाइवे को बंद करने की प्रशासन से मांग की है और वैकल्पिक मार्ग से ट्रैफिक भेजने की गुहार लगाई है।

# केहलाला गांव में हैंडपंप पर मोटर लगाने का कार्य शुरू, पानी की समस्या होगी हल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत पल्यूर के केहलाला गांव में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्या को लेकर सदर चंबा विधायक नीरज नैयर से गुहार लगाई गई थी।

विधायक नैयर ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल शक्ति विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए। निर्देशों के अनुरूप रविवार सुबह विभाग के जूनियर इंजीनियर मोहसिन खान अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और हैंडपंप पर मोटर लगाने का कार्य आरंभ किया। इस कार्य के पूरा होते ही गांव की हफ्तों पुरानी पानी की समस्या का स्थायी



समाधान हो जाएगा। इससे ग्रामीणों को अब पानी के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

गांव के लोगों ने विधायक नीरज नैयर और जल शक्ति विभाग, विशेष रूप से JE खान का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है। यह त्वरित और प्रभावी कार्रवाई जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की सक्रियता तथा जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# केंद्रीय भंडारण निगम ने नि-क्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों से अब ज़िला में क्षय रोगियों को अगले एक वर्ष तक निशुल्क पौष्टिक आहार मिलेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों में कुपोषण को समाप्त करने के उद्देश्य से केंद्रीय भंडारण निगम द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत नि-क्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लेने के लिए भेजे गए परियोजना प्रस्ताव को स्वीकृति प्राप्त हुई है।

डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि चंबा प्रदेश का पहला ऐसा ज़िला बन गया है, जहां सभी क्षय रोगियों को संपूर्ण पोषण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि टीबी संक्रमण का उपचार लगभग छह माह तक चलता है। इस दौरान रोगी को पोषणयुक्त आहार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होता है, ताकि प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संक्रमण से प्रभावी रूप से लड़ा जा सके। डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि टीबी रोग मुक्त चंबा के लक्ष्य को हासिल करने में अब सुविधा मिलेगी। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षय रोगियों को पोषण सहायता और नि-क्षय मित्र बनाने के लिए सक्रिय जन भागीदारी को बढ़ाने के प्रयास किया जा रहे थे।

### सूडोकु नवताल- 7469

****** मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7468 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# जिला परिषद सदस्य को ज्ञापन देने से रोके जाने पर बिफरे जनप्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**चौंतड़ा** क्षेत्र के कई वर्तमान व पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर मंडल के अधिशाषी अभियंता जे.पी. नायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 17 जून को एक निर्वाचित जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज को पुलिस बल के माध्यम से विभागीय भवन के बाहर रोकने और ज्ञापन देने से पहले एसडीएम की लिखित अनुमति लाने की शर्त रखने की घटना ने पंचायत प्रतिनिधियों को उग्र कर दिया है।

किसान नेता व ग्राम पंचायत टिकरी मुशैहरा के प्रधान रविंदर कुमार, बीडीसी सदस्य नीलम वर्मा, वार्ड सदस्य कुमारी मीतू, दीक्षा देवी, सपना, रीना देवी, पूर्व उपप्रधान टेक सिंह, पसल की वार्ड सदस्य संतोष कुमारी सहित कई अन्य प्रतिनिधियों ने इस घटना को तानाशाही और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्सियन जे.पी. नायक का व्यवहार दंभी, असंवैधानिक और सर्विस रूल के विरुद्ध है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे अधिकारी को तत्काल पद से हटाया जाए।

- **एक्सईएन को हटाने की उठाई मांग**
- **25 जून को जोगिंद्रनगर में होगा विरोध-प्रदर्शन**

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है जब एक जनप्रतिनिधि को केवल ज्ञापन देने के लिए दो घंटे तक पुलिस द्वारा रोका गया हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो यह जन आक्रोश और बढ़ेगा।

रविंदर कुमार, नीलम वर्मा, टेक सिंह और संतोष कुमारी ने आरोप लगाया कि जे.पी. नायक जहां-जहां तैनात रहे हैं, वहां भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में भी राजनीतिक संरक्षण के चलते वे मनमानी कर रहे हैं और उनके काले कारनामों का मुद्दा विधानसभा तक पहुंच चुका है। उन्होंने उनकी संपत्तियों की जांच की भी मांग की और कहा कि यह अधिकारी कार्यालय में कम और राजनीतिक कार्यक्रमों में अधिक सक्रिय रहता है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

सोमवार, 23 जून 2025

**विक्रमी संवत**: 2082, **शक संवत**:1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** त्रयोदशी (10:12) : **नक्षत्र** कृत्तिका (03:17), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : धृति (01:17), अभीजित (11:55-12:51)। **राहुकाल** (07:08-08:53)।

### विशेष दिन

- 23 जून 2025: सोम प्रदोष व्रत आज।
- 23 जून 2025: मासिक शिवरात्रि आज।

**मेषः** कारोबार में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। समय का दुरुपयोग ना करें। लंबे समय से रुके पैसे प्रयत्न करने पर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र विकसित होगा।

**वृषः** दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। धन लाभ की भी संभावना है।

**मिथुनः** व्यापार में अवरोध आ सकते हैं। संतान की ओर ध्यान देना आवश्यक है। आपकी दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्कः** मनचाही नौकरी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। नौकरी के लिए दिन शानदार रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। यात्रा संभव है।

**सिंहः** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार, समाज में आपका महत्व बढ़ेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। सोच-समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा। व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में न पड़ें।

**कन्याः** कला के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय में सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे। लाभ होने की संभावना बनती है। विवाह योग्य जातकों के लिए समय शुभ है।

**तुलाः** दिन की शुरुआत व्यस्तता पूर्ण रहेगी। पारिवारिक जीवन में हर्ष हो सकता है। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी नुकसानदायक रहेगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा।

**वृश्चिकः** व्यापार में ऋण लेना पड़ सकता है। अनुकूल परिणाम के लिए सक्रियता और निश्चितता आवश्यक है। विशेष लाभ के कारण मन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनुः** लंबे समय के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग होने के कारण संबंध व परिचय क्षेत्र बढ़ेगा। बोलचाल में कटुता न आने दें।

**मकरः** कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारी की ओर विशेष ध्यान दें। पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। परिवार की समस्या रहेगी। रचनात्मक काम होंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा।

**कुंभः** कम समय में कार्य पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि होगी। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा।

**मीनः** अपने व्यवहार में परिवर्तन लायें। वाहन, मकान आदि की खरीदी का योग बनेगा। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद होगी। संतान की ओर से सुखदायक समाचार मिलेंगे।

# मंडी जिले में 26 तक भारी बारिश, आंधी की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा मंडी जिला के लिए 22 से 26 जून तक भारी वर्षा, तेज हवाओं और आसमानी बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान मौसम विभाग ने 22, 24 और 25 जून को येलो अलर्ट तथा 23 और 26 जून को ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है।

इस चेतावनी को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला के नागरिकों, पर्यटकों तथा यात्रियों से अपील की है कि वे अत्यधिक सतर्कता बरतें और अनावश्यक रूप से ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों, नदी-नालों के समीप, भूस्खलन संभावित स्थानों तथा अधिक ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा से बचें। उपायुक्त ने कहा कि लगातार वर्षा और तेज हवाओं के कारण भू-स्खलन, सड़कें बंद होने, पेड़ों के गिरने और बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में आमजन से अनुरोध है कि मौसम की जानकारी के लिए प्रशासन और मौसम विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एडवाइजरी पर ध्यान दें तथा आवश्यक सावधानियां अपनाएं। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे पूर्ण सतर्कता बरतें और राहत व बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों सहित तैयार रहें।

# अब 24 वार्डों की होगी द्रंग पंचायत समिति प्रारूप तैयार, 30 जून तक मांगे आक्षेप

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** द्रंग विकास खंड की पंचायत समिति में अब कुल 24 वार्ड होंगे। पहले यह संख्या 21 थी, लेकिन वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या संतुलन के आधार पर तीन नए वार्ड जोड़ते हुए नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। यह जानकारी पधर स्थित उपमंडल अधिकारी (ना.) कार्यालय से प्राप्त विस्तृत विवरण में सामने आई है। यह पुनर्गठन पंचायत समिति में प्रतिनिधित्व को अधिक प्रभावशाली और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। अब प्रत्येक वार्ड का गठन स्पष्ट जनसंख्या सीमा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। जिससे पंचायत स्तर पर जनभागीदारी को मजबूती मिलेगी।

वर्तमान में समिति में कुल 83,343 की जनसंख्या को 24 वार्डों में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। चेली, गवाली और दारट बगला तीन नए वार्ड बनाए गए हैं। वहीं कुफरी, डलाह, उरला, हारगुनैण, मसौली और नेर घरवासड़ा अब स्वतंत्र (सिंगल पंचायत) वार्ड होंगे। रोपा पधर वार्ड में रोपा पधर, गुम्मा और कधार पंचायतों को मिलाकर सबसे बड़ा वार्ड बनाया गया है।

कार्यवाहक उपमंडल अधिकारी डॉ. भावना वर्मा ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 के तहत इस प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। यदि परिसीमन संबंधी कोई आपत्तियाँ या सुझाव हों, तो वे सात दिनों के भीतर पधर एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इन सभी दावों व आपत्तियों पर 30 जून को प्रातः 11 बजे कार्यालय में सुनवाई की जाएगी।

### इस प्रकार है वार्ड वार विवरण

**बरोटः** बरोट, खलैहल, लपास। **वरधाणः** वरधाण, लटराण। **धमच्याणः** धमच्याण, तरसवाण। **सुधारः** सुधार, सिल्हबुधाणी। **टिक्करः** टिक्कर, रोपा, कथोग। **बथेरीः** बथेरी, सनवाड़। **पालीः** पाली, शिलग। **बड़ीधारः** बड़ीधार, बह। **कुफरी** (एकल पंचायत)। **चेलीः** चेली, भडवाहण। **कुन्नूः** कुन्नू, कचौटधार **डलाह** (एकल पंचायत)। **गवालीः** गवाली, चुक्कू **जिल्हणः** जिल्हण, सियून। **उरला** (एकल पंचायत)। **रोपा पधरः** रोपा पधर, गुम्मा, कधार। **हारगुनैण** (एकल पंचायत)। **निचला गरोड़ूः** निचला गरोड़ू, जिमजिमा। **मसौली** (एकल पंचायत)। **दारट बगलाः** दारट बगला, जलपेहड़। **नेर घरवासड़ा** (एकल पंचायत)। **बल्हः** बल्ह, चलाहरग। **भराड़ूः** भराड़ू, कस। **नौहलीः** नौहली, बाता री बयूंह।

छोटे-छोटे लक्ष्यों को ध्यान में रखें, लेकिन छोटी-छोटी सफलताओं के साथ उन्हें हासिल करने की योजना बनाएं। -द्रौपदी मुर्मू

संपादकीय

# लोकतंत्र की मजबूती

'वन नेशन, वन इलेक्शन' के संदर्भ में लंबे समय से जारी बहस के बीच अब भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावी डेटा, विशेषकर मतदान केंद्रों पर हो रही वेबकास्टिंग और सीसीटीवी फुटेज को नष्ट करने के नए निर्णय लेकर एक सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। आयोग की मंशा वोटर की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने की है, जबकि विपक्ष इसे 'मैच फिक्स' करार देते हुए लोकतंत्र के लिए घातक बता रहा है। आखिर चुनावी डेटा नष्ट करने के निर्णय के क्या मायने हैं और इससे लोकतंत्र को कितना लाभ या क्षति होने की संभावना है? दरअसल, चुनावी गोपनीयता और व्यक्तिगत सुरक्षा का मसला बहुत बड़ा मसला है। निर्वाचन आयोग का तर्क है कि मतदान की गोपनीयता बरकरार रखने और मतदाता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनावी फुटेज को सार्वजनिक करना उचित नहीं है। वेबकास्टिंग और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से किसी व्यक्ति द्वारा यह जान पाना आसान हो जाएगा कि किसने मतदान किया और किसने नहीं किया। इससे कई तरह की चिंताएं जन्म लेती हैं। सबसे बड़ा जोखिम मतदाता पहचान है। फुटेज उपलब्ध कराने से किसी व्यक्ति की मतदान क्रियावली का पता चल सकता है। इससे बाहर से दबाव डालकर विशेष समूह या व्यक्ति को वोट न डालने या किसी विशेष उम्मीदवार को वोट देने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

जिन मतदाताओं ने मतदान नहीं किया, उनकी पहचान उजागर होने पर असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें निशाना बनाने का खतरा बन जाता है। गांव-देहात में यह भय कहीं अधिक गंभीर है जहां प्रत्याशी या उनके समर्थक ताकतवर हो सकते हैं। गोपनीयता के संवैधानिक अधिकार होते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) और अनुच्छेद 21 के अंतर्गत व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं गोपनीयता के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान है। चुनावी प्रक्रिया में इसमें हस्तक्षेप लोकतंत्र के मूलाधार को खतरे में डाल सकता है। इसलिए, चुनाव आयोग का मानना है कि चुनावी फुटेज की नष्ट करने की प्रक्रिया मतदाता सुरक्षा तथा आदर्श चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में एक जरूरी कदम है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सभी रिकॉर्डिंग्स को मतदान के तुरंत बाद नष्ट करने का नियम केवल तभी लागू नहीं होगा जब चुनावी नतीजों को कानूनी चुनौती दी जाए। ऐसी स्थिति में आयोग वो फुटेज सुरक्षित रखेगा और अदालत के समक्ष प्रस्तुत करेगा। इसके पीछे मुख्य तर्क यह है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग मिलेगा। यदि चुनावी नतीजे के खिलाफ कोई याचिका दाखिल होती है, जो कि 45 दिन के भीतर ही की जा सकती है, तो फुटेज न्यायिक सत्यापन का महत्वपूर्ण सबूत हो सकते हैं। इससे चुनाव की सीमा पारदर्शिता बनी रहेगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद फुटेज को सुरक्षित रखना केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से आवश्यक नहीं रह जाता, अत: इसे नष्ट कर देना व्यवहारिक भी है और संसाधनों की बचत भी करता है।

इस अनुशासन से आयोग यह संदेश देना चाहता है कि वह पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है, बशर्ते कानूनी प्रक्रिया की मांग हो। दूसरी ओर, विपक्ष दल ऐतराज जताते हुए आरोप लगा रहे हैं कि चुनावी फुटेज को नष्ट कर देने से चुनावों में गड़बड़ी एवं हेराफेरी को छुपाने का रास्ता खोला जा रहा है। विपक्षी दलों का मानना है कि इससे चुनावों में धांधली की संभावना बढ़ेगी। वहीं, आयोग का कहना है कि फुटेज जनता के हित में नहीं, पर विपक्ष को डर है कि कई बार स्थानीय स्तर पर गड़बड़ी की शिकायतें आने पर वही फुटेज दोषमुक्त साबित कर सकती हैं। यदि फुटेज नष्ट हो जाएंगे, तो सत्य का पता नहीं चलेगा। यह भी सत्य है कि जब जनादेश तिलांजलि देने लगें तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। विपक्ष चाहता है कि चुनाव आयोग व्यापक स्तर पर फुटेज को उपलब्ध कराकर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाए, जिससे आम जनता का विश्वास स्थिर बना रहे। एक ओर मतदाता गोपनीयता और सुरक्षा की बात, दूसरी ओर पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग, इन दोनों में संतुलन बिठाना हर लोकतंत्र की चुनौती होती है। देखने वाली बात यह है कि क्या चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए नियम जनता की आशंकाओं को दूर कर पाने में सक्षम होंगे या विपक्षी दलों का सुझाए 'ऑडिटेबल रिकॉर्ड' का मॉडल बेहतर साबित होगा।

तकनीकी दृष्टिकोण रिकॉर्डिंग के डे-इडेंटिफाइड ( अनाम) संस्करण को सीमित अवधि के लिए सार्वजनिक किया जा सकता है, ताकि मतदान प्रक्रिया का शुद्धिकरण हो, पर मतदाता की पहचान सुरक्षित रहे। न्यायिक निरीक्षण आयोग का अपग्रेडेड फोटो ऑडिट सिस्टम या बायोमेट्रिक डेटा स्टोरेज भी केवल न्यायालयीन आदेश पर खोला जाए, जिससे फुटेज के अकारण खुलासे की समस्या हल हो। आयोग को चाहिए कि वह फुटेज नष्ट करने के नियम से जुड़ी हर प्रक्रिया उजागर करे। नष्ट करने की विधि, समयरेखा और विधिक अपील के विकल्पों को विस्तार से बताए। इससे विपक्षी आरोप 'गुप्त बैठक' का आधार खो देंगे। निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बरकरार रखना, मतदाता गोपनीयता संरक्षित रखना और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग-ये सभी लोकतंत्र के स्तंभ हैं। आयोग के नए निर्देश इन आधारभूत सिद्धांतों में से एक पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन दूसरी ओर विरोधी दलों की आशंकाएं भी बेतुकी नहीं हैं। चुनाव आयोग को अब तीन बातों पर जोर देना चाहिए। नंबर वन पर है पारदर्शिता। फुटेज नष्ट करने की प्रक्रिया का हर चरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

नंबर टू पर है संवाद। विपक्षी दलों, नागरिक समाज, चुनाव विश्लेषकों से खुलकर बहस करनी चाहिए और नंबर थ्री पर है संशोधन। तकनीकी सुधारों जैसे 'अनामिक ऑडिट फुटेज' प्रणाली को लागू करना। जब तक ये कदम उठाए नहीं जाते, लोकतंत्र के मर्म यानी विश्वास को बहाल करना कठिन रहेगा। अत: चुनाव आयोग को चाहिए कि वह मात्र 'नियम' थोपने की बजाय, व्यापक विचार-विमर्श और तकनीकी इनोवेशन के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी बनाए, तभी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के सपने का साकार रूप लोकतंत्र की उन्नति की राह पर प्रकाश फेंकेगा, न कि संदेह एवं संदेहवाद के अंधेरे में धंसाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

**वीरभद्र** सिंह हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे। वीरभद्र सिंह तीसरी, चौथी, पांचवी, सातवीं और पंद्रहवीं लोकसभा के सदस्य चुने गए थे। वीरभद्र सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य थे। वे आठ बार विधायक, पांच बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और पांचवीं बार लोकसभा में बतौर सांसद रह चुके हैं और पिछले आधे दशक में वे कोई चुनाव नहीं हारे। वीरभद्र सिंह 1962, 1967, 1972, 1980, और 2009 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके अलावा वे 1983, 1985, 1990, 1993, 1998, 2003, 2007 तथा 2012 में विधायक रहे। अपने 47 वर्षों के राजनीतिक सफर के दौरान उन्होंने 13 चुनाव लड़े और सभी जीते। इससे पहले भी वीरभद्र सिंह 1976 से 1977 तक केंद्र में नागरिक उड्डयन तथा पर्यटन राज्यमंत्री और 1982 से 1983 तक केंद्र में उद्योग राज्यमंत्री रहे हैं। ■



वीरभद्र सिंह
जन्म : 23 जून, 1934
मृत्यु : 8 जुलाई, 2021



कविता


## वक्त की पहचान

राकेश डोगरा, कौना हल्दरा, पालमपुर

हो सके तो वक्त की पहचान कर,
जिंदगी चंद रोज की मेहमान है।
यह दुनिया एक आना जाना मेला है,
हर प्राणी आया यहां अकेला है।
कोई खुशी में झूमता अलबेला है,
तकदीर किसी की गम झमेला है।
सुख-दुख का संगम है जीवन,
कौन नहीं जिसने इसे न झेला है।
क्यों भला अनजान है तू सब जानकर,
कि जिंदगी चंद रोज की मेहमान है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'एक देश, एक चुनाव' बदलेगा राजनीति की दशा और दिशा




भारत में सालभर कहीं न कहीं चुनाव होते ही रहते हैं। चाहे वो पंचायत चुनाव हों, नगर निकाय चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव या फिर कोई अन्य चुनाव या उपचुनाव। इन सबका चक्र कभी खत्म ही नहीं होता। इससे न सिर्फ प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था और विकास की रफ्तार पर भी गहरा असर पड़ता है। इसी परिप्रेक्ष्य में 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार उठाया है। यह विचार भारतीय चुनाव प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन का संकेत देता है। साथ ही, इससे राजनीति उथल-पुथल मचने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

**क्या है अवधारणा ?:** 'एक देश, एक चुनाव' का मतलब है कि भारत में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ, एक ही समय पर करवाए जाएं। उद्देश्य है चुनावी खर्च में कटौती, प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार, नीतिगत फैसलों में स्थायित्व और विकास कार्यों में गति लाना। भारत में अलग-अलग समय पर चुनाव होने से एक सतत राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक दबाव बना रहता है। भारत के पहले तीन लोकसभा चुनाव- 1952, 1957 और 1962 में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाए गए थे, लेकिन 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभाएं समय से पहले भंग हो गईं और असमय चुनाव कराने पड़े। 1971 में जब लोकसभा के लिए मध्यावधि चुनाव हुए, तो यह श्रृंखला पूरी तरह टूट गई और राज्यों के चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे।

**मोदी सरकार की पहल और गंभीरता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल 'एक देश, एक चुनाव' की जरूरत पर जोर दिया, बल्कि इसे समय की मांग बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल किया। उन्होंने संसद और विभिन्न मंचों पर कहा कि बार-बार चुनाव देश के संसाधनों पर बोझ डालते हैं और इससे प्रशासनिक व्यवस्था और नीति निर्धारण प्रभावित होता है। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले यह विषय फिर सुर्खियों में आया था। सरकार ने इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंपी गई थी। समिति का कार्य था इस प्रणाली की व्यवहारिकता, संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता और राजनीतिक सहमति का आकलन करना।

**चुनावी खर्च में भारी कटौती संभव:** भारतीय चुनाव आयोग के अनुसार, 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 30 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए, जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में यह खर्चा दोगुना बढ़कर लगभग 60 हजार करोड़ रुपए हो गया। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर चुनाव में खर्चा बढ़ता ही जाता है। अगर इसमें विधानसभा चुनावों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह राशि कई गुना बढ़ जाती है। अगर चुनाव एक साथ होंगे तो चुनावी खर्च में भारी कटौती संभव है।

**प्रशासनिक सुविधा:** हर चुनाव में लाखों सुरक्षाकर्मी, शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है। इससे न केवल शिक्षण कार्य प्रभावित होता है, बल्कि प्रशासनिक सेवाएं भी बाधित होती हैं। खासकर शिक्षक समुदाय को बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं में शामिल किए जाने से छात्रों की पढ़ाई का भट्ठा बैठ जाता है। इसी तरह सुरक्षाकर्मियों की लगातार चुनावी तैनाती से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी दिक्कतें आती हैं। यदि देश में 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था लागू होती है, तो बार-बार की इस अस्थिरता और झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। चुनावी प्रक्रिया एक बार में संपन्न होने से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कम होगा और कर्मचारी अपने मूल कार्यों में अधिक समय दे पाएंगे। इसके अतिरिक्त, बार-बार चुनाव कराने में लगने वाले भारी संसाधनों की बचत भी होगी, जिससे उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं में लगाया जा सकेगा। एक साथ चुनाव राष्ट्रहित में एक व्यवहारिक और दूरदर्शी कदम होगा।

यथार्थ



समरजीत

**विकास कार्यों में निरंतरता:** हर चुनाव से पहले आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं। यदि एक साथ चुनाव हों, तो पूरे देश में एक बार आचार संहिता लागू होगी और फिर सरकारें बिना बाधा के कार्य कर सकेंगी। अमूमन एक चुनाव की पूरी प्रक्रिया में कम से कम डेढ़ महीना लग जाता है। अगर देश में एक साथ चुनाव होंगे तो यह समय विकास कार्यों के लिए मिल जाएगा। लगातार चुनावी माहौल में राजनीतिक दल जनहित की बजाय लोकलुभावनी घोषणाएं करने लगते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह प्रवृत्ति कम हो सकती है और सरकारें दीर्घकालिक नीति बना सकेंगी। मतदाता नेताओं के झांसे में नहीं आएंगे और वह अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सही लोगों का चुनाव करने में कामयाब होंगे।

**जनता उत्साह और सजगता से डालेगी वोट:** बार-बार चुनाव होने से मतदाता चुनावी प्रक्रिया से थकावट महसूस करने लगते हैं। हर कुछ महीने में किसी न किसी राज्य में चुनाव होने से लोगों की रुचि और भागीदारी पर असर पड़ता है। इससे मतदान प्रतिशत में गिरावट भी देखने को मिलती है। लगातार प्रचार, शोरगुल और राजनीतिक बयानबाजी से जनता भी मानसिक रूप से परेशान हो जाती है। यदि एक साथ चुनाव कराए जाएं, तो मतदाताओं को बार-बार इस प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। इससे वे अधिक उत्साह, सजगता और जागरूकता के साथ मतदान कर सकेंगे, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा।

**संवैधानिक और व्यावहारिक चुनौतियां:** वर्तमान में सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल अलग-अलग समय पर समाप्त होता है। सभी को एक साथ लाने के लिए या तो कुछ विधानसभाओं को समय से पहले भंग करना होगा या कुछ को कार्यकाल से अधिक समय देना होगा-यह एक संवेदनशील मुद्दा है, जिस पर अभी और ज्यादा मंथन करने की जरूरत है।

**सरकार गिरने की स्थिति में क्या होगा ?:** अगर कोई राज्य सरकार या केंद्र सरकार कार्यकाल पूरा होने से पहले गिर जाती है, तो केवल उसी राज्य या केंद्र के लिए दोबारा चुनाव कराए जाते हैं, पूरे देश में नहीं। ऐसे मामलों में राष्ट्रपति शासन या अंतरिम व्यवस्था लागू की जाती है जब तक नई सरकार नहीं बनती। 'एक साथ चुनाव' की अवधारणा इसी कारण चुनौतीपूर्ण हो जाती है, क्योंकि राजनीतिक अस्थिरता के चलते समय से पहले चुनाव की नौबत आ सकती है। ऐसे में इस प्रणाली को सफल बनाने के लिए संविधान में कुछ संशोधन और स्थायित्व सुनिश्चित करने की ठोस व्यवस्था आवश्यक होगी।

**राजनीतिक सहमति की कमी:** 'एक साथ चुनाव' की अवधारणा को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक सहमति की कमी रही है। अब तक अधिकांश विपक्षी दल इस विचार का विरोध करते आए हैं। उनका मानना है कि यह देश के संघीय ढांचे पर हमला है और इससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। वह तर्क देते हैं कि राज्यों को अपने चुनाव स्वतंत्र रूप से कराने का अधिकार होना चाहिए। यदि केंद्र सभी चुनावों को एक साथ करवाना चाहता है, तो यह सत्ता के केंद्रीकरण की दिशा में एक कदम माना जाएगा, इसलिए बिना राजनीतिक सर्वसम्मति के इस प्रणाली को लागू करना कठिन होगा।

**विपक्ष का दृष्टिकोण और आपत्तियां:** कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों का कहना है कि यह प्रणाली केंद्र सरकार को अत्यधिक शक्ति प्रदान करेगी और राज्यों की स्वायत्तता कमजोर होगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में प्रदेश के दौरे पर आई संयुक्त संसदीय समिति के दौरे के दौरान 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध करते हुए सुझाव दिया है कि उपचुनाव की समयसीमा को छह माह से बढ़ाकर एक वर्ष किया जा सकता है, जिससे चुनावी दबाव कुछ हद तक कम हो। विपक्ष की एक और चिंता यह है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर राष्ट्रीय मुद्दे राज्यों के मुद्दों पर हावी हो सकते हैं, जिससे क्षेत्रीय दलों को नुकसान हो सकता है।

**जनता की राय और जागरूकता:** जनता के बीच इस विषय पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं हैं। कुछ लोग इसे चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम मानते हैं, जबकि कुछ को डर है कि यह प्रणाली लोकतंत्र को केंद्रीकृत कर सकती है। यह भी सच है कि आम जनता को इस अवधारणा की गहराई से समझ नहीं है, इसलिए आवश्यक रूप से जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

**संयुक्त संसदीय समिति की भूमिका:** मोदी सरकार ने एक संयुक्त संसदीय समिति गठित की है जो विभिन्न राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और आम जनता की राय को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है। इस समिति ने राज्यों का दौरा भी शुरू किया है। शिमला में हुई एक बैठक में हिमाचल सरकार ने अपनी चिंता जताई थी और वैकल्पिक सुझाव दिए थे।

**तकनीकी और तथ्यात्मक तैयारियां:** अगर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने हैं तो इसके लिए चुनाव आयोग को अधिक ईवीएम, वीवीपैट, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की आवश्यकता होगी। यह एक बड़ी तथ्यात्मक चुनौती होगी, जिसके लिए वर्षों की योजना और संसाधन जुटाना होगा।

**अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य:** अमेरिका, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में एक निर्धारित समय पर चुनाव होते हैं। वहां लोकतंत्र में स्थिरता और जवाबदेही दोनों बनी रहती है। नि:संदेह भारत में, जहां संसाधनों और जनसंख्या का आकार विशाल है, वहां भी यह प्रयोग सफल हो सकता है, बशर्ते उसे भारतीय संदर्भ में ढालकर पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए।

**विचार जितना आकर्षक, उतना ही जटिल:** 'एक देश, एक चुनाव' न केवल एक नीतिगत बदलाव है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन की भूमिका निभा सकता है। इससे चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता, स्थिरता और खर्च में कटौती होगी। इससे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और राजनीतिक दल जनहित पर केंद्रित रह सकेंगे। हालांकि, इसके क्रियान्वयन से पहले व्यापक राजनीतिक सहमति, संवैधानिक संशोधन, जन जागरूकता और तकनीकी तैयारियां अनिवार्य हैं। यह विचार जितना आकर्षक है, उतना ही जटिल भी है। यदि इसे सावधानीपूर्वक लागू किया जाए, तो निश्चित रूप से यह भारतीय चुनाव और राजनीति की दिशा और दशा दोनों को बेहतर बनाएगा।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स ने की थी ओलंपिक खेलों की शुरुआत


भारत आधुनिक ओलंपिक खेलों में 105 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

2024 में पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक भारत की झोली में डाले थे, जबकि उससे पहले 2021 में टोक्यो ओलंपिक में भारत 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। ओलंपिक खेलों की शुरुआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किंतु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलंपिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात् 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलंपिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलंपिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, शीतकालीन ओलंपिक खेल और युवा ओलंपिक खेल का आयोजन किया जाता है।

पहला ग्रीष्मकालीन ओलंपिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलंपिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलंपिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं। फ्रांस के युवा



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर विशेष

शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलंपिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलंपिक खेल प्राचीन ओलंपिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए, लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उसाहजनक सफलता नहीं मिली, किंतु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे। 1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलंपिक खेलों को पुनर्जीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवंबर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे। उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुबर्तिन ने पूरे उत्साह से ओलंपिक खेलों की नए सिरे से पुन: शुरुआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कान्फ्रेंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलंपिक खेल कराए जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुबर्तिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ।

प्रथम ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलंपिक खेल में प्रथम ओलंपिक चैंपियन बनने का गौरव हासिल है। पहले ओलंपिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था, किंतु सन् 1900 में दूसरे ओलंपिक में महिलाओं को भी ओलंपिक खेलों के जरिए अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलंपिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलंपिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है, लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलंपिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया है। ओलंपिक खेलों के उद्घाटन के समय स्टेडियम में सबसे पहले ग्रीस की टीम प्रवेश करती है। उसके बाद मेजबान देश की भाषानुसार वर्णमाला के क्रम से एक-एक करके दूसरे देशों की टीमें स्टेडियम में प्रवेश करती हैं जबकि मेजबान देश की टीम सबके बाद स्टेडियम में पहुंचती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवभूमि में अभिभावकों के लिए नशाखोरी बनी गंभीर चुनौती

नशे का बढ़ता प्रचलन वर्तमान समाज के सामने गंभीर चुनौती हो गई है। अभिभावक अपने बच्चों को इस नशे की गर्त में जाने से कैसे बचाएं? यह उनके सामने यक्ष प्रश्न बना हुआ है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे अपने बच्चों को नशे के इस दानव से कैसे बचाएं? आए दिन नशेड़ियों के साथ घट रही अनहोनी घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए, वे अपने बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए घर से दूर भेजने से भी कतराने लगे हैं।



लेखक : राममलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

कुसंगति के कारण युवा वर्ग नशे के जाल में बुरी तरह से फंसता जा रहा है। इसके कारण कई घरों के चिराग बुझ गए तथा अनेक बसेरे हमेशा के लिए ही उजड़ गए। पहले नशा तंबाकू, भांग व शराब तक सीमित था, लेकिन अब भुक्की, हेरोइन, अफीम व चिट्टा आदि न जाने कैसे-कैसे जानलेवा नशे हैं। बताया जाता है कि यदि इन नशों की एक बार किसी को लत लग गई, तो कुछ समय बाद उसकी मौत निश्चित है। निरंतर नशे का प्रचलन बढ़ने से अपराधों का ग्राफ भी बढ़ने लगा है। नशेड़ी किसी भी हद तक गिर जाता है। नशे का आदी हो चुका नशेड़ी नशे में या नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसे अपना-पराया, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसके लिए वह बड़े से बड़ा अपराध भी कर देता है।

बुजुर्गों के अनुसार नशा करने वालों के घरों में दरिद्रता का बास होता है। उसके घर में सदैव धन-दौलत का अभाव बना रहता है। घर में मूलभूत सुविधाओं की कमी रहती है तथा कलह-क्लेश बढ़ता है। हर किसी से झगड़ा होता रहता है। नशेड़ी का परिवार बुरी तरह से बिखर जाता है। नशेड़ी को मां-बाप की परवाह नहीं होती। पत्नी से गाली-गलौज व मारपीट करता है। इससे बच्चों के मन-मष्तिक पर बुरा असर पड़ता है। समाज में उसकी कोई इज्जत नहीं होती। पास-पड़ोसी भी उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं। नशेड़ियों के परिवार हर समय परेशानी में रहता है। परिजनों का न खाने का समय होता है और न सोने का। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता रहता था। ऐसी स्थिति में परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या तक कर लेता है। शराबी के घर में सबसे अधिक



दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। संयुक्त परिवारों के टूटने से बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। माता-पिता उनके पालन-पोषण व अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए रात-दिन व्यस्त होते हैं। उनके पास बच्चों पर नजर रखने के लिए प्रयाप्त समय नहीं होता। इसलिए उनमें अपनेपन की कमी खलती रहती है। नतीजतन ऐसे बच्चे कुसंगति में फंस जाते हैं तथा अपने उद्देश्य से बुरी तरह भटक जाते हैं। संयुक्त परिवारों में बड़ों के प्रति आदर व छोटों के प्रति प्यार होता था।

इसलिए सभी के दिल में एक-दूसरे के प्रति मान-सम्मान होता था। बड़ा इसलिए कोई ऐसा काम नहीं करता था, जिससे छोटों पर बुरा असर पड़े। छोटों को बड़ों का डर रहता था, लेकिन अब छोटे परिवार हो गए हैं। मां-बाप अपने काम में जरूरत से ज्यादा व्यस्त है। इसलिए बच्चे मनमानी कर रहे हैं। जो बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं। वे ही जीवन में कुछ कर पाते हैं, लेकिन जो चलती-चलाते हैं। वे जीवन में बहुत बड़ा धोखा खाते हैं। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए वे छिट-पुट नशा करना शुरू करता है। फिर धीरे-धीरे उसकी यह आदत बन जाती है तथा उसके स्वर्णमयी भविष्य अंधकार में बदल जाता है। यही नहीं कई बार ऐसे नशेड़ियों को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। नशे की यह प्रवृति पहले बीड़ी-सिगरेट, भांग व शराब तक सीमित थी। समाज में शराब पीने वाले व्यक्ति का कोई मान-सम्मान ही नहीं होता था। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीता था, तो उसके बेटे या बेटी का रिश्ता करने में भी बड़ी मुश्किल से होती थी।

शराबी व्यक्ति से पूरा खानदान ही कलंकित माना जाता था। विवाह-शादियां हो या अन्य कोई कार्यक्रम शराब का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोगों को यह कहते भी सुना जाता है कि जिस कार्यक्रम में शराब नहीं चलती उसे फीका ही समझा जाता है। बीड़ी सिगरेट पीना तो अब आम बात हैं। प्रयोग में लाने के बाद मुंह से दुर्गंध आती है। अब तक नशे से कई जानें चली गई हैं तथा कई घरों में हमेशा के लिए अंधकार छा गया है। अब तो ऐसे-ऐसे नशे उपलब्ध है। जिनका नाम आम आदमी को पता तक नहीं है, इसलिए यदि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना है तो समाज की चिंता करने वाले नागरिकों को एक-जुट होना पड़ेगा। अन्यथा नशे के साथ ही अपराध भी बढ़ेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पंजाब से जुड़े हैं सरसों तेल फर्जीवाड़े के तार

## बद्दी की कंपनी को पंजाब के जालंधर की कंपनी ने किया था फर्जी लाइसेंस वाला तेल सप्लाई

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** बिना फूड लाइसेंस के हिमाचल के सरकारी डिपो पर बेचे जा रहे सरसों तेल के तार पंजाब से जुड़े हैं। इस फर्जीवाड़े में अब जालंधर की हरि संस ऑयल एंड कैमिकल कंपनी का नाम सामने आया है। यह कंपनी यूनिवर्सल गोल्ड सरसों तेल के पाउच तैयार करती है, जिन्हें आगे बद्दी की हिम एग्रो इंडस्ट्रीज को सप्लाई किया जाता है। हिम एग्रो इंडस्ट्रीज आगे सरकारी डिपो संचालकों से सांठगांठ करके यह तेल हिमाचलियों को परोस देती है।

बद्दी की हिम एग्रो इंडस्ट्रीज के पास पिछले कुछ दिनों में यूनिवर्सल गोल्ड नाम से फर्जी पाउच वाले करीब 18,300 पैकेट आए हैं। प्राप्त हुए बिलों के ब्यौरे को खंगालने पर पाया गया कि 5 जून को जालंधर की हरि संस कंपनी ने बद्दी की हिम एग्रो कंपनी को 9000 पाउच की सप्लाई की जबकि 10 जून 2025 को 9300 पैकेट सरसों के तेल की सप्लाई की गई। इस पूरे प्रकरण में बड़ा सवाल यही है कि जालंधर में बिना फूड लाइसेंस वाली कलकत्ता की यूनिवर्सल कंपनी के नाम पर पैकेट तैयार किए गए लेकिन किसी ने भी इसकी चैकिंग क्यों नहीं की। इसके बाद यह तेल पंजाब के रास्ते हिमाचल के बद्दी तक पहुंच गया लेकिन यहां पर हिमाचल के किसी अधिकारी को भनक तक नहीं लगी। उसपर बद्दी की कंपनी से यह तेल आगे सरकारी डिपो तक पहुंच गया, इसपर भी फूड सेफ्टी से लेकर फूड सप्लाई के अफसरों ने जांच-पड़ताल करने की जहमत तक नहीं उठाई।

विभाग के जिला कंट्रोलर ब्रिजेन्द्र पठानिया के मुताबिक उन्होंने राशन डिपो की पूरी जांच की, लेकिन उन्हें एक भी तेल का पैकेट नहीं मिला और न ही खरीद-फरोख्त का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध हो पाया। इस मामले में शिकायत बाद संज्ञान लेकर डिपी होल्डर को पीडीएस की आइटम के साथ नॉन ब्रांडिंग ऑयल रखने को लेकर शो काज नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी है। उधर, एक्साइज और फूड सप्लाई विभाग के उच्चाधिकारियों की मानें तो पता लगाया जा रहा है कि बद्दी की हिम एग्रो कंपनी कब से यह गोरखधंधा कर रही है। इसके लिए विभिन्न विभागीय स्तरों पर बिल की कॉपी, ट्रांसपोटेशन बिल वगैरह एकत्रित की जा रहे हैं। जैसे ही पूरा रिकॉर्ड हाथ में आएगा, सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभी तक की जांच में करसोग में भी यूनिवर्सल गोल्ड नाम के सरसों तेल का जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि करसोग में पिछले कुछ महीनों के दौरान बड़े स्तर पर यूनिवर्सल गोल्ड सरसों का तेल सप्लाई किया गया था।

### फ्रिज में रखने पर जम जाता तेल



**बता** दें कि धर्मपुर के उपभोक्ताओं के मुताबिक यूनिवर्सल गोल्ड सरसों के तेल को जब उन्होंने कुछ समय के लिए फ्रिज में रखा तो यह जम गया। सरसों का तेल तापमान कम होने पर जमता नहीं है। विशेषज्ञों की माने तो सरसों का तेल तभी जमता है, जब उसमें मिलावट हो। उनका कहना है कि यूनिवर्सल गोल्ड के तेल में मिलावट की पूरी परतें तभी खुल सकती हैं जब फूड सेफ्टी अफसर इस तेल की लैब में जांच करवाएं।

# 886 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी की एसआईयू ने बल्ह थाना के अंतर्गत नागचला के पास वोल्वो बस में सवार एक युवक के कब्जे से 886 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस थाना बल्ह ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम मंडी क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक वोल्वो बस नंबर डीडी-02बी- 9700 की चेकिंग के लिए रोका और उससे मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज कुमार (22) पुत्र सुरेश कुमार, निवासी गांव तुंगध, डाकघर बजौरा, तहसील सैंज, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# 28 तक सुबह 5 से 6:30 बजे तक एनएच-21 पर बंद रहेगा यातायात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

> 4 मील स्थान पर हिल स्केलिंग के कार्य के चलते रहेगा प्रतिबंधः डीसी

**राष्ट्रीय** राजमार्ग-21 पर मंडी और पंडोह के मध्य स्थित 4 मील स्थान पर फोरलेनिंग कार्य के तहत हिल स्केलिंग का कार्य प्रस्तावित है। आमजन की सुरक्षा व कार्य की तकनीकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस जगह 22 से 28 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34(ख) के अंतर्गत जारी किया गया है। परियोजना निदेशक, एनएचएआई पीआईयू मंडी द्वारा हिल स्केलिंग कार्य के लिए यातायात प्रतिबंध की अवधि में संशोधन तथा अनुमति के लिए प्रशासन से अनुरोध किया गया था, जिसे पुलिस अधीक्षक मंडी की अनुशंसा और तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में मंडी जिला में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। ऐसी स्थिति में यदि कार्य के दौरान किसी प्रकार की जनहानि अथवा सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान होता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी एनएचएआई एवं निर्माण एजेंसी केएमसी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की होगी। प्रशासन द्वारा लापरवाही की स्थिति में कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक पर एट्रोसिटी एक्ट में एफआईआर दर्ज

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के मलोह स्कूल में एक गंभीर मामला सामने आया है। मामले में एक छात्र को बाथरूम में बंद करने और उसका जातिसूचक अपमान किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर एट्रोसिटी एक्ट में एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित छात्र की माता हिमा देवी निवासी गांव नालनी डाकघर मलोह तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने आरोप लगाया कि दोपहर करीब 3 बजे से शाम 6 बजे तक किसी व्यक्ति ने उनके बेटे को स्कूल के बाथरूम में बंद कर दिया। इतना ही नहीं स्कूल में कार्यरत अध्यापक सुरेंद्र जंवाल पर जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुष्टि करते हुए डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित पक्ष और अन्य गवाहों से भी पूछताछ की जा रही है।

### नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत एक गंभीर मामला सामने आया है। इसमें एक नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। निहरी क्षेत्र की रहने वाली शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत में बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया है। प डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कॉलोनी की टीम नाबालिग की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है।

### टूटी-फूटी पाइप बनी परेशानी का सबब

**भीम बरोड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महादेव के गांव धनोटू के नैशनल हाइवे नं 21 से सटी टूटी-फूटी पाइपें महीनों से वाहन चालकों एवं पदयात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। नैशनल हाइवे का एक बड़ा भाग जहां बास मारती गंदगी से अटा पड़ा है वहीं जगह-जगह टूटी फूटी पाइपें आदि की सड़ांध मारते कचरे से हवा में जहर घुल रहा है जिससे उत्पन्न हुए भारी प्रदूषण से लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के आलम को कई बार ठिकाने लगाने की मांग उठाई जा चुकी है मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा सकी है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही घनी आबादी वाले तथा भीड़भाड़ वाले इलाके धनोटू के यहां स्वच्छता प्रदान करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### कृषि मंत्री चंद्र कुमार 26 को मंडी दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 26 जून को मंडी जिले के दौरे पर आ रहे हैं। यह जानकारी कृषि उपज मंडी समिति मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 1.73 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फल एवं सब्जी उप मंडी जाछ का उद्घाटन करेंगे। संजीव गुलेरिया ने बताया कि यह उप मंडी क्षेत्र के किसानों और बागवानों के लिए एक बड़ी सुविधा सिद्ध होगी, जिससे उन्हें अपनी उपज के उचित मूल्य प्राप्त करने और विपणन की बेहतर व्यवस्था का लाभ मिलेगा। किसान अब अपनी फल एवं सब्जी की उपज स्थानीय स्तर पर ही बेच सकेंगे जिससे परिवहन लागत में कमी आएगी और आमदनी में वृद्धि होगी। यह परियोजना मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की किसान हितैषी सोच का प्रतिफल है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि प्रो. चंद्र कुमार अपने इस दौरे के दौरान स्थानीय जनता की समस्याएं भी सुनेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### पेंशनरों को वित्तीय लाभ न देने पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला मंडी की बैठक जिला प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडी की सभी 14 इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभा में एकमत से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस बार प्रदेश नेतृत्व के लिए मंडी जिला भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगा। साथ ही, तथाकथित प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर द्वारा संगठन और व्यक्ति विशेष के खिलाफ की जा रही अमर्यादित टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए विरोध प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पेंशनरों को वित्तीय लाभ न देने पर विरोध जताया जाएगा। इस संबंध में सरकार के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश शर्मा और जिला सचिव रोशन लाल कपूर ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी पेंशनर संयम बनाए रखें।

### योगासन व प्राणायाम की विधियां सिखाईं

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** गुरु इंटरनेशनल LMS स्कूल में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर योगमय वातावरण से गूंज उठा, जहां छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना और ध्यान सत्र के साथ हुआ। इसके बाद योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न सरल योगासन व प्राणायाम की विधियां सिखाईं। सभी छात्रों ने पूरे जोश व लगन के साथ योगाभ्यास किया और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय की शैक्षणिक समन्वयक ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-संयम का मार्ग है।

# लकड़ी कटान प्रकरण में हाईकोर्ट की कार्रवाई का माकपा ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**धर्मपुर** उपमंडल में कई गांवों में प्रतिबंधित लकड़ी कटवा कर बहरी गांव में अवैध रूप से स्टोर करने पर हाईकोर्ट द्वारा कड़ा संज्ञान लेते हुए विधायक चंद्रशेखर और उनकी धर्मपत्नी कविता को कारण नोटिस जारी करने का माकपा ने स्वागत किया है। माकपा धर्मपुर के सचिव व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आरटीआई द्वारा सूचना लेने के बाद साफ हो गया था कि इस पूरे प्रकरण का सूत्रधार विधायक चंद्रशेखर व उनकी पत्नी है।

माकपा नेता का कहना है कि विधायक ने एक साल में ही अपने इरादे बता दिए कि जनसेवा उनके लिए पैसे कमाने का जरिया मात्र है। विधायक ने पहले साल की करोड़ों का बंगला बना लिया और फिर लकड़ी का अवैध धंधा शुरू कर दिया। इसमें धर्मपुर रेंज का रेंज अफसर ही मास्टर माइंड बताया जा रहा है। इस अधिकारी ने कई कर्मचारियों की नौकरी दांव पर लगा दी है।

### एनएच निर्माण कंपनी से विधायक की सांठ-गांठ

**भूपेंद्र** सिंह ने बताया कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण से बहुत ज्यादा परेशान हैं, लेकिन विधायक कहीं नजर नहीं आ रहे हैं जो बहुत ही गैर जिम्मेदाराना कार्य है। विधायक कंपनी के अवैध खनन माफिया को संरक्षण दे रहे हैं। यह भी चर्चा है कि निर्माण कंपनी के खिलाफ एक साल तक मुंह न खोलना किसी बड़े लेनदेन की ओर इशारा करता है।

# पुरानी मंडी में वार्ड सभा आयोजित, महापौर ने सुनीं जनता की समस्याएं
## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने की। वार्ड सभा का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर त्वरित समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना था। सभा के प्रारंभ में महापौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों के पास अभी तक पक्के मकान नहीं हैं, वे इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। पात्र लाभार्थियों को भवन निर्माण हेतु 2.50 लाख की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु एनएसआईसी प्रशिक्षण केंद्र, मंडी में निःशुल्क एटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में लाभ मिलेगा।

सभा में क्षेत्रवासियों ने कई स्थानीय समस्याएं उठाईं, जिनमें भीमाकाली रोड पर व्यास सदन के समीप जर्जर वर्षाशालिका के पुनर्निर्माण की मांग। पुरानी मंडी से भीमाकाली रोड तक पाइपलाइन बिछाने के बाद टूटी सड़कों की मरम्मत न होने से उत्पन्न समस्याएं। 'ठारू' बस स्टॉप के पास खुदाई के बाद पाइप न बिछाने से जलभराव की गंभीर समस्या शामिल रहीं। इन मुद्दों पर महापौर ने बताया कि उन्होंने एनएचएआई और जल शक्ति विभाग से कई बार पत्राचार व निरीक्षण करवाया है।



जनता की समस्याएं सुनते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

# फोरलेन निर्माण की अनियमितताओं पर सीपीआई लाल

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कर रही कंपनियों की ओर से निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं तथा उनके प्रति सरकार एवं प्रशासन के उदासीन रवैए को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने चिंता व्यक्त की है। मंडी की बाली चौकी तहसील मुख्यालय में आयोजित भाकपा की जिला इकाई की बैठक क्षेत्र के वरिष्ठ नेता कामरेड नरपत राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के पूर्व सदस्य कामरेड देश राज ने कहा कि एनएच 003 मंडी कोटली धर्मपुर जालंधर तथा मंडी पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कर रही कंपनियों की ओर से जगह-जगह किए गया अवैध खनन तथा डंपिंग के चलते आम जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।

# प्रदेश की सड़कों पर बढ़ता सैलानियों का हुड़दंग
## मंडी सदर के पंडोह में चलती कार में शराब और सिगरेट पीते युवकों का वीडियो वायरल

अनंत ज्ञान, मंडी

**प्रदेश** में इन दिनों पर्यटकों की आमद तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ सैलानी यातायात नियमों और सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पंडोह के कैंची मोड़ के समीप सामने आया है, जिसने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था और कानून के प्रभावी f, यान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को वायरल हुए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि दिल्ली नंबर की किआ सिरोस कार डीएल-10ई-5714 में सवार कुछ युवक चलती गाड़ी में सनरूफ और खिड़कियों से बाहर निकलकर सरेआम शराब और सिगरेट का सेवन कर रहे थे। वीडियो में स्पष्ट है कि एक युवक सनरूफ से बाहर निकलकर शराब पी रहा है, जबकि अन्य साथी खिड़की से लटकते हुए सिगरेट के कश लगा रहे हैं।

### वीडियो के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा, देवभूमि की गरिमा पर खतरा



**इस** घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में गहरा रोष देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि पर्यटन के नाम पर कुछ सैलानी देवभूमि की संस्कृति और मर्यादा को लगातार ठेस पहुंचा रहे हैं। यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि हिमाचल की छवि को बदनाम करने की एक घातक प्रवृत्ति है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि जनसुरक्षा को गंभीर खतरा भी हैं। ऐसे सैलानी अपनी जान ही नहीं, सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि टूरिस्ट सीजन के दौरान पुलिस व्यवस्था और पेट्रोलिंग में बढ़ोतरी की जरूरत है।

इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने जिला मंडी पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह प्रवृत्ति और बढ़ सकती है। साथ ही, ऐसे हुड़दंगी पर्यटकों पर भारी जुर्माना लगाने और लाइसेंस रद्द करने जैसी सख्त सजाएं तय की जानी चाहिए।

# रुद्राक्ष ने देव कमरुनाग यात्रा के दौरान दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**हाल** ही में पैलेस कॉलोनी मंडी से देव कमरुनाग के दर्शन के लिए निकले रुद्राक्ष ने एक अनुकरणीय कार्य कर समाज को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कमरुनाग मंदिर से दर्शन के उपरांत लौटते समय, रोहांडा मार्ग पर रुद्राक्ष ने रास्ते में फैले प्लास्टिक कचरे को स्वयं एकत्र किया। इनमें 5 बोरे चिप्स के खाली पैकेट, पानी व शीतल पेयों की बोतलें, प्लास्टिक की पन्नियां और टॉफियों के रैपर शामिल थे। इस कूड़े को उन्होंने मार्ग में लगे कूड़ेदानों में डालकर न केवल सफाई की मिसाल पेश की, बल्कि यात्रियों और श्रद्धालुओं को भी यह संदेश दिया कि धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं, विशेष रूप से प्लास्टिक का उपयोग सोच-समझकर करें। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि प्लास्टिक कचरा या तो अपने साथ ले जाएं या कूड़ेदान का प्रयोग करें। इस स्वच्छता अभियान की पहल न केवल एक सकारात्मक संदेश है, बल्कि यह एक सामाजिक जागरूकता की मिसाल भी है। ऐसे कार्य हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं।



रुद्राक्ष ने प्लास्टिक एकत्रित किया।

# आधार कार्ड अपडेट की प्रक्रिया को आसान बनाए सरकारः एनके पंडित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** सदर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एन. के. पंडित ने केंद्र की मोदी सरकार और हिमाचल की सुक्खू सरकार से आधार कार्ड अपडेट प्रक्रिया को सरल करने की अपील की है। उनका कहना है कि मायके और ससुराल में नाम में भिन्नता होने के कारण हजारों महिलाएं सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं।



एनके पंडित ने रविवार को मंडी से जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि उनके पास ऐसी कई महिलाओं की शिकायतें आई हैं, जो नाम सुधार कराने के लिए कई बार डाकघरों के चक्कर काट चुकी हैं, लेकिन प्रक्रिया इतनी जटिल और खर्चीली है कि सामान्य परिवार की महिलाओं के लिए यह मुश्किल बन जाता है। उन्होंने मंडी शहर की रहने वाली सोनिया शर्मा का उदाहरण देते हुए बताया कि सोनिया के पास स्कूल प्रमाणपत्र, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण-पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और बैंक खाता जैसे सभी सरकारी दस्तावेज हैं — फिर भी महज नाम के मामूली अंतर को लेकर उन्हें आधार कार्ड अपडेट कराने में कई अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। सोनिया शर्मा के अनुसार, डाकघर कर्मी उनसे दो समाचार पत्रों में नाम बदलने की सूचना प्रकाशित करने और फिर अधिवक्ता के माध्यम से शपथ पत्र बनवाने को कह रहे हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

# किसमें कितना है दम में छाई जानवी शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के छोटे से गांव कटेरु की रहने वाली जानवी शर्मा ने किसमें कितना है दम में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। उन्होंने अभी हाल ही में हुए टीवी रियलिटी शो किसमें कितना है दम सीजन-11 उत्तरी भारत के 4 राज्यों हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड के लिए आयोजित महा मुकाबले में डांस परफॉर्मेंस में द्वितीय स्थान हासिल किया है। जानवी शर्मा गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी में आठवीं कक्षा की छात्रा है उसकी पिता सब कंडक्टर और माता मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति में वित्तीय साक्षरता परियोजना में डाटा ऑपरेटर का कार्य करती है।



# दरांगण गांव में नाले के उफान से दो से अढ़ाई कनाल उपजाऊ भूमि हर साल होती है बर्बाद

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत के दरांगण गांव में भारी बारिश के दौरान गांव के बीच से बहने वाले छोटे नाले का जलस्तर बढ़ने से हर वर्ष ग्रामीणों की दो से अढ़ाई कनाल उपजाऊ जमीन बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्राम सुधार कमेटी दरांगण के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि नाले का पानी बरोट-घटासनी सड़क मार्ग से होकर उहल नदी में मिलता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के नीचे पाइपें लगाई गई हैं, लेकिन भारी बारिश में उनमें लकड़ी-पत्थर फंस जाते हैं, जिससे पानी खेतों में घुस जाता है। ग्रामीणों की जमीन में

> गांववासी बोले- विभाग को कई बार बताई समस्या फिर भी नहीं हुई हल

बार-बार पानी घुसने से फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाती हैं। 2017-18 में भी इसी कारण दो से अढ़ाई कनाल जमीन को नुकसान हुआ था। इस वर्ष 28 फरवरी को भी यही स्थिति दोहराई गई।

ग्रामीणों ने बताया कि पाइपों में रुकावट आने पर उन्होंने खुद ही मिट्टी, लकड़ी और पत्थर हटाकर पानी की निकासी की। लेकिन यह अस्थायी उपाय है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से बार-बार गुहार लगाई, मगर न तो अतिरिक्त पाइप डाले गए और न ही पुली का निर्माण किया गया। नाले में आने वाले बाढ़ के पानी के लिए सड़क के नीचे दो-दो पाइपें या पुली बनाई जा रही है। भारी बरसात से पहले स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उपजाऊ जमीन और फसलें बच सकें।

### गांववासियों में रोष, समाधान न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

**अनिल** कुमार, प्यार चंद, सुभाष ठाकुर, प्रेम कुमार, मनोज कुमार, राजिंद्र कुमार, हल्कू राम सहित समस्त ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# गासियां खड्ड पर डाली गई अवैध सामग्री को हटवाने में नाकाम रहा प्रशासनः भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**हिमाचल** किसान सभा खंड कमेटी 23 जून को धर्मपुर थाने में गावर और बीआरएन कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने जा रही है। इससे पहले 4 जून को सरकाघाट थाने में भी एफआईआर दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने केवल लिपापोती करके उसे अभी तक दर्ज नहीं किया है और उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा सचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने 11 अप्रैल को एसडीएम सरकाघाट एवं धर्मपुर को मांगपत्र सौंपा था और 16 अप्रैल को पाड्डू पुल पर पहला धरना दिया था और रास्ता रोका था और उसके बाद अब तक सात जगह प्रदर्शन हो चुके हैं। दो मई को धर्मपुर में

> एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ आज धर्मपुर में दर्ज होगी एफआईआर

एसडीएम ने कंपनी और मौर्थ विभाग के अधिकारियों को 20 जून तक गासियां खड्ड पर डाले जा रहे पुल के नीचे अवैध रूप में खड्ड में डाले गए मलबे को हटाने की समय सीमा तय की थी। लेकिन कंपनी ने अभी तक वो मलबा वहां से नहीं हटाया है और अब बरसात शुरू हो गई है और खड्ड का पानी रुक गया है और दोनों तरफ की सड़क को पक्का नहीं किया गया है जिसे उन्होंने 31 मई तक करने के लिए प्रशासन को वचन दिया था, लेकिन अभी तक प्रशासन गहरी नींद सोया हुआ है और मलबा हटाने और सड़क को पक्का नहीं करवा पाया है। वहीं नहीं स्कूल के पास स्कूल का रास्ता छह महीने पहले तोड़ दिया है और वहां कच्ची दीवार लगा दी है जो कभी भी स्कूल पर गिर जाएगी और जन माल का नुकसान हो सकता है। जिसके खिलाफ स्कूल प्रबंधक कमेटी और मुख्याध्यापक ने भी तीन बार शिकायतें दर्ज कराई है लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बल्कि में अवैध डंपिंग, ओबीसी व अनुसूचित जाति की बस्ती के घरों के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। पानी की नालियां नहीं बनाई गई है और नालों में कलवर्ट न डालने से दो दिन पहले हुई बारिश से तबाही मचा दी थी। हालांकि एसडीएम धर्मपुर ने वहां स्पॉट इंस्पेक्शन करने की बात कही थी लेकिन वे अभी तक वहां नहीं पहुंचे।

# आत्मनिर्भर एचपी शिवा परियोजना से बदली सुंदरनगर के खगरांओ गांव के किसानों की तकदीर
## बागवानों को 195 रुपए किलो तक मिले प्लम के दाम

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**प्रदेश** को फल उत्पादक राज्य बनाने और किसान परिवारों की आय बढ़ाते हुए उनकी आजीविका में सुधार करने की दिशा में प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। बागवानी विभाग द्वारा सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के खगरांओ गांव के 36 किसानों का एक क्लस्टर बनाया गया। गांव के 36 किसान परिवारों ने हिमाचल प्रदेश शिवा परियोजना के अंतर्गत 11.5 हेक्टेयर में प्लम का बगीचा तैयार कर उदाहरण पेश किया है। यहां प्लम के चार प्रकार-ब्लैक एंबर, रेड ब्यूट, सेंटा रोसा, फ्रायर के लगभग 7428 पौधे लगाए गए हैं।

सुंदरनगर की ग्राम पंचायत भलाणा के लाभार्थी व क्लस्टर के प्रधान संजय कुमार ने कहा कि उन्होंने प्लम का बगीचा वर्ष 2021 में एचपी शिव परियोजना के तहत लगाया है। इसमें चार किस्म के प्लम लगाए गए हैं। उसके भी पौधे लगाए गए। इसमें हमें निशुल्क प्लम के पौधे, पानी की सुविधा और बाड़बंदी भी की गई है। पौधों के लिए मल्चिंग शीट का भी प्रावधान रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 400 पौधों में लगभग 5 क्विंटल प्लम की फसल तैयार हुई है, जिसका अच्छा दाम भी मिला है। प्लम अधिकतम 195 रुपए किलो व न्यूनतम 100 रुपए किलो से कम नहीं बिका है। लाभार्थी तपस्या ने कहा कि उनके गांव में शिवा प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई जिसके अंतर्गत प्लम के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि शिवा परियोजना महिलाओं के लिए रोजगार का बेहतर साधन बनी जिसके लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हैं।

अमर सिंह ने कहा कि पहले वह गंदम और मक्की बीजते थे तो बंदरों और सूअरों के आतंक से कोई लाभ प्राप्त नहीं होता था। उद्यान विभाग की इस परियोजना से पूरे क्षेत्र में बाड़ बंदी की गई। शिवा परियोजना के आने से वह अपने भाग्य का समझते हैं।

### प्रदान की जा रही फ्री सुविधाएं

**विभाग** द्वारा किसानों को बगीचे में भूमि विकास, सिंचाई सुविधा के लिए टपक सिंचाई सुविधा, दो लाख लीटर क्षमता का टैंक, पंप हाउस, दो बोर वैल, बिजली उपलब्धता के लिए बिजली का ट्रांसफार्मर, सोलर बाड़बंदी, मशीनरी, कृषि उपकरण, उर्वरक, कीटनाशक इत्यादि निःशुल्क उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अलावा प्लम की चार उन्नत किस्मों के 7428 पौधे भी उपलब्ध करवाए गए हैं। किसानों को परियोजना के अंतर्गत समय-समय पर किसानों को फ्री प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।



बगीचे में काम करती हुई महिलाएं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ डॉ. शर्मा

**बागवानी** विभाग सुंदरनगर के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि विकास खंड सुंदरनगर में एचपी शिवा परियोजना फेज-1 के अनतर्गत 84 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद, प्लम, मौसमी और जापानी फल के लगभग 54,728 पौधे लगाए गए हैं। आगामी महीनों में लीची के 9375 पौधे भी लगाए जाएंगे और इससे 254 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। आगामी वर्षों में तैयार किए जाने वाले बगीचों के लिए 50 हेक्टेयर क्षेत्र भूमि का चयन किया जा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### लठियाणी में लगा आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** लठियाणी (बंगाणा) में अजय हेल्थ केयर ऊना और शहीद भगत सिंह क्लब लठियाणी की ओर से आयोजित आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते विधायक विवेक शर्मा और उनके साथ अजय वर्मा, डॉ. सुनील क्राउन, पंकज कुमार तथा अन्य गणमान्य। शिविर में दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ हासिल किया।

### ऊना डाक मंडल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डाक मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर ऊना डाक मंडल प्रमुख भुपिंदर सिंह के नेतृत्व में विभिन्न डाकघरों में योग दिवस मनाया गया। ऊना डाक मंडल के सभी डाक कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यस्थल पर योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग किया गया तथा अपने आसपास के लोगों को भी इस बारे में जागरूक किया गया। इस तरह अपने आसपास के लोगों को योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के संदेश भी दिया गया। इस अवसर ऊना प्रधान डाकघर में 11वें योग दिवस के उपलक्ष्य पर गरिमामय आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु पंडित सूरज गौतम के नेतृत्व में डाक विभाग के कर्मचारियों द्वारा योग अभ्यास कर इस पर्व को मनाया गया। योग शिविर के दौरान दैनिक खानपान और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में भी चर्चा की गई। इस दौरान सभी कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प भी लिया गया। अधीक्षक डाकघर ऊना भुपिंदर सिंह द्वारा पोस्टल कॉलोनी ऊना में इस अवसर पर एक पेड़ भी प्रकृति संरक्षण की मुहिम को बल प्रदान करने हेतु लगाया गया तथा सभी से प्रकृति संरक्षण के लिए कदम उठाने हेतु अपील की गई।

### ऊना कॉलेज में छात्रों को योग के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी व रोवर रेंजर्स इकाई द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में बच्चों को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इसके बाद स्वयंसेवी विशाल और स्मृति शर्मा ने विभिन्न आसन करवाए। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो. मंजीत मान, एनसीसी अधिकारी डॉ. मोनिका खन्ना, रोवर स्काउट लीडर प्रो. शाम सिंह बैंस व अन्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के साथ रोवर रेंजर, एनसीसी व एनएसएस के छात्र भी मौजूद रहे।

### घनारी के संघनई में लोगों ने किया योग

**अनंत ज्ञान, घनारी।** तहसील घनारी में पड़ते गांव संघनेई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास करवाया गया। इसमें योग प्रशिक्षिका कामना देवी ने महिलाओं और बच्चों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, जोगिंग तथा आसनों के बारे में बताया और आगे कहा कि योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। योग के विशेष महत्व के बारे मे बताते हुए प्रशिक्षिका कामना ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक सशक्त प्रक्रिया है। यह मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुंचाने का माध्यम बनता है। इस कार्यक्रम मे रूहानी, सिमरन, रिम्पल, आरती, मनीष, दामनी जतिन, पलक, सीम आदि ने योगाभ्यास किया।

# तालाब में मछली पालन का विरोध

## महात्मा ने बनेहड़ा में करवाया था निर्माण, मछलियों की मौत के बाद उठे सवाल

आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध महात्मा द्वारा बनेहड़ा के ऐतिहासिक तालाब का निर्माण कराया था। इस तालाब में कब किसने मछलियों का पालन शुरू कर दिया, यह किसी को भनक तक नहीं लगी। अब जब मछलियों के मरने का सिलसिला शुरू हुआ तो यह बात पूरे गांव के सामने उजागर हो गई। धार्मिक मान्यताओं से जुड़े तालाब में मछलियों की मौत से स्थानीय लोग भी आहत हैं।

इंसान के मनमाने शौक कभी किस तरह से प्रकृति के जीवों के लिए काल बन जाते हैं, आम जनमानस को भी परेशानी में डाल देते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गगरेट क्षेत्र के गोंदपुर बनेहड़ा तालाब में मछलियों के मरने की घटना से उजागर होता है। इस तालाब का निर्माण महात्मा समाल गिर ने किया था, जिसके चलते आम जनमानस से इसकी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। बता दें कि इस तालाब में पहले भी मछलियों को डालने का प्रयास किया गया व वर्षों तक यह तालाब सूखा ओर बूटी-कचरे से घिरा रहा, लेकिन हैरानीजनक है कि मछलियों को पालने के शौकीनों की मनमानी को न तो ग्राम पंचायत ने रोकने की जहमत उठाई और न ही ग्रामवासी इस बारे ध्यान दे पाए।



तालाब से मृत मछलियों को बाहर निकालते लोग।

**पंचायत सदस्य ने मामले की जांच का किया आग्रह**

इतना जरूर है कि इस तालाब के सुधार कार्य को रोकने को लेकर कुछ विकास विरोधी लोग बाधा बन रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है कि मछलियां डालने के बाद उनके लिए रखरखाव, स्वच्छता, मरने से बचाने को लेकर कोई गंभीर नही दिखता।

तालाब में मछलियां मरने की घटना से प्रबुद्ध वर्ग चिंता में है, वहीं पंचायत व प्रशासन से मांग उठाई है कि तालाब में भविष्य में मछलियां न डाली जाएं। समाज सेवी राजेंद्र कुमार, अशोक कुमार, गगन कुमार आदि ने धार्मिक मान्यताओं से जुड़े तालाब में मछली पालन का विरोध किया है।

स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और उन्होंने जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, स्थानीय विधायक राकेश कालिया से आग्रह किया है कि इस मामले की जांच कराई जाए और अगर कोई इसमें खामी पाई जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि इस बारे में पंचायत कार्यालय को लिखित तौर पर पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया है।

### बीमारी फैलने की आशंका से डरे लोग

**घनारी।** गोंदपुर बनेहड़ा तालाब में मछलियों के मरने की घटना को दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन इस तरफ सरकारी तौर पर कोई ध्यान नहीं दिया है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तालाब में मछलियों के मरने के कारण पानी में बदबू आ रही है, अधिक मात्रा या आटे के अधिक खाने या ठहरे पानी में खेतों में दवाई आदि से वर्षा के पानी के साथ आना माना जा रहा है। एक संत द्वारा बनाए तालाब में मरी मछलियों को लेकर जिस तरह से प्रवासियों को बुलाकर उनको तालाब से मरी मछलियां निकालने के लिए लगाया गया, उससे पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगता है। बताया जा रहा है कि मछलियां मरने की घटना के बाद से मछलियां डालने वाले भी आसपास नहीं दिखे हैं। ग्राम पंचायत जहां इस तालाब में मछलियों को डालने की बात नकार रही है, वहीं हैरानीजनक है किपंचायत को पता ही नहीं है कि तालाब में मछलियां किसने डाली हैं। आम जनमानस में मछलियों के मरने से जहां किसी रोग के फैलने को लेकर आशंका चलते भय का वातावरण बना हुआ है।

# पूर्व विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को 'विकसित भारत 2047' का दिलाया संकल्प

अनंत ज्ञान, अंब

भारतीय जनता पार्टी मंडल दौलतपुर चौक की ओर से रविवार को गांव हरवाल में 'विकसित भारत संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर रहे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक व भाजपा नेता चैतन्य शर्मा, जिला पार्षद सुशील कालिया, जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत पटियाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव राजू, राममूर्ति शर्मा, अनिल डडवाल, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, उपाध्यक्ष तरसेम सिम्मी, लक्ष्मी जरियाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को 'विकसित भारत 2047' का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक जन आंदोलन है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर बलबीर सिंह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि दशकों तक केंद्र में रही कांग्रेस सरकारों ने देश की क्षमता को बाधित किया और भ्रष्टाचार, वंशवाद और निर्णयहीनता के चलते भारत को विकास की राह पर ले जाने में असफल रहीं। इस मौके पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में जो कार्य किए हैं, वह कांग्रेस सरकारें दशकों में नहीं कर पाईं।



'विकसित भारत संकल्प' कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य।

# त्यासर में पुली निर्माण को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** लठियाणी पंचायत के अंतर्गत आने वाले त्यासर गांव में प्रस्तावित पुली निर्माण को लेकर आज पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र में आ रही आवागमन की दिक्कतों और बरसात के समय बढ़ती समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने बताया कि पुली के अभाव में कई बार नाले के ऊपर से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है, विशेषकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए।

जोगिंद्र देव आर्य ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुली निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर और जल्द ही कार्य आरंभ करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचें और विकास की प्रक्रिया हर घर तक पहुंचे। ग्रामीणों की भागीदारी से ही स्थायी समाधान संभव है।

# दो ट्रक यूनियनों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

## दोनों पक्षों के बीच झड़प में डंडों और पत्थरों का हुआ खुलकर इस्तेमाल

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**अंब।** अंब क्षेत्र में सोमवार को दो ट्रक यूनियनों, ट्रक यूनियन अंब और ट्रक यूनियन भंजाल के बीच चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच झड़प में डंडों और पत्थरों का खुलकर इस्तेमाल हुआ, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब 11 बजे ट्रक यूनियन भंजाल क्षेत्र के पास हुई, जब दोनों यूनियन के सदस्य कथित तौर पर माल ढुलाई के अधिकार को लेकर आमने-सामने आ गए। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। इस झड़प में कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आई हैं।

**चश्मदीदों का क्या है कहना :** स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हमारे सामने ही लोग हाथों में डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। पुलिस समय पर न पहुंचती, तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

**प्रशासन ने लिया नियंत्रण में मामला :** घटना की सूचना मिलते ही अंब के एसडीएम सचिन शर्मा और एसएचओ अंब फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और दोनों पक्षों को अलग किया। एसडीएम ने मौके पर इकट्ठे हुए ट्रक चालकों व मालिकों से दो दिन के अंदर समस्या का हल निकालने का आश्वासन देकर माहौल को शांत करवाया है।



दोनों पक्षों से बातचीत करते प्रशासनिक अधिकारी।

**क्या है विवाद की जड़ :** सूत्रों के अनुसार, ट्रक यूनियन अंब और भंजाल के बीच औद्योगिक क्षेत्र में माल ढुलाई के रूट और ठेकेदारी को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों यूनियन खुद को क्षेत्र में अधिकृत ठेकेदार मानती हैं, जिससे समय-समय पर टकराव की स्थिति बनती रहती है।

**पुलिस कर रही है जांच :** पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और वीडियो फुटेज व गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक फिलहाल किसी को भी हिरासत मैं नहीं लिया गया है।

> हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी से शांति बनाए रखने की अपील है।
>
> **सचिन शर्मा, एसडीएम अंब**

**शांति की अपील :** अंब थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। क्षेत्र में फिलहाल अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई भी अप्रिय घटना दोबारा न हो।

# पत्रकार राजेश पराशर की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन, जताया शोक

**अनंत ज्ञान, घनारी/हरोली।** घनारी गांव से संबंध रखने वाले दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राजेश पराशर का पार्थिव शरीर रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। इस मौके पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह पटियाल, गगरेट ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान सुरेंद्र सिंह कंवर, पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्वनी ठाकुर, ट्रक यूनियन प्रधान सतीश गोगी,गांववासी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शोक व्यक्त किया। वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी टिवट्र के जरिए अपनी संवेदना प्रकट की।

वहीं, गगरेट से दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार राजेश पराशर के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब हरोली ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शनिवार को 54 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। पराशर एक प्रतिबद्ध, संवेदनशील और जुझारू पत्रकार थे। प्रेस क्लब हरोली के संरक्षक दिनेश गौतम, राजन चबा, अध्यक्ष गणपति गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय राणा, उपाध्यक्ष राजीव राठौर, नितिश कुमार, महासचिव नवीन महेश, सलाहकार सुरिंदर कुमार, अश्वनी प्रभाकर, रामनारायण प्रभाकर, पंकज, नरेश कुमार ने इस दुखद समाचार पर शोक जताया है। सभी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

# भुट्टो ने क्रिकेट चैंपियनों का किया सम्मान

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की रायपुर पंचायत के रायपुर यूथ क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगता के समापन समारोह के मुख्यातिथि कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत की। उन्होंने सभी टीमों को सम्मानित किया और युवाओं के बीच एक स्पष्ट संदेश दिया कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपने संबोधन में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये करियर का एक मजबूत माध्यम भी बन चुके हैं। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र नशा मुक्त हो और यहां का हर युवा पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी खेल में निपुण बने। अपने वक्तव्य में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने इस बात पर दुख जताया कि कुटलैहड़ जैसे बड़े क्षेत्र में आज तक एक भी समुचित खेल मैदान नहीं बन पाया है। उन्होंने इसे निंदनीय करार देते हुए कहा कि आज भी क्षेत्र के युवा खेलों की तैयारी के लिए सड़कों पर दौड़ लगाने को मजबूर हैं, जो एक चिंताजनक स्थिति है।



क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मौजूद देवेंद्र भुट्टो, गणमान्य व अन्य।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि राज्य में भाजपा सरकार बनती है, तो कुटलैहड़ के चारों जिला परिषद वार्डों में चार अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाए जाएंगे। इन स्टेडियमों में युवाओं को सभी आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देवेंद्र कुमार भुट्टो ने आयोजन समिति को 11 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, उपाध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया, सूरम सिंह, नीरज परमार, अभय सिंह राणा, स्थानीय प्रधान, उपप्रधान, क्लब के सदस्य एवं बडी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

# योग और प्राणायाम को जीवन का अंग बनाने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान, ऊना

शिक्षा सुधार समिति ईसपुर में गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र पंडोगा तीन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक राजेंद्र धीमान तहसील प्रभारी ने लोगों को योगासन, प्राणायाम तथा अन्य सूक्ष्म क्रियाएं बच्चों तथा अध्यापकों को सिखाई। उन्होंने योग और प्राणायाम को जीवन का अंग बना लेने का आह्वान किया।

योग शिक्षक सतीश शर्मा ने कहा कि हमारे फेफड़ों में लगभग 8 करोड़ बारिक सैल होते हैं जिनमें से हम केवल 2 करोड़ का ही इस्तेमाल करते हैं, शेष 4 करोड़ निष्क्रिय बने रहते हैं, जो कि उन्हें रोगी बना देता है, इसलिए योग करना बहुत ही जरूरी है।

शिक्षा सुधार समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने अतिथियों व विशेष तौर पर शिवपाल ठाकुर और रेखा ठाकुर का सम्मान किया। शिक्षा सुधार समिति के अध्यक्ष चित विलास पाठक ने अतिथियों का धन्यवाद किया। शिव पाल ठाकुर ने योग शिविर के उपरांत सबको फल भी बांटे तथा इन प्रवासी लोगों के बच्चों को वर्ष भर वालंटियर के तौर पर पढ़ाने का प्रण भी लिया।



पंडोगा में शिक्षा सुधार समिति के विशेष शिविर में योग करते लोग।

# दैण की बेटी मानसी बनीं आर्मी फ्लाइंग ऑफिसर

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के दैण गांव की होनहार बेटी मानसी राजपूत ने भारतीय सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानसी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

मानसी राजपूत ने बताया कि मुझे बचपन से ही देशभक्ति और वर्दी का जुनून था। मेरे परिवार, खासकर मेरे दिवंगत दादा रूप सिंह ठाकुर ने हमेशा मुझे ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। आज जो भी मैं हूं, उसमें उनके आशीर्वाद और मेरे माता-पिता के त्याग का बड़ा योगदान है। मानसी ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं था। कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने उन्हें इस कठिन परीक्षा में सफल बनाया। उन्होंने कहा कि एनडीए और एसएसबी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उन्होंने कई बार असफलता का सामना किया, लेकिन कभी हिम्मत नहीं हारी। दैहड़ गांव में मानसी के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए 'गर्व का क्षण' बताते हुए उनके स्वागत में विशेष आयोजन करने की घोषणा की है।



मानसी राजपूत अपने परिवार व अन्य गणमान्यों के साथ।

**मानसी ने बेटियों को दिया संदेश :** आज की बेटियों में असीम क्षमता है। अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना दूर नहीं। समाज की सोच अब बदल रही है, और हमें खुद पर विश्वास रखना होगा।

**दी बधाई :** मानसी की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता भावुक हो गए। उनकी मां ने कहा कि बेटी ने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। वह न केवल हमारी बेटी है, बल्कि पूरे देश की बेटी है।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मानसी और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कियह क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है। मानसी की यह उड़ान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# राजकुमार ने घायल गोवंश का करवाया इलाज, भेजा गोशाला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया ने एक बार फिर अपनी गोसेवा की भावना को धरातल पर उतारते हुए नलवाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ी गोवंश का उपचार करवाकर उसे सुरक्षित गोशाला भिजवाया। उनका यह कार्य न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि क्षेत्र में गोसेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करने वाला भी है। राजकुमार मनकोटिया स्थानीय कार्य से नलवाड़ी क्षेत्र से गुजर रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक गाय गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ी हुई थी, तुरंत बिना किसी देरी के उन्होंने स्थानीय पशु चिकित्सक को बुलवाया और अपने निजी खर्चे पर उसका इलाज करवाया। उपचार के बाद घायल गोवंश को क्षेत्र की नजदीकी गोशाला में भेजा गया, जहां उसका समुचित देखभाल सुनिश्चित किया। क्षेत्र की अनेक गोशालाओं में उन्होंने हरे चारे और सूखी घास की नियमित व्यवस्था भी करवाई है। उनके प्रयासों से कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गौशालाएं न केवल साफ-सुथरी बनी हुई हैं, बल्कि गौवंश के लिए एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण आश्रय स्थल का रूप ले चुकी हैं।



घायल गोवंश का उपचार कराते हुए राजकुमार व अन्य।

**सहूलियत** 58 लाख की लागत से बन रहा 865 मीटर लंबा ओवरब्रिज, अब बरसात में लोगों को नहीं झेलनी पड़ेंगी दिक्कतें

# डैहन वासियों को आजादी के 78 वर्ष बाद मिल रही सड़क सुविधा

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में आजादी के 78 वर्ष बाद कोहडरा के डैहन गांव के निवासियों के लिए एक नई सुबह का आरंभ हुआ है। वर्षों से बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित इस गांव को अब आखिरकार एक पक्की सड़क यानि ओवरब्रिज मिलने जा रहा है। गौर हो कि डैहन गांव के लोग अब तक बरसात में नाले के माध्यम से जान जोखिम में डालकर आवागमन करते थे, लेकिन अब 58 लाख रुपए की लागत से एक 865 मीटर लंबा ओवरब्रिज तैयार किया जा रहा है, जो न केवल गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ेगा, बल्कि सैकड़ों परिवारों की वर्षों पुरानी परेशानी का स्थायी समाधान भी प्रदान करेगा।

रविवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परियोजना न केवल एक पुल है, बल्कि एक प्रतीक है ग्रामीण विकास और शासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



डैहन गांव में विकास कार्यों की समीक्षा के बाद विधायक के साथ ग्रामीण।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमने चुनावों के दौरान कोहडरा के डैहन वासियों से सड़क सुविधा प्रदान करने का वादा किया था, अब उस वादे को निभाने का समय है। पहले चरण में हमने 18 लाख रुपए का टेंडर लगाया, और अब दूसरे चरण में 40 लाख रुपए की लागत से कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

विवेक शर्मा ने कहा कि ओवरब्रिज को विशेष रूप से इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह नाले के ऊपर बने और पानी की निकासी में कोई बाधा न आए। पहले जहां ग्रामीणों को बरसात के दिनों में नाले से गुजरना पड़ता था, अब वहीं यह पुल उनके लिए सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग बनेगा।

**ग्रामीणों ने जताया आभार :** बंगाणा के कोहडरा के डैहन गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक कार्य के लिए विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि वर्षों से इस गांव की अनदेखी होती रही है और पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने वास्तव में उनकी पीड़ा को समझा और समाधान के लिए ठोस कदम उठाया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कार्यवाहक एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार पंचायतीराज विभाग, जलशक्ति विभाग, कृषि अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम में भव्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के प्रख्यात ब्रह्मकुमारी आश्रम बंगाणा में रविवार को एक विशेष भव्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का आयोजन आश्रम को मिली 118 की परमिशन के उपलक्ष्य में किया गया था, जो कि मुख्यमंत्री सुक्खू के सहयोग और विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से संभव हो पाया। बंगाणा के ब्रह्मकुमारी आश्रम बंगाणा को लंबे समय से 118 की सरकारी अनुमति की आवश्यकता थी, जिससे आश्रम की गतिविधियों को कानूनी और प्रशासनिक आधार मिल सके। इस महत्वपूर्ण मंजूरी को प्राप्त करना आसान नहीं था, लेकिन विधायक विवेक शर्मा ने इसे प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार के समक्ष इस मुद्दे को मजबूती से रखा। मुख्यमंत्री ने विधायक विवेक शर्मा पुरजोर अनुरोध और क्षेत्र की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस अनुमति को स्वीकृति दी। बंगाणा आश्रम में आयोजित इस विशेष आभार समारोह में बड़ी संख्या में साधक, स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और ब्रह्मकुमारी संगठन के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री सुक्खू और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह परमिशन न केवल आश्रम की विधिक स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि भविष्य में यहां चलने वाली आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। विधायक विवेक शर्मा का आश्रम परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ब्रह्मकुमारी आश्रम बंगाणा क्षेत्र की आध्यात्मिक पहचान है। इस आश्रम को सशक्त करना मेरा कर्तव्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार किसान मेले में शिरकत करेंगे कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री, प्रोफेसर चंद्र कुमार 25 जून को बंजार में आयोजित किसान मेले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि किसान मेला प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। मेले में कृषि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई तकनीकों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### 4 से 6 तक होगा कुंगश का 20 आषाढ़ मेला

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुंगश का प्राचीन, पारंपरिक 20 आषाढ़ मेला 4 से 6 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं कुंगश पंचायत के प्रधान राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कमेटी के मीडिया प्रभारी कारदार रूपेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मेले का शुभारंभ 4 जलाई को क्षेत्र के आराध्य देव पनेउई नाग देवता और चिमनी के माहूंनाग देवता के भव्य मिलन के साथ होगा, जबकि 6 जुलाई को देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ मेले का समापन होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन दिवसीय इस मेले के दौरान 4 और 5 जुलाई की रात को लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जबकि दैनिक कार्यक्रमों में महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता, वॉलीबाल प्रतियोगिता, महिला मंडलों की लोकनृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति किया जागरूक

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान, निरमंड।** भाजपा मंडल निरमंड में एकदिवसीय संगठनात्मक परिचय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडलाध्यक्ष निरमंड नरोत्तम ठाकुर ने की। बैठक में विशेष रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद मौजूद रहे। बैठक में मुख्य प्रवक्ता के रूप में संसदीय संगठन मंत्री सुरेश शर्मा रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से मंडल स्तर तक दायित्व के प्रति भी नई कार्यों को ऊर्जा दी। इसके बावजूद पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक अमर ठाकुर ने भी अपने उर्जावान संबोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने संगठन के इतिहास व समर्पण को भी कार्यकर्ताओं के बीच में रखा। इसके बाद विशेषातिथि अमित सूद ने अपने अभिभाषण कार्यकर्ताओं के बीच अपने चुटकुले वाले अंदाज में रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री के क्षेत्रीय दौरे को भी उनकी सरकार की गारंटियों की तरह बताया, जिस प्रकार से जनता के बीच यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है। वैसी ही झूठी बातें जनता में करी जा रही हैं। अपने अंतिम अभिभाषण के रूप में आनी विधानसभा के विधायक लोकेंद्र कुमार ने आए हुए सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

### मजदूरों पर थोपी जा रही शोषणकारी नीतियां: राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सीटू जिला कमेटी की बैठक रविवार को सीटू कार्यालय कुल्लू में जिला कार्यकारी अध्यक्ष चमन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर सीटू के जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को कुल्लू में चार स्थानों, कुल्लू, सैंज, बंजार व आनी में हजारों मजदूर हड़ताल पर जाएंगे और विरोध-प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल में भवन निर्माण, मनरेगा, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील, रेहड़ी-फड़ी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, आईआरएमटी, बदागढ़ मिनी प्रोजेक्ट, एनएचपीसी, एचपीसीएल, मलाना प्रोजेक्ट, आदि यूनियनें शामिल होंगी। बैठक में सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार स्थायी रोजगार को समाप्त करके फिक्स टर्म, अस्थायी रोजगार को बढ़ावा दे रही है।

### कुंज लाल को सब्जी मंडी एसोसिएशन की कमान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक रविवार को आयोजित हुई। इस दौरान एसोसिएशन का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। 2022-2025 की पूरी कार्यकारिणी को ही उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए अगले तीन वर्षों के लिए पुनः चुना गया। इसमें अध्यक्ष के रूप में कुंज लाल ठाकुर, उपाध्यक्ष सुभाष चौहान, महासचिव रोशन मालपा और कोषाध्यक्ष सुभाष ठाकुर को चुना गया व पूर्ण ठाकुर को एसोसिएशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया। वहीं, दुर्गा ठाकुर, अजय ठाकुर और फतेह चौहान को सलाहकार पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# एक साल बाद भी बागीपुल के जख्म हरे

## आपदा में बागीपुल क्षेत्र में 9 लोग बह गए थे, जिनमें से 3 के शव मिले, 6 अभी भी लापता

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



एक साल पहले आपदा से बागीपुल क्षेत्र में हुआ नुकसान, जहां आज भी हालत जस के तस।

**आनी।** 31 जुलाई, 2024 की वह काली रात जब श्रीखंड महादेव की शांत घाटियों में बादल फटा था, आज भी बागीपुल और समेज के लोगों के जेहन में जिंदा है।

नैन सरोवर और भीम डवारी क्षेत्र से उठी जलप्रलय ने मानो पहाड़ को चीर दिया हो। बागीपुल के घर, दुकानें और इंसान सबकुछ बह गए। कई दुकानें, घर, सरकारी संस्थान बह गए, नौ लोग लापता हुए, जिनमें केवल तीन की लाशें मिलीं, बाकी छह आज भी गुमनामी की कब्र में हैं। बागीपुल में कुर्पन खड्ड के किनारे आज भी सिर्फ वीरानी है, मलबा है और सरकार की अधूरी वादों की चुप्पी। एक साल गुजर गया, लेकिन राहत कार्य अधूरे हैं, मुआवजा अधूरा है और इंसाफ नदारद। मुख्यमंत्री सुक्खू का हालिया बागा सराहन में 'सरकार गांव द्वार' दौरा इसी बागीपुल मार्ग से हुआ। उन्होंने भी तबाही के निशान देखे, जबकि अब भी तीन पुल बह चुके हैं और वाहनों की आवाजाही अस्थायी वैली ब्रिज पर निर्भर है। स्थानीय विधायक लोकेंद्र कुमार ने सदन से सड़क तक आवाज उठाई पर अफसोस, शिमला के प्रभावितों को राहत देने वाली ग्रीनको कंपनी, आनी के पीड़ितों को भूल गई। स्थानीय निवासी रोहित बंसल और दुरमा देवी जैसे पीड़ितों की आंखों में अब भी उस रात का डर और आज की बेबसी झलकती है। वे कहते हैं कि अगर समय रहते तटीकरण और डंगे न बने, तो बागीपुल फिर किसी आपदा का शिकार हो सकता है। बागीपुल निवासी रोहित बंसल ने कहा कि 31 जुलाई, 2024 की रात को बाढ़ आने से उनका मकान बह गया था। लोगों को क्षतिपूर्ति के लिए 50 फीसदी मुआवजा मिल चुका है। हालांकि, अभी यह क्षेत्र पूरी तरह से तहस-नहस ही है। यहां आठ दस दुकानें और इतने ही मकान बह गए थे। उन्होंने कहा कि 2004 में भी यहां बाढ़ आई थी और पुल बह गया था।

यहां बाड़बंदी और डंगों को देने की जरूरत है। स्थानीय निवासी दुरमा देवी ने बताया कि पिछली बार उनका यहां काफी नुकसान हुआ। उनके चूली के पेड़ नदी में बह गए। देवर का मकान भी मलबे की चपेट में आ गया। दुरमा देवी की आंखें आज भी उस रात की चीखें बयां करती हैं। रोहित बंसल का घर जो कभी हंसता था, अब खामोश खंडहर है। उन्होंने कहा, यह इलाका पहले भी 2004 में तबाह हुआ था, पर हर बार सरकार की नींद देर से खुलती है। बागीपुल आज भी राहत नहीं, इंसाफ और पुनर्वास की पुकार कर रहा है। अब वक्त आ गया है कि सरकार केवल दौरे नहीं, डंगे बनाए, तटीकरण करे और टूटे सपनों को फिर से जोड़े। सीएम ने बागीपुल समेत इस समूची सड़क की बदहाली पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आपदा राहत पर केंद्र से समय रहते पर्याप्त मदद न मिलने की बात दोहराई और राज्य सरकार के अपने साधनों से स्थिति को पटरी पर लाने की बात की। उन्होंने अधिकारियों को भी इन तमाम समस्याओं का अपने उपलब्ध साधनों से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

# बरसात से पहले ही कुल्लू व लाहौल के नालों में बाढ़ का सिलसिला शुरू

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू में बरसात शुरू होने से पहले ही बादल फटने और बाढ़ आने का सिलसिला शुरू हो गया है। कहीं नालों का जलस्तर बढ़ने लगा है, तो कहीं भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनने लगी है। इसी कड़ी में मनाली क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते सोलंग नाला और उसके आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं।

दोपहर के समय अंजनी महादेव नाले में अचानक जलस्तर बढ़ गया। नाले में पानी का तेज बहाव देखकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सभी पर्यटक अंजनी महादेव से सोलंग नाला की ओर आ गए, लेकिन बाढ़ ने डर पैदा कर दिया। वहीं, सोलंग नाला के समीप आखिरी नाले में भी बाढ़ आ गई। हालांकि, पानी स्नो गैलरी के उपर से वह गया और कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पर्यटकों से इस क्षेत्र में न जाने का आग्रह किया। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में और अधिक बारिश की चेतावनी दी है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने पर्यटकों व लोगों से अपील की है कि वे नालों, झरनों और पहाड़ी ढलानों से दूरी बनाए रहें तथा मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट का पालन करें। नाले में कुछ देर के लिए पानी बढ़ा, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रशासन सतर्क है और परिस्थितियों पर नजर रखे हुए है। उधर, सैंज के काला छौ की पहाड़ी में बादल फटने से वूपन नाले में बाढ़ आने के कारण रूपी रैला वॉटर फॉल का अचानक जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान झरने के पास मस्ती कर रहे पर्यटको में हड़कंप मच गया। ग्राम पंचायत रैला के प्रधान जोगेंद्र सोनी के अनुसार काला छौ की पहाड़ी लगभग दो वर्षों से दरक रही है। इस पहाड़ी के दरकने से लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है। वहीं, उन्होंने बताया कि बाढ़ आने के कारण वूपन नाले और रूपी रैला वॉटर फॉल का जलस्तर बढ़ गया है। उधर, रविवार को एक बार फिर लाहौल घाटी के जाहलमा नाले में बाढ़ आने का क्रम शुरू हो गया है। नाले में पानी के साथ भारी भरकम मलबा भी आया, जिससे काफी नुकसान हुआ है।

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप चिंताजनक: गोविंद

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में हाल ही में आयोजित हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में जिस प्रकार से गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं, वह अत्यंत ही चिंताजनक है।

यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों ने जिस प्रकार परीक्षा केंद्रों में खुलेआम मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइसेज और प्रॉक्सी उम्मीदवारों के जरिए नकल कराए जाने के आरोप लगाए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया को सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस परीक्षा को युवाओं ने ईमानदारी और परिश्रम से देने की तैयारी की थी, उसमें कुछ चुनिंदा तत्वों द्वारा पैसे लेकर नकल कराने का खेल खेला गया। वहीं, सत्ताधारी दल की चुप्पी इस बात का संकेत देती है कि यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि एक संगठित और संरक्षित घोटाला है। गिरफ्तार हुए लोगों द्वारा पुलिस के समक्ष यह स्वीकार करना कि उन्होंने लाखों रुपए लेकर परीक्षा में नकल करवाई। हिमाचल की कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जब युवा अपनी आपत्तियां और शिकायतें सोशल मीडिया पर उठा रहे हैं, तो उन्हें धमकाने का प्रयास हो रहा है। हिमाचल लोक सेवा आयोग द्वारा की गई सफाई और अभ्यर्थियों को कानूनी कार्रवाई की धमकी देना न केवल असंवेदनशीलता का प्रमाण है, बल्कि लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटने जैसा है।

# सभी विभाग अपने आंकड़ों की प्रस्तुति अच्छे तरीके से करें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल रवीश ने रविवार को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने समस्त विभागों के केंद्रीय प्रायोजित परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर सोमवार को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक की तैयारियों को लेकर सभी विभागों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने आंकड़ों की प्रस्तुति अच्छे तरीके से करें तथा आवश्यक तथा संक्षेप में अपनी स्कीमों से संबंधित प्रस्तुति दें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार तथा अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## चचोगी गांव के जंगल में आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

# 2600 लीटर अवैध लाहन की नष्ट

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के आबकारी विभाग ने चचोगी गांव के घने जंगल में एक बड़ी छापेमारी करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसी है। इस कार्रवाई के दौरान चार अवैध शराब की भट्टियों को ध्वस्त किया गया और मौके पर लगभग 2600 लीटर अवैध लाहन को नष्ट किया गया। आबकारी विभाग को विश्वसनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम दोपहर 1:30 बजे नगर क्षेत्र से रवाना हुई। करीब 7-8 किलोमीटर का दुर्गम पहाड़ी और जंगली रास्ता तय कर टीम शाम 4:45 बजे घटनास्थल पर पहुंची। यह क्षेत्र अत्यंत दुर्गम और घने जंगलों के बीच स्थित है, जिसने अभियान को चुनौतीपूर्ण बना दिया।



ड्रमों में तैयार की गई 2600 लीटर अवैध लाहन की जांच करते हुए टीम।

### मौके पर ही नष्ट किया गया अवैध सामान

**क्षेत्र** की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और परिवहन की असंभवता को देखते हुए, बरामद लाहन और उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी की गई, ताकि दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध रहें। इस घटना की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को भी दी गई।

### बड़ी मात्रा में लाहन और उपकरण बरामद

**छापेमारी** के दौरान टीम को 14 ड्रमों में रखा लगभग 2600 लीटर अवैध लाहन मिला। इसके साथ ही अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरण भी मौके पर बरामद हुए। हालांकि, घटनास्थल पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसे तलाशी और जब्ती के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके। ग्राम पंचायत प्रधान ने भी मौके पर पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की।

# मंदिर के विकास से जुड़े निर्णय लिए

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पंजीकरण के उपरांत ठाकर चतुर्भुज मुरलीधर मंदिर कमेटी नग्गर की पहली बैठक ठाऊआ मुरलीधर मंदिर परिसर में संपन्न हुई। अध्यक्ष एवं कारदार विधि चंद नेगी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंदिर के विकास व प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा श्रावण मास में ठाऊआ मंदिर में खीर के भव्य आयोजन पर केंद्रित रहा। सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि श्रावण मास में खीर का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। इस संबंध में, मंदिर के पुजारी जयदेव आचार्य ने बताया कि ठाकर महाराज के मंदिर में श्रावण मास की संक्रांति (स्थानीय रूप से साजे के नाम से ज्ञात) को पुरातन समय से खीर का आयोजन होता आ रहा है। इस जानकारी पर सहमति जताते हुए, मंदिर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि खीर का आयोजन श्रावण के साजे को ही होगा और इस वर्ष पूरी व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जाएगी।

# लाहौल-स्पीति को केंद्र सरकार से 108 करोड़ की राशि स्वीकृत: अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति को केंद्र सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए 108 करोड़ की राशि की मंजूरी मिली है।

इससे जिले के विकास के लिए बल मिलेगा। जिला मुख्यालय केलांग के 22 वर्ष पुरानी सीवरेज स्कीम तथा काजा में हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स सेंटर एवं हाई स्केटिंग रिंग के लिए लगभग 108 करोड़ की राशि को केंद्र सरकार ने मंजूर किया है। प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री के माध्यम से हमने इन योजनाओं की स्वीकृति के लिए विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि इसके शिलान्यास के लिए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू स्वयं आगामी 28 एवं 29 जून को काजा व केलांग पधार रहे हैं। विधायक ने केंद्र के अलावा प्रदेश सरकार का इसके लिए आभार जताया। साथ ही लाहौल से संबंध रखने वाले केंद्र में अल्पसंख्यक विभाग में संयुक्त सचिव राम सिंह का भी उनके योगदान एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। विधायक ने घाटी के दौरे के दौरान रविवार को ग्राम पंचायत खंगसर के शुलिंग, रालिंग, मुर्तिचा, जागला, खंगसर और अकोलथांग आदि गांवों का दौरा किया। इस मौके पर लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। वहीं, विधायक ने जनसमस्याओं को विभागीय अधिकारियों के साथ जाना। उन्होंने लोगों से इस मौके पर कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सूक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## कुल्लू में सूत्रधार कला संगम संस्था ने मनाया 48वां वर्षगांठ उत्सव

# ऋषिता के सिर सजा प्रिंसेस सूत्रधार का ताज

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



प्रिंसेस सूत्रधार प्रतियोगिता की विजेता ऋषिता के साथ फर्स्ट व सेकेंड रनरअप।

जिला मुख्यालय कुल्लू में सूत्रधार कला संगम संस्था द्वारा धूमधाम से 48वां वर्षगांठ उत्सव मनाया गया।

तीन दिनों तक आयोजित उत्सव में जिले के 32 सरकारी और निजी स्कूलों के 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने 11 सांस्कृतिक विधाओं में अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर बतौर मुख्यातिथि रहे। इस मौके पर उन्होंने ओवरऑल विजेता रहे कुल्लू वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामशिला को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ओवरऑल सेकेंड रनरअप कैंब्रिज इंटरनैशनल स्कूल मौहल और तीसरे स्थान पर भारत-भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रिंसेस सूत्रधार मॉडलिंग प्रतियोगिता रही। इसमें भारत-भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर की ऋषिता कौंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ताज पर कब्जा किया। कुल्लू वैली स्कूल रामशिला की कृतिका फर्स्ट रनरअप और डीएवी स्कूल मौहल की रितिका सेकेंड रनरअप रहीं। फैशन शो प्रतियोगिता में कुल्लू वैली स्कूल रामशिला प्रथम। इसके अलावा फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल मौहल प्रथम, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला द्वितीय और अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, ट्रिनिटी स्कूल मौहल को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। लोकगीत प्रतियोगिता में कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर प्रथम, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला द्वितीय और सीनियर सेकेंडरी स्कूल वाशिंग तृतीय स्थान पर रहा। फिल्मी गीत प्रतियोगिता में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल प्रथम, अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी द्वितीय और नालंदा नेक्स्ट जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर तृतीय स्थान पर रहा।

# केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू 27 जून को काजा दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू 27 जून को अपने दो दिवसीय दौरे पर जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के काजा पहुंचेंगे।

28 जून को वे काजा में खेल से जुड़ी तीन करोड़ों रुपए की अहम परियोजनाओं हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आइस हॉकी रिंक एंड पवेलियन तथा क्रिकेट ग्राउंड युक्त स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद 29 जून को केंद्रीय मंत्री केलांग में करीब 23 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित सीवरेज स्कीम का भी नींव पत्थर रखेंगे। ये सभी परियोजनाएं प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत स्वीकृत की गई हैं। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के प्रस्ताव उनके कार्यकाल के दौरान तैयार कर केंद्र सरकार को भेजे गए थे। पिछले दिनों उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात कर इन योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया था। खास बात यह है कि स्पीति क्षेत्र के युवा पिछले कुछ वर्षों से आइस हॉकी जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। हाल ही में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय आइस हॉकी प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने ब्रांज मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। इस टीम में 90 फीसदी खिलाड़ी स्पीति उपमंडल से ताल्लुक रखते हैं। उधर, कार्यकारी एडीसी एवं एसडीएम काजा शिखा ने बताया कि यह स्टेडियम न केवल युवाओं के लिए, बल्कि पूरी स्पीति घाटी के लिए खेल क्षेत्र में एक वरदान साबित होगा। इससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें देश-विदेश में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकेगा।

**आयोजन** टेक्नो मेडिकल वेलफेयर सोसायटी ने धूमधाम से मनाया 30वां पर्ल जुबली समारोह

# यह संस्थान नहीं, बल्कि एक परिवार : सुखदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

टेक्नो मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के अधीन क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू एवं क्रिश्चियन आईटीआई कुल्लू ने अपना 30वां वर्षगांठ (पर्ल जुबली समारोह) धूमधाम से मनाया। यह अवसर संस्थान की तीन दशकों की उल्लेखनीय सेवा, शिक्षा में उत्कृष्टता और सामाजिक समर्पण की यात्रा का प्रतीक बना।

इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज एवं चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. सुरेश कुमार, विशेषातिथि एडवोकेट राजेंद्र ठाकुर, डॉ. पीडी लाल साथ ही साथ अन्य अतिथि मिशेल, एडवोकेट अजय ठाकुर, डॉ. अर्चना, सिस्टर रश्मी, राज कुमार, राम चंद, जॉनसन, डॉ. सत्य प्रकाश, राजिंदर ठाकुर, इंदर राज चुनरिया, गौतम, अरविंद सिंह, अंजु, रंजना सोहेल, सुमन, मीनू, प्रभजोत ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह को उनके नेतृत्व एवं योगदान के लिए विशेष सम्मान और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएट डायरेक्ट कुमारी ज्योति मार्या मसीह ने की। कार्यक्रम में उनके संस्थान के प्रमुख प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह, प्रधानाचार्य लालचंद, उपप्रधानाचार्य करिश्मा, पूर्व निदेशक सैमुअल मसीह और संस्थान के सभी टीचर्स उपस्थित रहे। वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केक काटकर जश्न मनाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं, क्रिश्चियन आईटीआई के छात्रों और संस्थान की शिक्षिकाओं ने मिलकर गीत, संगीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति दी।



क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान के निदेशक मुख्यातिथि सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

### सुखदेव मसीह संस्थान की आत्मा: ज्योति

**एसोसिएट** डायरेक्ट कुमारी ज्योति मार्या मसीह ने कहा कि संस्थान के निदेशक सुखदेव मसीह न केवल क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, बल्कि वे इस संस्था की आत्मा, दिशा और प्रेरणा भी हैं। उनका नेतृत्व हमेशा दूरदर्शिता, अनुशासन और करुणा का परिचायक रहा है। उन्होंने नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में जिस समर्पण, मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य किया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनका सतत प्रयास, शिक्षकों के प्रति उनका सम्मान और संस्था के हर सदस्य को साथ लेकर चलने का उनका दृष्टिकोण उन्हें एक सच्चे मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करता है। वे केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व हैं, जिनकी सोच और संकल्पों ने इस संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी सोच यह सिखाती है कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी होती है। दूसरों को आगे बढ़ाने की, सपनों को साकार करने की और समाज के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाने की।

### संस्थान की नींव ईंटों पर नहीं संघर्ष और आत्मबल पर खड़ी

**कार्यक्रम** की विशेष आकर्षण रही वह प्रस्तुति जिसमें सुखदेव मसीह के जीवन संघर्ष, त्याग, सेवा और नेतृत्व की झलक प्रस्तुत की गई। इस जीवनगाथा आधारित दृश्य (ड्रामा/क्रिएटिव एक्ट) ने सबके हृदय को छू लिया और दर्शकों की आंखे नम कर दीं। यह प्रस्तुति इस बात का प्रतीक बनी कि संस्थान की नींव केवल ईंटों पर नहीं, बल्कि संघर्ष और आत्मबल पर खड़ी है।

### हजारों बच्चों के कौशल को निखारने का मिला अवसर

**संस्थान** के निदेशक सुखदेव मसीह ने कहा कि यह केवल 30 वर्षों का सफर नहीं, बल्कि हजारों बच्चों को सशक्त बनाने और सेवा के पथ पर प्रेरित करने की यात्रा रही है। 30 वर्ष के इस कार्यकाल में संस्थान को हजारों बच्चों प्रशिक्षित करने व उनके कौशल को निखारने का अवसर प्रदान हुआ है, जो आज देशभर में रोजगार कमा रहे हैं। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों का भी आभार प्रकट किया, जिन्होंने संस्थान पर भरोसा बनाए रखा। उन्होंने कहा कि यह संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार है और यह परिवार आगे भी सेवा और शिक्षा के मिशन में अग्रसर रहेगा।

# मनरेगा में 90 दिन काम करने के बाद करवाएं पंजीकरण: कंवर

## पंजीकरण के बाद मिलेंगे कल्याण बोर्ड की योजनाओं के बड़े लाभ

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**



बैठक में उपस्थित मजदूर जानकारी लेते हुए।

**बंजार।** भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बंजार के अंबेडकर भवन में आयोजित एक विशेष जागरूकता शिविर में कामगारों और पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत यदि कोई मजदूर 90 दिन तक भवन निर्माण या सन्निर्माण कार्य करता है, तो वह कामगार बोर्ड में पंजीकरण के लिए पात्र हो जाता है और उसके बाद वह सरकार की बहुपरकारी योजनाओं का लाभ ले सकता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे नरदेव कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने इन योजनाओं को जरूरतमंद मजदूरों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। बोर्ड अब त्वरित कार्रवाई कर पात्र लाभार्थियों को सहायता उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे पात्र मजदूरों के दस्तावेजों का सत्यापन करवा कर उन्हें पंजीकृत करवाएं। पंजीकृत कामगारों को कल्याण बोर्ड की ओर से कई प्रकार की वित्तीय सहायता मिलती है। नरदेव कंवर ने कहा कि बंजार में स्थायी श्रमिक कल्याण कार्यालय खोलने की मांग को वह सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर ही मजदूरों को योजनाओं की जानकारी और पंजीकरण की सुविधा मिले। वहीं, इस मौके पर एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा कि मनरेगा में 90 दिन काम करने और पंजीकरण होने पर सरकार की ओर से मनरेगा मजदूर की काफी मदद की जाती है।

उन्होंने नरदेव सिंह कंवर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान बोर्ड ने योजनाओं को सिर्फ कागजों में नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव जाकर मजदूरों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने के लिए दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर चुकी है, जिससे पशुपालकों को भी सीधा लाभ मिलेगा। कामगारों को इन लाभों का हिस्सा बनने के लिए मनरेगा के अंतर्गत कम से कम 90 दिन तक भवन निर्माण या सन्निर्माण कार्य करना अनिवार्य है। इसके बाद ही पंजीकरण किया जा सकता है। इस मौके पर आशा शर्मा, खिम्मी राम चौहान, संत राम अध्यक्ष ग्रामीण संगठन, भान सिंह, प्रशांत, लवली, चंद्रावती, अजीत राठौर राज्य महासचिव मनरेगा व निर्माण संगठन, मोती राम कटवाल, तहसीलदार एवं कार्यकारी एसडीएम बंजार नीरज शर्मा, मोहर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# शूलिनी मेला होगा राष्ट्र स्तरीय : डॉ. शांडिल

## नाटी किंग कुलदीप शर्मा व नितिन कुमार के नाम रही मां शूलिनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा और इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार ने अपने-अपने अंदाज में लोगों का मनोरंजन किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने गत सायं ऐतिहासिक ठोडो मैदान में राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता की। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर सभी को राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेलों, उत्सवों एवं त्योहारों के माध्यम से हिमाचल की समृद्ध संस्कृति को पल्लवित एवं पोषित कर रही है। प्रदेश सरकार जल्द ही राज्य स्तरीय शूलिनी मेले को राष्ट्रीय स्तर का घोषित करेगी। इसके लिए जरूरी मानदंड तैयार किए जा रहे हैं। द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा के नाम रही।



डॉ. शांडिल ने शूलिनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

इस के अलावा हिमाचल के सुप्रसिद्ध कलाकार नीतिन कुमार, दीपेश राही व अन्य हिमाचली कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों के दिलों में छाप छोड़ी। इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार ने एक से बढ़कर एक हिंदी व पंजाबी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब समां बांधा। नितिन ने सावन में लाज मेरी पट रखियों गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सावन में लग गई आगए नित खैर मंगां सोणया गीत गाकर खूब तालियां बटोरी। मैं जट्ट यमला पगला दीवाना व मामला गड़बड़ है गीत पर दर्शक खूब झूमे। नाटी किंग ने एक से बढ़कर गीत गाकर खूब धमाल मचाया। पहाड़ी नाटी रिमिक्स किंग कुलदीप शर्मा ने पहाड़ी तरानों से उपस्थित पंडाल को झूमने पर विवश कर दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। उन्होंने बालीवुड गीतों की भी झड़ी लगाई। नाटी किंग से पहले भी सोलन में विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोहा। नाटी किंग ने सदगुरु माता को नमन व वंदन करके कार्यक्रम का आगाज किया।

उन्होंने लागा ढोला रा ढमाका महारा हिमाचल बड़ा नए बांका से गीतों की झड़ी लगानी शुरू की। इसके बाद विमला तेरे होटले, मूंद ओ ऐ मिलदी शिमले बाजारे प्यारी रूमतिये आदि की प्रस्तुतियों से खूब धमाल मचाया, जबकि बालीवुड गीतों से धमाल मचा कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### रस्साकशी प्रतियोगिता में सोलन बना विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मां शूलिनी मेलो के दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता ठोडो ग्राउंड में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। इसमें पट्टा, धर्मपुर, सोलन, नालागढ़, कुनिहार और कांडाघाट विकासखंड ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला धर्मपुर और सोलन विकासखंड के मध्य खेला गया। इसमें सोलन विकासखंड विजेता रहा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

## बागवानी विभाग ने लगाई फूलों की प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, सोलन

बागवानी विभाग जिला सोलन द्वारा एमसी हॉल सोलन में मां शूलिनी मेले के उपलक्ष्य में फूलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में मनमोहन शर्मा, डीसी सोलन ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त सोलन भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा विभाग द्वारा इस सुंदर आयोजन के लिए पूरे दल की प्रशंसा की। विशेषातिथि आत्मा स्वरूप, महोग बाग के प्रगतिशील एवं प्रमुख पुष्प उत्पादक, को भी डीसी द्वारा इस अवसर पर सम्मानित किया गया। जागृति स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए सूखे फूलों के उत्पादों की सराहना करते हुए डीसी ने उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि इस प्रकार के नवाचार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

प्रदर्शन के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें जिला सोलन के विभिन्न खंडों जैसे कंडाघाट, सोलन, धर्मपुर, कुनिहार तथा नालागढ़ से लगभग 50 फूलों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विशेषज्ञों की एक निर्णायक मंडली द्वारा किया गया। इसमें डॉ. दुर्लभ सिंह पुरी सदस्य एवं पिछले 15-20 वर्षों से निर्णायक डॉ. सायना-सह-प्राध्यापक, यूएचएफ नौणी डॉ. शिवाली ठाकुर चौहान उप निदेशक बागवानी, सोलन डॉ. पूनम कैरो विषय विशेषज्ञ, सोलन मुख्य श्रेणी कट फ्लावर्स में गुलाब, कार्नेशन एवं लिलियम की उपश्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। लिलियम को इस वर्ष का फूल ऑफ द शो घोषित किया गया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ गमले वाला पौधा पुरस्कार वरुण अत्री को प्रदान किया गया।


राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में पुष्प प्रदर्शनी देखते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

## शूलिनी मेले में अपनों से बिछड़े 9 बच्चों को पुलिस ने ढूंढा

अनंत ज्ञान,. सोलन

राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में पिछले तीन दिनों के दौरान सोलन पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ भीड़ में अपने अभिभावकों से बिछड़ गए बच्चों को सकुशल ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंपा।

मेले के दौरान जिला सोलन के पड़ोसी जिलों के अलावा उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से लोग अपने व्यवसाय/कारोबार के सिलसिले में काफी तादाद में मेले में पहुंचे लोगों की वेरीफिकेशन भी की। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय इस मेले में पुलिस प्रशासन को हजारों की सख्या में जुड़ी भीड़ को नियंत्रित करना, उनकी जानमाल की रक्षा करना, आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखना व कानून व्यवस्था बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके अतिरिक्त इस मेले में भारी भीड होने के कारण अपने माता-पिता के साथ आए मासूम बच्चे, जो अपनों से बिछड़ जाते हैं, उन्हें ढूंढकर उनके परिजनों को सही सलामत सौंपना पुलिस के लिए एक चुनौती भरा कार्य होता है, लेकिन जिला पुलिस द्वारा इन सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए इस मेले के दौरान अपने माता-पिता से बिछड़ गए 9 छोटे-छोटे मासूम बच्चों को सही सलामत उनके परिजनों के हवाले सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही जिला पुलिस असामाजिक तत्वों और जेब कतरों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

## अध्यापक पर हो कड़ी कार्रवाई : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर के राजगढ़ स्कूल में 24 लड़कियों से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।



एबीवीपी के राष्ट्रीय कला मंच हिमाचल प्रदेश संयोजक शीतल सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में ऐसी नीच व शर्मसार करने वाली हरकतें कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा को तार-तार करने वाले टीजीटी नॉन मेडिकल राकेश कुमार, जो कि राजगढ़ स्कूल में कार्यरत हैं, उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मामला स्कूल के प्रधानाचार्य के पास पहुंचा, तो उन्होंने भी इस मामले को दबाने का प्रयास किया, जो कि बहुत शर्मनाक है, उन पर भी कड़ी कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

### सोलन में जीवविज्ञान पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मुख्य बिंदुओं पर की चर्चा



अनंत ज्ञान, सोलन

सीबीएससी प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन केंद्र पंचकूला के तत्वावधान में एमआरएडीएवी स्कूल सोलन में जीवविज्ञान विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का संचालन प्रमुख संसाधन व्यक्ति एसपी सिंह एवं आरती द्वारा किया गया, जिन्होंने विषय को रोचक और उपयोगी बनाने के लिए हैंड्स-ऑन गतिविधियों, समूह चर्चाओं और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, दक्षता आधारित शिक्षण और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के मुख्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यशाला में हिमाचल व आसपास के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आए 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मसूमा सिंह ने सभी प्रतिभागियों और संसाधन व्यक्तियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधाओं से जोड़ते हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## रूट छोड़कर निजी बसें बुकिंग पर, सवारियां हो रही परेशान

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** उपमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली निजी बसें अनेक मौकों पर रूट छोड़कर बुकिंग में चली जाती हैं। इससे बसों के सहारे आवाजाही करने वाली सवारियां सड़कों पर परेशान होती हैं।

कंडाघाट उपमंडल भूगोलिक दृष्टि से बहुत विस्तृत है। शहरी क्षेत्र के नाम पर इसकी एक नगर पंचायत है। शेष समूचा क्षेत्र पहाड़ी और ठेठ ग्रामीण है। इसकी 26 ग्राम पंचायतें हैं। ग्रामीण क्षेत्र में आम लोगों की आवाजाही का साधन बसें हैं। उपमंडल के करीब 90 प्रतिशत ग्रामीण रूट निजी बसों को दिए गए हैं। कई ग्रामीण सड़कें ऐसी हैं, जिनके सभी रूट निजी क्षेत्र को दिए गए हैं। इनमें भी कई गांवों ऐसे हैं, जहां केवल एक या दो बस रूट हैं और वह निजी क्षेत्र को दिए गए हैं। आम तौर पर ऐसा देखा गया है कि बहुत सारे निजी रुटों पर चलने वाली बसें शादियों, पार्टियों, पर्यटकों को लाने ले जाने और कई अन्य मौकों पर बुकिंग में चली जाती हैं। इससे रूट की सवारियां जिनमें स्कूल, कॉलेज, दिहाड़ी, नौकरी, अस्पताल सामान्य दिनचर्या पर जाने वाले लोग परेशानी झेलने को मजबूर होते हैं। रूट की एक बस न आए, तो दूसरा रूट घंटों बाद होता है या कोई रूट नहीं होता। ऐसे में जिन लोगों के पास स्पेशल गाड़ी करने का आर्थिक साधन नहीं होता, उनकी समस्या और भी गंभीर होती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से बार-बार मांग उठती रही है कि रूट की बसों को बुकिंग पर जाने की अनुमति न दी जाए पर कोई सुनने वाला नहीं है। हिमाचल में बसों के किराये लगातार बढ़ाए जाते रहे हैं। इसके बावजूद निजी बसों का मुनाफे के लिए रूट छोड़कर बुकिंग जाना गंभीर समस्या है।

## 2386 नशीले कैप्सूल व 596 टैबलेट्स पकड़ीं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब पुलिस के विशेष डिटेक्शन सेल ने नशे के कारोबार में लगे तस्करों पर शिकंजा कसते हुए मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात को यमुना घाट बैरियर के नजदीक नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद किया। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि तालशी के दौरान आरोपी नरेंद्र कुमार पुत्र भीमा राम निवासी गांव अंबोया, डा. राजपुर, तहसील पांवटा साहिब और गोविंद राम पुत्र रमेश चंद निवासी गांव अंबोया, पो. राजपुर तहसील पांवटा साहिब, सिरमौर के कब्जे से 2386 नशीली कैप्सूल और 596 नशीली गोलियां बरामद की। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है, ताकि पुलिस कस्टडी रिमांड हासिल किया जा सके। आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है।

## माजरा प्रकरण को भाजपा ने ही बढ़ावा देने की कोशिश की : मुस्लिम संगठन

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में पुलिस थाना माजरा के तहत दो समुदायों के बीच उत्पन्न हुए विवाद को लेकर राजनीति लगातार गरमाती जा रही है। नाहन में मुस्लिम संगठन ने पत्रकार वार्ता कर आरोप लगाया कि पूरे मामले पर भाजपा लगातार राजनीति कर रही है और इस प्रकरण को भाजपा द्वारा ही बढ़ावा देने की कोशिश की गई।

मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने कहा कि भाजपा द्वारा इस मामले को तूल देने की कोशिश की गई। इसके चलते यहां दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। उन्होंने कहा कि युवती द्वारा खुद कोर्ट में बयान दिया है कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ घूमने गई थी, मगर इस अपहरण का रंग देने की कोशिश भाजपा द्वारा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल समेत कई नेताओं ने माजरा में भीड़ को उकसाने का काम किया और इस दौरान यहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी यदि यहां सूझबूझ के साथ काम न करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं द्वारा यहां आपसी सौहार्द को खराब करने की कोशिश की गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और यहां सीधे तौर पर भाजपा द्वारा राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश की गई। मुस्लिम नेताओं ने कहा कि माजरा में प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुस्लिम समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई, जो बिलकुल भी उचित नहीं है। मुस्लिम समाज चुनाव में भाजपा प्रतिनिधि के साथ खड़ा रहा, मगर मुस्लिम समाज की भावनाओं की कोई कद्र भाजपा नेताओं द्वारा नहीं की जा रही है।

## योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं बल्कि जीवनशैली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के साथ लगते सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोज-आंजी में शनिवार सुबह 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हेल्थ वैलनेस सेंटर शमलेच के सदस्यों के अलावा छात्रों व स्कूल स्टाफ ने योग प्रशिक्षक शिवानी के नेतृत्व में योग अभ्यास किया। इसमें आशा वर्कर्स ने भी हिस्सा लिया। स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य कल्पना परमार ने कहा कि योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं, बल्कि यह एक जीवनशैली है, जो अनुशासन, एकाग्रता और आत्मचिंतन सिखाती है। योग आपके तन को नहीं, बल्कि आपके स्वस्थ दिमाग और शांत मन को भी दिशा देता है। इस मौके पर जोनल अस्पताल सोलन की डॉ. शिवानी ने कहा कि योग, प्राणायाम और ध्यान से स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान रहता है।

## होमगार्ड जवानों ने चारंग रांगरिक में बाढ़ का रुख मोड़ा

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिले के चारंग रांगरिक खड्ड में आई बाढ़ से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ।

बाढ़ का पानी रांगरिक मंदिर और खेतों की ओर मुड़ गया था, जिससे लगातार तीन दिनों तक स्थिति गंभीर बनी हुई थी। एनडीआरएफ, आईटीबीपी और स्थानीय लोग पानी के बहाव को मोड़ने का लगातार प्रयास कर रहे थे। रविवार को, प्रथम वाहिनी गृह रक्षा किन्नौर के प्लाटून कमांडर बुधराज नेगी के नेतृत्व में होमगार्ड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार बाढ़ के पानी के बहाव को मोड़ने में सफलता हासिल की। इस कामयाबी से क्षेत्र में मंडरा रहा खतरा टल गया है। इस कार्य को पूरा करने के लिए होमगार्ड के जवानों को शनिवार रात रांगरिक क्षेत्र में ही रुकना पड़ा था।


किन्नौर जिले के चारंग रांगरिक में बाढ़ का रुख मोड़ने के बाद होमगार्ड के जवान।

### ये रहे मौजूद

**इस** राहत कार्य में प्लाटून कमांडर बुधराज नेगी के साथ अन्य जवान, प्लाटून कमांडर जग जीवन राम, एएसआई रूप सिंह, भुट्टो राम, संजीव कुमार, कमल सिंह, रविंद्र सिंह, राज कपूर, राकेश कुमार और चालक योगराज मौजूद रहे।

### बाढ़ से हुआ नुकसान और राहत कार्य

**रांगरिक** के पहाड़ों के बीच खड्ड में जलस्तर अचानक बढ़ने से पानी का बहाव तेजी से रांगरिक मंदिर और खेतों की ओर बढ़ गया था, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और भू-कटाव हुआ। इसके अलावा, रांगरिक की ओर जाने वाला पैदल मार्ग पूरी तरह से कट गया, जिसे ठीक करने के लिए आईटीबीपी के जवान लगातार प्रयास कर रहे थे। होमगार्ड के जवानों द्वारा पानी का बहाव मोड़ने के बाद, ग्रामीण भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए मौके पर सुरक्षा दीवारें लगा रहे हैं।

## संगड़ाह का शुबू बनेगा डॉक्टर

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले दूरदराज गांव मानल-दोछी के गोपाल उर्फ शुबू ने सरकारी स्कूल में पढ़ाई के बावजूद पहले प्रयास में नीट की कठिन परीक्षा पास की। शुबू की मां तारा देवी ने बताया कि उनके पास जमीन काफी कम है और पिता कान सिंह पुश्तैनी घराट (पनचक्की) चलाते हैं। जबड़ोग खाले में चलने वाले इस घराट की बदौलत परिवार को 3-4 महीने का अनाज मिलता है और पानी कम पड़ने पर घराट बंद रहता है। अपने गांव मानल-दोची के विद्यालय में विज्ञान संकाय न होने पर गोपाल पहले +1 मे यहां आर्ट्स में एडमिशन ली और फिर निजी कंपनी में काम करने वाले अपने मामा राजेश द्वारा खर्च उठाए जाने के बाद नाहन के शमशेर सरकारी स्कूल जाकर मेडिकल में दाखिला लिया। गोपाल की कामयाबी से उसके परिजनों व परिचितों में भारी उत्साह है और वह अन्य गरीब बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं।

## 'किसमें कितना है दम' नृत्य प्रतियोगिता में आरुषि रनरअप

संजय शर्मा, अनंत ज्ञान

**सराहां।** पंजाब के संगरूर में आयोजित टेलेंट हंट के तहत किसमें कितना है दम डांस प्रतियोगिता में सराहां की बेटी आरुषि शर्मा ने रनरअप ट्रॉफी जीत कर अपना व क्षेत्र नाम रोशन किया।



उदय पब्लिक स्कूल सराहां में पढ़ने वाली 7वीं कक्षा की छात्रा आरुषि शर्मा ने नृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर अन्य प्रतिभागियों को पिछाड़ते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि किसमें कितना है दम प्रतियोगिता-2024 से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। इसमें पूरे देश से बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। गत 20 जून को इसकी अंतिम चरण की प्रतियोगिता की गई। इसमें आरुषी शर्मा पुत्री संजीव शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। आरुषि की इस सफलता से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर अजय शर्मा ने इस अवसर पर आरुषि व उसके माता-पिता को बधाई देते हुए विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**खुशी** टमाटर 600 रुपए क्रेट, फ्रांसबीन 31, शिमला मिर्च 25 रुपए बिकी

## किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** टमाटर, शिमला मिर्च और फ्रांसबीन के दामों में उछाल आने से राजगढ़ क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर रौनक आई है, जबकि पिछले दो दिनों से काफी गिरावट आई थी। बता दें कि राजगढ़ क्षेत्र से टमाटर, शिमला मिर्च और फ्रांसबीन भारी मात्रा में प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन के अलावा अन्य राज्य जैसे पानीपत, चंडीगढ़ और दिल्ली सब्जी मंडी में पहुंचने लगी है। हालांकि, छोटे और मझौले किसान अपनी स्थानीय मंडियों में ही अपने उत्पाद बेचते हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन में रविवार को टमाटर 400 से 600 रुपए प्रति क्रेट बिकी, जबकि बीते रोज टमाटर अधिकतम 400 रुपए प्रति क्रेट बिकी अर्थात दो सौ रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है। दाम बढ़ने से किसान काफी प्रसन्न हैं। एक क्रेट में 22 से 25 किलोग्राम टमाटर आता है। इसी प्रकार फ्रांसबीन में दो गुना उछाल आया है, जबकि बीते रोज फ्रांसबीन केवल 15 रुपए बिकी थी। शिमला मिर्च के दाम में भी दस रुपए की वृद्धि हुई है। प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर का कहना है कि इस बार यदि टमाटर, शिमला मिर्च और फ्रांसबीन के रेट इतने भी स्थिर रहे तो किसानों का पूरे वर्ष का गुजारा हो जाएगा क्योंकि इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन और लसुहन पर निर्भर है। आढ़ती अरूण कुमार ने बताया कि मंडियों में जैसे-जैसे टमाटर की आवक बढ़ेगी। आने वाले दिनों में टमाटर के भाव में गिरावट आ सकती है। मैदानी क्षेत्रों से आने वाले टमाटर का सीजन, अब अंतिम दौर पर है तदोपरांत टमाटर के रेट और बढ़ने की उम्मीद है। सोलन की तर्ज पर राजगढ़ क्षेत्र में टमाटर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। टमाटर व शिमला मिर्च किसानों की मुख्य आय का साधन बन चुका है। ट्रॉस्पोर्टर प्रदीप का कहना है कि पानीपत, चंडीगढ़ और दिल्ली की सब्जी मंडी में टमाटर आदि फसलों के दाम में भी उछाल आया है।


बिक्री के लिए टमाटर भरते किसान

## कुनिहार में निरंकारी समागम 27 को

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** कुनिहार में निरंकारी समागम होने जा रहा है। 27 जून को महाराजा पदम सिंह मेमोरियल स्टेडियम में निरंकारी संत समागम आयोजित होगा। निरंकारी राजपिता के छत्रछाया में 27 जून शुक्रवार को यह समागम होगा। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। यह समागम महाराजा पदम सिंह मेमोरियल स्टेडियम (तालाब) में निरंकारी संत समागम दोपहर एक से 2:30 बजे तक होगा। समागम में प्रेम, शांति और एकत्व का संदेश दिया जाएगा। जोनल इंचार्ज विवेक कालिया, क्षेत्रीय संचालक भजन सिंह, विद्यासागर ठाकुर और उषा अरोड़ा ने बताया कि इस समागम में सोलन, शिमला, बिलासपुर, चडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, जीरकपुर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और आसपास के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस दिव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर सतगुरु के आशीषों से लाभान्वित होंगे। कुनिहार ब्रांच की मुखी उषा अरोड़ा ने सभी नगरवासियों को समागम के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि सभी इस विशाल संत समागम में शामिल होकर निरंकारी राजपिता के दिव्य दर्शनों और उनके प्रवचनों से प्रेरणा प्राप्त करके जीवन को सार्थक बनाएं।

## किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार की जानकारी दी


बरसनु में मृदा स्वास्थ्य सुधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में मौजूद महिलाएं।

आशीष, अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** नाबार्ड व अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा अली खड्ड जलागम परियोजना के अंतर्गत गांव बरसनु में किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य सुधार पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में गांव के लगभग 40 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार की जानकारी देना था। इस कार्यशाला में सेवानिवृत्त एसएमएस कृषि विभाग मनोज शर्मा ने उपस्थित किसानों को मिट्टी के नमूने के बारे में बताया कि मिट्टी के नमूने कहां से और कैसे लेने चाहिए, साथ ही पिछली बार लिए गए मिट्टी नमूनों के परिणामों पर भी किसानों को अवगत करवाया गया। इसके उपरांत बरसनु के एक किसान के मक्की खेत के फसल पर आई बीमारी के बारे में चर्चा की और उसके उपचार के लिए सुझाव दिए गए।

इस मौके पर किसानों ने कहा कि नाबार्ड व अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा इस जलागम परियोजना के अंतर्गत समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जाता है, जिससे किसान लाभान्वित होते रहते हैं। इस कार्यशाला में ग्राम जलागम परियोजना के सचिव अतरु राम के अलावा अंबुजा फाउंडेशन के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 120 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वयंसेवी संस्था डॉ. प्रगति ग्रोवर मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) चंडीगढ़ और सनातन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन प्राचीन शिव मंदिर सेक्टर 39 डी में किया गया। यह जानकारी ट्रस्ट के चेयरमैन संजीव ग्रोवर ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में अपोलो क्लीनिक और चंडीगढ़ सिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा 120 लोगों की जांच की गई। इस शिविर का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एव हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रभारी संजय टंडन, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मेयर अरुण सूद और मनोनीत पार्षद उमेश घई ने किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के पूर्व महामंत्री प्रेम कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र पठानिया और मनीष भसीन, अजय सिंगला आदि उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टरों ने ऑखों, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, आंखों की जांच की। इस अवसर पर संजय टंडन, अरुण सूद, उमेश घई ने इस प्रकार के जांच के शिविरों के सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के चेयरमैन संजीव ग्रोवर और उनकी समस्त टीम को बधाई प्रदान की। इस दौरान चेयरमैन संजीव ग्रोवर और सदस्य संयम ग्रोवर ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका ट्रस्ट उनकी स्वर्गीय बहन डॉ. प्रगति ग्रोवर की स्मृति में बनाया गया है।

### सेक्टर-126 निज्जर रोड की दयनीय हालत पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** निज्जर रोड सेक्टर 126 खरड़, मोहाली की हालत इस समय बहुत खराब है स्टोर्म लाइन डालने के बाद और इसकी हालत और भी खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हैं जिन पर वाहन चलाने पर दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। बरसात में यह रोड पानी के ठहराव के कारण और भी खराब हो जाती है। आने वाली बरसात में इस रोड से निकलना और भी मुश्किल हो जाएगा। यहां पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष नरेंद्र जैतक, पुनीत महाजन और प्रधान सुनीता ठाकुर ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इसको बरसात से पहले पहले ठीक कराया जाए, ताकि कोई हादसा न हो।

### पलवल में टोल प्लाजा कर्मचारियों से मारपीट

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिले में टोल प्लाजा ड्यूटी पर जा रहे तीन कर्मचारियों पर रविवार को अज्ञात बाइक सवारों ने डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना एनएच-19 स्थित छज्जूनगर टोल प्लाजा की है। टोल प्लाजा के को-ऑर्डिनेटर बालकृष्ण प्रधान ने रविवार को पुलिस को बताया कि वह अपने साथी शुभम और ड्राइवर संदीप के साथ इंडिगो गाड़ी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जब वे कुसलीपुर गांव के पास पहुंचे, तो तीन बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सीएम फ्लाइंग ने सिरसा में फर्टिलाइजर फैक्टरी में मारा छापा

## फैक्टरी में मिले कई एक्सपायरी प्रोडक्ट, सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

**अनंत ज्ञान, सिरसा**

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने रविवार दोपहर गांव खैरका के पास खेत में संचालित एक बायोफर्टिलाइजर फैक्टरी पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान फैक्टरी में महिलाओं सहित कर्मचारी बायोफर्टिलाइजर की पैकिंग करते पाए गए तथा फैक्टरी में कई एक्सपायरी प्रोडक्ट भी मिले और अनियमितताएं मिली। पैकिंग के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बैग हरिद्वार की हेमकुंथ नामक कंपनी के थे।

इस दौरान सीएम फ्लाइंग के साथ कृषि विभाग के उप निदेशक सुखदेव सिंह कंबोज व उनकी टीम भी मौजूद रही। सीएम फ्लाइंग टीम ने फर्टिलाइजर के सैंपल भरे हैं, जिनको जांच के लिए भेज दिया गया है। इससे पहले भी फैक्टरी से लिया गया एक सैंपल फेल आ चुका है। इस कारण दोबारा छापेमारी हुई है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने इंस्पेक्टर राजेश के नेतृत्व में सिरसा के गांव खैरका स्थित लिबान फर्टिलाइजर फैक्टरी रेड की गई। राजेश ने बताया कि फैक्टरी में कई एक्सपायरी डेट के



फैक्टरी से लिए गए सैंपल।

फर्टिलाइजर प्रोडक्ट मिले हैं, जिसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। यहां फैक्टरी बायो और केमिकल फर्टिलाइजर भी है।

बायो फर्टिलाइजर, जो एक्सपायरी मिले हैं, जिन्हें हमनें सीज कर लिया है। जो सही है, उसकी सैंपल लिए। जांच रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बायो फर्टिलाइजर, जो एक्सपायरी मिले हैं, जिन्हें हमनें सीज कर लिया है। जो सही है, उसकी सैंपल लिए। नकली खाद के इस रैकेट से किसानों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए प्रशासन की यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि जो प्रोडक्ट है, अर्थोराइज्ड है, जो अनथॉराइज्ड है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फैक्टरी में कुछ फर्टिलाइजर की ऐसी छोटी बोतलें या शीशी मिली है, जिन पर कोई मार्का या लेबल नहीं लगा था। उनका नमूना नहीं लिया, वह जांच का विषय है।

अनियमितताएं मिलने पर नोटिस दिया जाएगा। माइक्रो राज नाम से 20 से 25 बाल्टी फर्टिलाइजर की मिली है, जिनकी एक्सपायर डेट थी मार्च 2025। बाकी की जांच करवाई जाएगी। पहले भी सीएम फ्लाइंग टीम ने इस फैक्टरी से दो सैंपल लिए थे, जिनमें से एक सैंपल मिस ब्रांडेड आया था।

वहीं, फैक्टरी संचालक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि जो सरकार ने लाइसेंस दे रखा है, वो ही प्रोडेक्ट बना रहे हैं। जो डिस्ट्रीब्यूटर की मांग आती है, उसी अनुसार बनाते हैं। खुद फर्टिलाइजर बनाकर पैकिंग कर बेच रहे हैं।

# एलन ने मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार से किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



एलन करियर इंस्टीट्यूट चंडीगढ़ ने जेईई (एडवांस्ड), नीट (यूजी) 2025 परीक्षाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड क्वालीफायर में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए एक भव्य विजय समारोह का आयोजन किया।

इस समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान और एक भावपूर्ण गणेश वंदना हुई। इस कार्यक्रम में 167 से अधिक जेईई एडवांस्ड क्वालीफायर, 83 से अधिक नीट (यूजी) क्वालीफायर, 10 अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड क्वालीफायर को उनके गौरवान्वित माता-पिता के साथ 26.5 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जेईई (एडवांस्ड) 2025 में एआईआर 45 हासिल करने पर रमित गोयल को 2 लाख और एआईआर 500 से नीचे रैंक हासिल करने वाले अन्य सभी छात्रों को 21,000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नीट (यूजी) 2025 में एआईआर-7 हासिल करने पर केशव मित्तल को 5 लाख, एआईआर 51 हासिल करने वाली तिशा जैन को एक लाख रुपए, एआईआर 97 हासिल करने वाले रूपेश गर्ग को एक लाख रुपए और एआईआर 500 से नीचे रैंक हासिल करने वाले अन्य सभी नीट (यूजी) छात्रों को 21,000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।

एलन चंडीगढ़ के सेंटर हेड सदानंद वानी ने कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को उनकी प्रतिबद्धता और सहयोग के लिए बधाई दी, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे उनके सामूहिक प्रयासों ने क्षेत्र और राष्ट्र के अग्रणी शैक्षणिक केंद्रों में से एक के रूप में एलन चंडीगढ़ की प्रतिष्ठा को बनाए रखा हुआ है।

# आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन ने बैंक के निजीकरण पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



दी यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एंप्लाइज के अधीन ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आईडीबीआई बैंक के प्रस्तावित निजीकरण पर गहरी नाराजगी जताई है। रविवार को सेक्टर 43 के निजी होटल में आयोजित एक बैठक में 'राष्ट्रीय संपत्ति की बिक्री' के विरोध में आंदोलनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरव कुमार ने महासचिव विट्ठल कोटेश्वर राव और वरिष्ठ सदस्यों करमिंदर सिंह, दीपक बत्रा और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में की।

एसोसिएशन ने 19 मई को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यूएई आधारित संस्था नेशनल बैंक ऑफ दुबई पीजेएससी को भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक (हॉली ओंड सब्सिडरी) कंपनी स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। यह बैंक आईडीबीआई बैंक में अधिकांश हिस्सेदारी अधिग्रहण करने की रुचि जता चुका है।

आईडीबीआई बैंक भारत के इतिहास का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जिसे निजीकरण की प्रक्रिया में डाला गया है। एसोसिएशन ने सवाल उठाया कि जब बैंक मुनाफे में है और वित्तीय रूप से सशक्त बन चुका है, तब उसे निजीकरण की राह पर क्यों डाला जा रहा है। उन्होंने सरकार से इस विनिवेश योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की।

### पानीपत: आपस में शादी के लिए घर से भागी दो नाबालिग लड़कियां

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत की रहने वाली दो नाबालिग लड़कियां आपस में शादी करने की मंशा से घर से भाग गई। दोनों लड़कियां जिस युवती के साथ घर से भागी उसका पंचकूला में किसी ने गला रेत दिया। पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़कियों को पंचकूला से पानीपत पहुंचाया। जहां रविवार को जिला प्रशासन की तरफ से दोनों लड़कियों की काउंसलिंग करवाई गई, लेकिन वह अभी भी शादी के लिए अड़ी हुई हैं। पानीपत में इससे पहले भी दो लड़कियों द्वारा शादी किए जाने का मामला सामने आया था।

नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने युवती से मिलकर उसकी काउंसलिंग की। युवती ने सविता को बताया कि उसने नाबालिग रहते हुए लव मैरिज की थी। हालांकि, शादी के बाद घर में झगड़े होने लगे थे, इसलिए वह पति से अलग रहने लगी और काम करने लगी। उसके साथ ही पड़ोस की एक 15 वर्षीय लड़की भी काम करती थी। उस लड़की ने युवती को बताया था कि वह एक लड़की से प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है। नहीं तो उसके घर वाले उसकी शादी करा देंगे।

# 'इम्पैक्ट-3080' सम्मेलन में रोटरैक्ट युवाओं ने दिखाई सामाजिक सेवा की मिसाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेवा और युवा नेतृत्व का भव्य उत्सव, रोटरैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3080 का वार्षिक जिला सम्मेलन 'इम्पैक्ट 3080' आज सेंटर फॉर रिसर्च इन रूरल एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट), सेक्टर 19-ए, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और चंडीगढ़ के विभिन्न रोटरैक्ट क्लबों के 150 से अधिक प्रेसिडेंट्स और सेक्रेटरीज ने भाग लिया और अपने क्लबों द्वारा वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों की प्रस्तुतियां दीं।

रक्तदान शिविरों में 1800 से अधिक यूनिट ब्लड का संग्रह, 2 लाख से अधिक सेनेटरी पैड्स का वितरण और स्वच्छता, स्वास्थ्य व सतत विकास पर जागरूकता अभियान ये सभी कार्य दर्शाते हैं कि किस प्रकार संगठित युवा शक्ति समाज में ठोस परिवर्तन ला सकती है। डिस्ट्रिक्ट रोटरैक्ट रिप्रेजेंटेटिव रोटरैक्टर शशांक कौशिक ने कहा कि आज के युवा असाधारण कार्य कर रहे हैं। रोटरैक्ट के माध्यम से उन्हें नेतृत्व, सहानुभूति और कर्म की शक्ति का अनुभव हो रहा है। डायरेक्टर बिंदु दुग्गल ने युवाओं के जमीनी स्तर पर जुड़ाव की सराहना करते हुए कहा कि रोटरैक्टर्स यह सिद्ध कर रहे हैं कि युवा केवल दर्शक नहीं, बल्कि सामाजिक समस्याओं के समाधानकर्ता हैं। रोटेरियन एसपी ओझा, जिन्होंने 2 लाख से अधिक सेनेटरी पैड्स दान कर हाइजीन अभियान में युवाओं का साथ दिया, ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी स्वास्थ्य एक उपेक्षित विषय है। इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरैक्ट क्लब चंडीगढ़ हिमालयन द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्ष रोटरैक्टर व्यक्तया कटोच और महासचिव रोटरैक्टर इशनीत कौर थीं।

### एयर इंडिया को लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी



**एजेंसी, मुंबई।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे शनिवार को एयर इंडिया ने डीजीसीए के आदेश पर 3 अफसरों को हटाया था। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। (अनंत ज्ञान)

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक और आरोपी काबू

**एजेंसी, इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में जुटी मेघालय की एसआईटी ने इंदौर में एक प्रॉपर्टी डीलर को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए प्रॉपर्टी डीलर शिलोम जेम्स ने ही इस हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी विशाल चौहान को किराए पर फ्लैट दिलवाया था और इस फ्लैट में सोनम हत्या करने के बाद से रह रही थी। जानकारी के अनुसार, सोनम के जाने के बाद फ्लैट से सामान गायब होने के सिलसिले में उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्र के अनुसार सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जेम्स ने सोनम और अन्य लोगों की गिरफ्तारी के बाद फ्लैट में रखे सोनम के बैग को गायब कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में कैब में महिला पायलट का यौन शोषण

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कैब ड्राइवर समेत तीन पर एक महिला पायलट के यौन शोषण के आरोप में मामला दर्ज किया है। घटना शुक्रवार (19 जून) रात करीब 11:15 बजे की है, जब महिला पायलट सतारा मुंबई से अपने घर घाटकोपर जा रही थी। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। महिला ने बताया कि उसका पति नौसेना में अधिकारी है, लेकिन उन्हें अब तक सरकारी आवास नहीं मिला है। इस वजह से पति नौसेना के आवासीय परिसर में रहता है, जबकि वह घाटकोपर में रहती है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 75(1), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में नौका पलटने से 7 पर्यटकों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार एक नौका पलटने से सात पर्यटकों की मौत हो गई। घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले के शाही बाग इलाके की है। हादसे के समय नौका में 10 लोग सवार थे, लेकिन बीच पानी में नौका पलट गई, जिससे सात लोग डूब गए। तीन को बचा लिया गया। अब तक चार शव बरामद हो चुके हैं और तीन की तलाश की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# ओवैसी ने ट्रंप को नोबेल प्राइज देने की सिफारिश के लिए पाक को लताड़ा

**एजेंसी, हैदराबाद**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमलों को लेकर डोनाल्ड ट्रंप और उन्हें नोबल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाले पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने इसराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिका की एंट्री पर कहा कि क्या इसीलिए पाकिस्तान ने ट्रंप को शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की थी।



क्या इसीलिए पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ लंच किया था? आज वे सभी बेनकाब हो गए हैं।

### ईरान पर अमेरिका का हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

**ईरान** पर अमेरिकी हमलों पर एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है। ऐसा करके मुझे यकीन है कि आने वाले पांच साल में ईरान एक परमाणु राज्य बन जाएगा। हमले से पहले ईरान ने अपने भंडार को स्थानांतरित कर दिया होगा। यह एक निवारक नहीं होगा। अब कई अरब देश सोचेंगे कि उन्हें परमाणु क्षमता की जरूरत है।'

वहीं, ईरान पर अमेरिकी हमलों और इसराइल अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने राष्ट्रपति ट्रंप के लिए वोट दिया, लेकिन नेतन्याहू को अपना बॉस बना लिया। (अनंत ज्ञान)

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट तकनीकी खराबी से फ्लाइट की कैंसिल

**एजेंसी, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रविवार को तकनीकी खराबी आने से एक फ्लाइट को अचानक कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट के रनवे पर जाकर टेकऑफ करने से ठीक पहले ही पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। जिस कारण फ्लाइट को वहीं रोक दिया गया। शुरुआती जांच में तकनीकी खामी की पुष्टि होने के बाद फ्लाइट को कैंसिल करने का फैसला किया गया। जिस समय यह निर्णय लिया गया, उस वक्त फ्लाइट में करीब 177 लोग सवार थे। सभी को फ्लाइट से उतार दिया गया। यह फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की थी, जो चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए उड़ान भरने को तैयार थी, लेकिन खामी के कारण इसे रोक दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# बिहार चुनाव से पहले होगी मतदाता लिस्ट की जांच !

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन करने की योजना पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)





**निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन की योजना पर कर रहा विचार**

### वोटर लिस्टों को लेकर चुनाव आयोग पर उठते हैं सवाल

**हाल** के वर्षों में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने या गलत तरीके से जोड़े जाने को लेकर कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस समेत कई दलों ने आरोप लगाया है कि आयोग वोटर लिस्ट में हेरफेर कर सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचा रहा है। वहीं, तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से लगाए जा रहे आरोपों पर चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी प्रक्रिया एक तय प्रोटोकॉल और सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में पारदर्शी ढंग से करते हैं। इसके बावजूद आयोग पर मनमाने ढंग से आंकड़े बढ़ाने के आरोप लगाए जाते हैं, जो निराधार हैं।

# क्रिप्टो बिजनेस करेंगे पाक आर्मी चीफ मुनीर

**एजेंसी, इस्लामाबाद/वॉशिंगटन**

पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कुनबे का क्रिप्टो कारोबार अब आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। वाइट हाउस में हाल में ट्रंप द्वारा मुनीर को डिनर डिप्लोमेसी के तहत न्योते में क्रिप्टो डील को फाइनल करना था। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17,000 करोड़ रुपए के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रंप परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है। पाक सरकार ने क्रिप्टो बिजनेस के अनुकूल नीतियों में



**ट्रंप परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार**

बदलाव भी शुरू कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार ट्रंप परिवार अगले दो साल में पाक में क्रिप्टो बिजनेस को दोगुना कर 34 हजार करोड़ रुपए करने की तैयारी में है। (अनंत ज्ञान)

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई न करना सरकार की दोहरी नीति

**एजेंसी, मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि राज्य की यह दोहरी नीति स्वीकार नहीं की जा सकती, जिसमें अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई नहीं की जाती, बल्कि उन्हें सुरक्षा भी दी जाती है।

कोर्ट ने पालघर जिले में बने एक अवैध ढांचे को तोड़ने का आदेश दिया है। मामले में न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता की पीठ ने कहा कि कानून के रखवालों की निष्क्रियता की वजह से अवैध निर्माण होते हैं, जिससे समाज में असंतोष और अशांति फैलती है। कोर्ट ने अपने 17 जून के आदेश में कहा, 'हम देख रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन, नगर पालिकाओं और अन्य संबंधित अधिकारी सिर्फ नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं। उसके बाद न तो ढांचे तोड़े जाते हैं और न ही दोषियों पर केस दर्ज होता है।' (अनंत ज्ञान)





# ईरान से 290 और नागरिक भारत पहुंचे

## ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 1,117 भारतीय स्वदेश लौटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान-इसराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार को देर रात 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था। वहीं, 20 जून को रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे थे। रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों को वापस हुई थी।

इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। बता दें कि 19 जून को



ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से सुरक्षित भारत पहुंचाए गए लोग।

110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन को चूमा। (अनंत ज्ञान)

**नुकसान** झारखंड के चांडिल डैम से अचानक छोड़े गए पानी से 50,000 से ज्यादा लोग प्रभावित

# ओडिशा में बाढ़ का कहर, बालासोर जिले में 50 गांव डूबे

**एजेंसी, बालासोर**

ओडिशा के बालासोर जिले में आई बाढ़ से हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। झारखंड के चांडिल डैम से अचानक छोड़े गए पानी के बाद बालासोर के चार ब्लॉकों बालियापाल, भोगराई, बस्ता और जलेश्वर में जलभराव हो गया है। अब तक 50 से ज्यादा गांव पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं और 50,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। शनिवार को बाढ़ के पानी में बहने से एक युवक लापता हो गया है, जिसकी तलाश के लिए रेस्क्यू की टीमें अभियान चला रही हैं।

सुवर्णरेखा नदी के जलस्तर में रविवार को थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे हालात में सुधार की



ओडिशा के बालासोर जिले में आई बाढ़ में डूबा एक गांव।

उम्मीद की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह 10 बजे राजघाट पर नदी का जलस्तर 9.94 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 10.36 मीटर से थोड़ा नीचे है। हालांकि शनिवार को नदी का जलस्तर 11 मीटर से भी ऊपर पहुंच गया था, जिसने कई गांवों को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। खेतों में पानी घुस गया है और सड़कों का संपर्क टूट चुका है। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान में कई नदियां उफान पर

**जयपुर।** राजस्थान में तेज बारिश का दौर जारी है। प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। इस वजह से सिरोही जिले में दिल्ली-गुजरात नेशनल हाईवे पर पानी भर गया। वहीं, जोधपुर में पुलिया पर पानी के बीच से निकल रही कार नाले में गिर गई। पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के चित्रकूट जिले में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए। गुप्त गोदावरी पहाड़ी पर पानी का बहाव तेज होने से श्रद्धालुओं की एंट्री रोक दी गई है। गुना जिले के फतेहगढ़ में कोहन नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली बहने से तीन युवकों की मौत हो गई। उधर, गुजरात के उत्तरी इलाकों में भी भारी बारिश हो रही है। बनासकांठा जिले के अमीरगढ़ में रविवार सुबह दो घंटे में 101.6 मीमी (4 इंच) बारिश होने से बाढ़ जैसे हालात बन गए। यहां की स्थानीय नदी कालेडी उफान पर है। इससे आसपास के खेतों में घुटने तक पानी भर गया है। मौसम विभाग के अनुसार, जब 24 घंटे में 65.4 मीमी से ज्यादा बारिश होती है, तो उसे भारी बारिश और इससे ऊपर जाने पर बहुत भारी बारिश की कैटेगरी में रखा जाता है।

**जोधपुर में पुलिया गिरने से पानी में बहे तीन लोगों की मौत**

## स्पोर्ट्स विंडो

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में किया कट हासिल

**एजेंसी, बेरोन (चेक गणराज्य)।** भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर-64



का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताषी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में छह भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

**एजेंसी, माहे (सेशेल्स)।** भारत के छह मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बना ली है। कजाखस्तान में एलोरडा कप में खेल चुके उत्तर प्रदेश के



आदित्य प्रताप (65 किलो) ने तीसरे दौर में स्थानीय मुक्केबाज जोवानी बूजिन को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) पर हराया। राष्ट्रीय संयुक्त फाइनल्स में रजत पदक विजेता नीरज (75 किलो) ने आरएससी पर दूसरे दौर में जीत दर्ज की। बेलग्रेड मुक्केबाजी चैंपियन रहे और एलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हरियाणा के हिमांशु शर्मा (50 किलो) ने मॉरीशस के मथियू एस को 4-1 से हराया। उत्तर प्रदेश के आशीष एम ने 55 किलो वर्ग में मॉरीशस के गुइलॉमी फ्रांसिस को 4-1 से मात दी। राष्ट्रीय संयुक्त चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता हरियाणा के अनमोल (60 किलो) ने सेशेल्स के डारियो गैब्रियेल को 4-1 से हराया। कार्तिक दलाल (70 किलो) को दक्षिण अफ्रीका के ब्लेसिंग एनजियाना ने 4-1 से शिकस्त दी। एलोरडा कप 2024 के कांस्य पदक विजेता और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीत चुके गौरव चौहान को 90 प्लस वर्ग में सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है।

### एलिस केप्सी का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एलिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।





## लीड्स टेस्ट: तीसरा दिन बुमराह और प्रसिद्ध ने 3-3 और सिराज ने लिए 2 विकेट

# इंग्लैंड 400 पार, ब्रूक 99 पर आउट

**एजेंसी, लीड्स**

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला टेस्ट भारत-इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। रविवार को मैच का तीसरा दिन है और दूसरा सेशन जारी है हैरी ब्रूक 99, जैमी स्मिथ 40 रन और ओली पोप 106 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को प्रसिद्ध कृष्णा ने पवेलियन भेजा। बेन स्टोक्स (20 रन) को मोहम्मद सिराज का शिकार बने। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (62 रन) को बोल्ड और जैक क्रॉली (4 रन) और जो रूट (28 रन) के विकेट लिए।



ब्रूक का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते प्रसिद्ध कृष्णा।

रविवार सुबह इंग्लैंड ने 209/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। ओली पोप ने 100 और हैरी ब्रूक ने शून्य से खेला शुरू किया। भारतीय टीम पहली पारी में 471 रन बनाकर ऑलआउट हुई। 88वें ओवर की तीसरी बॉल पर हैरी ब्रूक आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा में लेग स्टंप पर शॉर्ट बॉल डाली, ब्रूक ने हुक शॉट खेला, लेकिन बॉल सीधा शार्दूल ठाकुर के हाथों में चली गई।

85वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की आखिरी बॉल पर हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। यशस्वी जायसवाल से उनका कैच ड्रॉप हो गया। इस मैच में जायसवाल ने बुमराह की बॉल पर तीसरा कैच छोड़ा है। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में 8 विकेट पर 453 रन बना लिए थे। क्रिस वोक्स (38) और ब्रायडन कार्स (22) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)





### भारत-इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने डेविड लॉरेंस के सम्मान में बांधी काली पट्टी

**एजेंसी, लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस के सम्मान में रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन काली पट्टियां बांधी। लॉरेंस का रविवार को 61 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। लॉरेंस ने 1988 से 1992 के बीच इंग्लैंड के लिए पांच टेस्ट (18 विकेट) और एक वनडे (चार विकेट) खेला। लॉरेंस को सिड उपनाम से जाना जाता था। लॉरेंस इंग्लैंड की तरफ से खेलने वाले ब्रिटिश मूल के पहले अश्वेत क्रिकेटर थे। वह पिछले साल से मोटर न्यूरॉन बीमारी (एमएनडी) से जूझ रहे थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, ''दोनों टीमों के खिलाड़ी इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड 'सिड' लॉरेंस को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए काली पट्टी बांधकर खेल रहे हैं।''

## भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर: रिपोर्ट

**एजेंसी, लंदन**



चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं, क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिए काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, ''जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि, उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं।'' इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था,''कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी। उम्मीद है कि वह टेस्ट क्रिकेट में चयन के लिए उपलब्ध होगा।''

## बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज: बेन डकेट

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। डकेट ने कहा कि बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, ''बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है।



बोले-उनका सामना करना बहुत मुश्किल

पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा,''पोप मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था, लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा।''

डकेट ने कहा,''इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं और यह सिर्फ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। उन्होंने कहा कि यह बात बिलकुल स्पष्ट लग रही थी कि अगर कोई खिलाड़ी कुछ सप्ताह पहले 171 रन बनाता है तो वह इस मैच में खेलेगा। पोप ने यह साबित कर दिया है कि वह इंग्लैंड टीम में तीसरे नंबर पर क्यों उतरता है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर-23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की अंडर-23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला।

इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिए भारतीय टीम दो मैत्री



मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है। पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3-2 से हराया।

मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला टीम की नजरें एशियाई कप क्वालीफायर्स पर

**एजेंसी, चियांग माई (थाईलैंड)**

कोरोना महामारी के कारण पिछले एएफसी महिला एशियाई कप में अभियान पटरी से उतरने के तीन साल बाद भारतीय टीम सोमवार से शुरू हो रहे क्वालीफायर्स में नए सिरे से शुरुआत करने उतरेगी, जिसमें पहला मुकाबला मंगोलिया से होना है। एएफसी महिला एशियाई कप अगले साल आस्ट्रेलिया में खेला जाएगा।

पिछले कुछ दशक में इस टूर्नामेंट में किस्मत ने भारत का साथ नहीं दिया है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में जगह बनाई थी। इसके बाद जब 2022 में भारत





की मेजबानी में टूर्नामेंट हुआ तो टीम में कोरोना संक्रमण फैल गया और पहले मैच से पूर्व ही भारत को नाम वापस लेना पड़ा। भारत एशियाई महिला चैंपियनशिप में तीन बार पोडियम पर रह चुका है। वह 1980 और 1983 में उपविजेता रहा और 1981 में तीसरे स्थान पर रहा है, लेकिन पिछले चार दशक से अधिक समय में झोली खाली ही रही है। मंगोलिया के खिलाफ पहले मैच के बाद 71वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम तिमोन लेस्टे (158वीं रैंक) से 29 जून को, ईराक (173) से दो जुलाई और मेजबान थाईलैंड (46) से पांच जुलाई को खेलेगी।

ग्रुप की विजेता टीम को मार्च 2026 में आस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह मिलेगी। वह भी फीफा महिला विश्व कप 2027 का क्वालीफायर टूर्नामेंट होगा। (अनंत ज्ञान)

## शास्त्री बोले-आंकड़ों के खेल में माहिर है पंत

**एजेंसी, लीड्स**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऋषभ पंत के साहसिक और मनोरंजक प्रदर्शन के बाद कहा कि यह आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़ों का खेल खूबसूरती से खेलता है और उसके पास अपना कंप्यूटर है जिसे चलाने का तरीका सिर्फ उसे ही पता है।



पंत ने दूसरे दिन अपनी अपारंपरिक बल्लेबाजी से हेडिंग्ले के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए मात्र 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन की साहसिक पारी खेली। पैडल स्वीप, शतक के बाद की कलाबाजी, पंत की यादगार पारी में कलात्मकता और पागलपन दोनों ही समान रूप से देखने को मिले।

शास्त्री ने कहा,''पंत आंकड़ों के खेल को खूबसूरती से खेलता है । वह अपने तरीके से खेलता है। वह तेजी से अपने खेल में बदलाव लाने में माहिर है।'' उन्होंने कहा,''उसका अपना कंप्यूटर है और उसे ही पता है कि वह कैसे काम करता है। यह उसका यूएसपी है। इससे गेंदबाज दबाव में आते हैं और वह सुपरहिट हो जाता है। असली मनोरंजन करने वाला और मैच विनर।'' तीन साल पहले भयानक कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने मैदान पर सफल वापसी की।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जमाने के बाद मैदान पर गुलाटी मारने वाले पंत के जश्न के बारे में शास्त्री ने कहा,''इसका एक कारण है। वह इस मौके के लिये ऊपर वाले को धन्यवाद दे रहा था।'' उन्होंने कहा,''उस हादसे से उबरकर वापसी करने का इससे गहरा ताल्लुक है। जब मैने उसे अस्पताल में देखा था तो बहुत अच्छी हालत में वह नहीं था। घुटने टूटे हुए, हर तरफ चोट ही चोट।'' सर्रे के पूर्व क्रिकेटर इयान वार्ड ने कमेंट्री के दौरान कहा,''यह (पंत) बाक्स आफिस है। सबसे मनोरंजक क्रिकेटरों में से एक। यह शतक के बेहतरीन जश्न में से है।''

आस्ट्रेलिया में सीरीज में मिली हार के दौरान खराब स्कूप शॉट पर विकेट गंवाने वाले पंत के बारे में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा था,''स्टुपिड, स्टुपिड, स्टुपिड।'' लेकिन शनिवार को उन्होंने पंत के शतक के बाद कहा,''सुपर्ब, सुपर्ब, सुपर्ब।'' (अनंत ज्ञान)

### अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

**इंग्लैंड** के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए जो उनका सातवां टेस्ट शतक है। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा,''इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें, वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है।'' उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा,''अगर मैंने भी कोशिश की होती तो शायद सीधे पूल में जाता।''

## कनाडा ने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, ओंटारियो**



कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था।

20 टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा,''सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी, जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर (पांच से 11 जुलाई), दो अफ्रीकी क्वालीफायर (19 सितंबर से 4 अक्तूबर) और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर (एक से 17 अक्तूबर) से आएंगी।'' कनाडा ने यहां खेले गए क्वालीफायर में 57 रन का लक्ष्य छह ओवरों में हासिल कर लिया। पहले गेंदबाजी करते हुए कनाडा ने स्पिनर कलीम सना और शिवम शर्माके 3-3 विकेट की मदद से बहामास को 19.5 ओवर में आउट कर दिया। इसके बाद दिलप्रीत बाजवा के नाबाद 36 रन की बदौलत लक्ष्य 5.3 ओवर में हासिल कर लिया।

## पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से किया इनकार, बोले-

# भारतीय टीम का कोच बनने से कोई ऐतराज नहीं

**एजेंसी, कोलकाता**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इनकार किया, लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें ऐतराज नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे। क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा,''मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं।'' उन्होंने कहा,''मैंने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया।'' उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा,''देखते हैं कि आगे क्या होता है। मैं 50 (53) साल का ही हूं। देखते हैं कि क्या होता है। मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं।'' यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा,''मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है।'' अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाए तो ? इस पर भी उन्होंने कहा,''मेरी कोई रुचि नहीं है।'' गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए



कहा कि दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा,''गौतम अच्छा कर रहा है। शुरुआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज बहुत महत्वपूर्ण होगी।'' गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की।

उन्होंने कहा,''इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है। मैंने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा, क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया।'' गांगुली ने कहा,''वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है। वह अपने विचार खुलकर रखता है। टीम के बारे में, खिलाड़ियों, लोगों और सबके बारे में। बाहर से आप कह सकते हैं कि वह काफी पारदर्शी इंसान है।'' उन्होंने अपने खेलने के दिनों को याद करते हुए कहा कि गंभीर हमेशा सीनियर्स का काफी सम्मान करता था। उन्होंने कहा ,''मैने उसके साथ खेला है। उसने हमेशा मुझे और सीनियर खिलाड़ियों को काफी सम्मान दिया। अभी भी अपने काम को लेकर उसके भीतर काफी जुनून है।'' उन्होंने कहा,''मैं उसे शुभकामना देता हूं। अभी उसे कोच बने एक ही साल हुआ है। इंग्लैंड का दौरा अहम होगा।'' (अनंत ज्ञान)

### विराट-रोहित के लिए 2027 विश्व कप खेलना आसान नहीं

**सौरव** गांगुली ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए 2027 तक फिट रहकर भारत की वनडे विश्व कप टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। गांगुली ने कहा,''हम सभी को समझना होगा कि हर किसी की तरह एक दिन खेल उनसे दूर हो जाएगा और वह खेल से दूर हो जाएंगे।'' अगला वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 में होगा, तब कोहली 38 और रोहित 40 साल के हो जाएंगे। कोहली और रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने के बाद वनडे विश्व कप खेलने की इच्छा जताई थी।

### सौरव गांगुली ने किया खुलासा

**सौरव** गांगुली ने इंटरव्यू में बताया, 'ऐसा कई बार हुआ है, जब हमने अपने खिलाड़ियों को आराम दिया है और वो इस फैसले से नाखुश रहे हैं। लक्ष्मण वर्ल्ड कप की टीम से बाहर हो गए थे और उन्होंने मुझसे 3 महीने तक बात नहीं की थी। इसके बाद मैंने उनसे खुद बातचीत की। कोई भी खिलाड़ी तब बहुत ही दुखी होगा जब उसे वर्ल्ड कप की टीम में शामिल नहीं किया जाएगा, खासतौर पर तब जब आप लक्ष्मण हो। वर्ल्ड कप के खत्म होने के बाद वो इस बात से काफी खुश थे कि हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया।'